रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
सी ई एन - ०१/२०२४ - CEN - 01/2024
सहायक लोको पायलट की भर्ती / Recruitment of Assistant Loco Pilot

RRB ALP 2024 CBT 2

Assistant Loco Pilot · CEN 01/2024 · CBT 2 · Part B of every trade · Question Paper

Hindi

All 46 Shifts (Sets) · Official Answer Key

About this Compilation

This booklet contains all **46 shift papers** of the **RRB ALP 2024 CBT 2 Part B (all trades)** examination in **Hindi**, with the correct option marked as per the official answer key.

✓ Correct option (highlighted green)

138 of these 3390 questions are shown in English. Our saved Hindi papers do not carry them in Hindi, so the official English version of the same question is printed instead and marked with a ENGLISH chip. Nothing here is machine translated.

Not in this Hindi book: Refrigeration & AC Mechanic · 06 May 2025, 2:30 PM - 5:00 PM. Too few of its questions are saved in Hindi; it is in the English and Hindi books of this series.

15 questions of 02 May 2025, 9:30 AM - 12:00 PM are not in our bank in any language (not saved from any response sheet), so this paper prints 60 of 75 questions.

15 questions of 06 May 2025, 2:30 PM - 5:00 PM are not in our bank in any language (not saved from any response sheet), so this paper prints 60 of 75 questions.

15 questions of 02 May 2025, 2:30 PM - 5:00 PM are not in our bank in any language (not saved from any response sheet), so this paper prints 60 of 75 questions.

15 questions of 06 May 2025, 9:30 AM - 12:00 PM are not in our bank in any language (not saved from any response sheet), so this paper prints 60 of 75 questions.

How to use

- Use the **Index** page to jump directly to any set (clickable).
- Questions appear section by section in the order of the paper, numbered 1 onward.
- Diagram and wide-table questions appear at full width at the end of their section.
- The correct answer is highlighted in green with a tick.

More from QMaths

Check your marks, normalized score and zone-wise rank free at **rank.qmaths.in**. Master English vocabulary with the **Blackbook** app.



Toppers' Choice, Blackbook of English Vocabulary, Now available in App format : DOWNLOAD NOW

Index — All Sets (click to open)

- Set 1 — Electrician · 02 May 2025 · 9:30 AM - 12:00 PM
- Set 2 — Electrician · 02 May 2025 · 2:30 PM - 5:00 PM
- Set 3 — Electrician · 06 May 2025 · 9:30 AM - 12:00 PM
- Set 4 — Electrician · 06 May 2025 · 2:30 PM - 5:00 PM
- Set 5 — Fitter · 02 May 2025 · 9:30 AM - 12:00 PM
- Set 6 — Fitter · 02 May 2025 · 2:30 PM - 5:00 PM
- Set 7 — Fitter · 06 May 2025 · 9:30 AM - 12:00 PM
- Set 8 — Fitter · 06 May 2025 · 2:30 PM - 5:00 PM
- Set 9 — Mechanic Diesel · 02 May 2025 · 9:30 AM - 12:00 PM
- Set 10 — Mechanic Diesel · 02 May 2025 · 2:30 PM - 5:00 PM
- Set 11 — Mechanic Diesel · 06 May 2025 · 9:30 AM - 12:00 PM
- Set 12 — Mechanic Diesel · 06 May 2025 · 2:30 PM - 5:00 PM
- Set 13 — Electronics Mechanic · 02 May 2025 · 9:30 AM - 12:00 PM
- Set 14 — Electronics Mechanic · 02 May 2025 · 2:30 PM - 5:00 PM
- Set 15 — Electronics Mechanic · 06 May 2025 · 9:30 AM - 12:00 PM
- Set 16 — Electronics Mechanic · 06 May 2025 · 2:30 PM - 5:00 PM
- Set 17 — Heat Engine · 02 May 2025 · 9:30 AM - 12:00 PM
- Set 18 — Heat Engine · 02 May 2025 · 2:30 PM - 5:00 PM
- Set 19 — Heat Engine · 06 May 2025 · 9:30 AM - 12:00 PM
- Set 20 — Heat Engine · 06 May 2025 · 2:30 PM - 5:00 PM
- Set 21 — Refrigeration & AC Mechanic · 02 May 2025 · 9:30 AM - 12:00 PM
- Set 22 — Refrigeration & AC Mechanic · 02 May 2025 · 2:30 PM - 5:00 PM
- Set 23 — Refrigeration & AC Mechanic · 06 May 2025 · 9:30 AM - 12:00 PM
- Set 24 — Mechanic Motor Vehicle · 02 May 2025 · 9:30 AM - 12:00 PM
- Set 25 — Mechanic Motor Vehicle · 02 May 2025 · 2:30 PM - 5:00 PM
- Set 26 — Mechanic Motor Vehicle · 06 May 2025 · 9:30 AM - 12:00 PM
- Set 27 — Mechanic Motor Vehicle · 06 May 2025 · 2:30 PM - 5:00 PM
- Set 28 — Machinist · 02 May 2025 · 9:30 AM - 12:00 PM
- Set 29 — Machinist · 02 May 2025 · 2:30 PM - 5:00 PM
- Set 30 — Machinist · 06 May 2025 · 9:30 AM - 12:00 PM
- Set 31 — Machinist · 06 May 2025 · 2:30 PM - 5:00 PM
- Set 32 — Turner · 02 May 2025 · 9:30 AM - 12:00 PM
- Set 33 — Turner · 02 May 2025 · 2:30 PM - 5:00 PM
- Set 34 — Turner · 06 May 2025 · 9:30 AM - 12:00 PM

Set 35 Turner · 06 May 2025
2:30 PM - 5:00 PM

Set 36 Mechanic Tractor · 02 May 2025
9:30 AM - 12:00 PM

Set 37 Mechanic Tractor · 06 May 2025
2:30 PM - 5:00 PM

Set 38 Wireman · 02 May 2025
9:30 AM - 12:00 PM

Set 39 Wireman · 06 May 2025
9:30 AM - 12:00 PM

Set 40 Mechanic Radio & TV · 02 May 2025
9:30 AM - 12:00 PM

Set 41 Mechanic Radio & TV · 06 May 2025
2:30 PM - 5:00 PM

Set 42 Armature & Coil Winder · 06 May 2025
2:30 PM - 5:00 PM

Set 43 Instrument Mechanic · 02 May 2025
2:30 PM - 5:00 PM

Set 44 Instrument Mechanic · 06 May 2025
9:30 AM - 12:00 PM

Set 45 Millwright Maintenance Mechanic · 02 May 2025
9:30 AM - 12:00 PM

Set 46 Millwright Maintenance Mechanic · 06 May 2025
2:30 PM - 5:00 PM

Part B 75 Questions • Answer Key

Q1 Part B

DC जनित्र अपरिवर्तित-चाल से चल रहा है। यदि लोड धारा बढ़ती है, तो टर्मिनल वोल्टेज पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

A. बढ़ता है
B. अपरिवर्तित रहता है
C. यादृक्षिक रूप से घटता-बढ़ता है
D. घटता है ✓

Q2 Part B

किसी मूल ड्राइंग के लिए शीट का आकार चुनते समय, मुख्य रूप से किस पर विचार किया जाना चाहिए?

A. आवश्यक स्पष्टता और रिज़ॉल्यूशन। ✓
B. ड्राइंग का अभिविन्यास (क्षैतिज या ऊर्ध्वाधर)।
C. पुनरुत्पादन का आकार।
D. ड्राइंग ऑफिस का मानक आकार।

Q3 Part B

UJT किस प्रकार की युक्ति है?

A. द्विध्रुवी संधि युक्ति
B. एकध्रुवी संधि युक्ति ✓
C. धातु-ऑक्साइड-अर्धचालक युक्ति
D. प्रकाशिक युक्ति

Q4 Part B

एक 20 kVA, 2500/250 V, 50 Hz, एक-कलीय ट्रांसफार्मर ने खुला परिपथ परीक्षण परिणाम (निम्न वोल्टेता पार्श्व पर) 250 V, 1.6 A और 100 W दिया; तो शून्य भार शक्ति गुणक कितना होगा?

A. 0.15
B. 0.1
C. 0.2
D. 0.25 ✓

Q5 Part B

संतुलित स्टार-संयोजित प्रणाली में, न्यूट्रल बिंदु _____।

A. ग्राउंड के संबंध में उच्च नियत वोल्टेज पर होता है
B. सदैव किसी भी फेज के बराबर वोल्टेज पर होता है
C. सभी फेजों के सापेक्ष शून्य विभव पर होता है ✓
D. संतुलित लोडिंग परिस्थितियों में भी धारा वहन करता है

Q6 Part B

जब एक प्रबल चुंबक को एक दुर्बल चुंबक के पास रखा जाता है, तो क्या होता है?

A. प्रबल चुंबक, दुर्बल चुंबक में चुंबकत्व प्रेरण करेगा। ✓
B. दुर्बल चुंबक, प्रबल चुंबक को प्रतिकर्षित करेगा।
C. दुर्बल चुंबक गायब हो जाएगा।
D. प्रबल चुंबक अपना चुंबकत्व खो देगा।

Q7 Part B

12 cm × 10 cm विमाओं वाली एक आयताकार शीट में से 3 cm त्रिज्या का एक वृत्तीय छिद्र काटा जाता है। शेष क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

(π = 3.14 लीजिए)

A. 100 cm^2
B. 91.74 cm^2 ✓
C. 95.86 cm^2
D. 75.74 cm^2

Q8 Part B

गैर-कार्यात्मक विमाएं (Non-functional dimensions) _____ होती हैं।

A. स्थान या घटक के कार्य के लिए आवश्यक
B. स्थान (space) या घटक (component) के कार्य के लिए आवश्यक नहीं ✓
C. सीधे ड्राइंग पर दिए गए मानों से व्युत्पन्न
D. ड्राइंग की संबंधित विशेषताओं के मानों से व्युत्पन्न

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 Part B

विद्युत प्रणाली में भू-संपर्कन के संदर्भ में, _____ का भू-प्रतिरोध पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है।

- A. मृदा प्रतिरोधकता ✓
- B. ग्राउंड पर लगाई गई वोल्टता
- C. भू-संपर्कन चालक की लंबाई
- D. भू-संपर्कित छड़ की सामग्री

Q10 Part B

प्रत्यावर्तित्र तुल्यकालिक चाल से _____ चाल पर चलते हैं।

- A. केवल कम
- B. बराबर ✓
- C. कम या अधिक
- D. केवल अधिक

Q11 Part B

घूर्णी आर्मेचर प्रकार के प्रत्यावर्तित्र में, _____ चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न किया जाता है।

- A. दिक्परिवर्तक द्वारा
- B. सर्पी वलयों और ब्रशों द्वारा
- C. रोटर पर सर्पी वलयों द्वारा
- D. स्टेटर पर रखे DC वैद्युतचुंबकों द्वारा ✓

Q12 Part B

वेग-समय ग्राफ में, ऋणात्मक प्रवणता _____ को निरूपित करती है।

- A. त्वरण
- B. दूरी
- C. विस्थापन
- D. मंदन ✓

Q13 Part B

स्टार-संयोजित लोड में लाइन वोल्टेज और फेज वोल्टेज के बीच फेज अंतर कितना होता है?

- A. 30° ✓
- B. 90°
- C. 120°
- D. 0°

Q14 Part B

3-फेज, संतुलित प्रणाली में, यदि लोड पूर्णतया प्रतिरोधी है, तो लाइन धारा, _____ ।

- A. लाइन वोल्टेज से 90° अग्रगामी होती है
- B. लाइन वोल्टेज से 90° पश्चगामी होती है
- C. लाइन वोल्टेज के साथ फेज में होती है ✓
- D. लाइन वोल्टेज से असंबंधित होती है

Q15 Part B

किसी परिपथ में तीन प्रतिरोधक हैं, जो 15 ओम, 10 ओम और 20 ओम के हैं। 10-ओम और 20-ओम के प्रतिरोधकों के समांतर क्रम संयोजन के साथ 15-ओम का प्रतिरोधक श्रेणीक्रम में है। यदि परिपथ में 24 V की बैटरी लगाई जाती है, तो परिपथ से प्रवाहित होने वाली कुल धारा ज्ञात कीजिए।

- A. 1.1 A ✓
- B. 2.1 A
- C. 0.1 A
- D. 3.1 A

Q16 Part B

DC जनित्र में अविच्छिन्नता परीक्षण का मुख्य उद्देश्य क्या है?

- A. खुली या टूटी हुई वाइंडिंग का पता लगाना ✓
- B. विद्युत रोधन प्रतिरोध का परीक्षण करना
- C. वोल्टता नियमन की जाँच करना
- D. धारा प्रवाह को मापना

Q17 Part B

220 V शंट जनित्र का क्षेत्र प्रतिरोध 110 Ω है। क्षेत्र धारा ज्ञात कीजिए।

- A. 5 A
- B. 20 A
- C. 10 A
- D. 2 A ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 Part B

इंजीनियरी ड्राइंग में पिन और क्लिप का उपयोग किस उद्देश्य के लिए किया जाता है?

- A. ड्राइंग शीट को ड्राइंग बोर्ड पर मजबूती से स्थिर रखना ताकि वह हिले-डुले नहीं ✓
- B. विमाओं को स्थानांतरित करना और रेखाओं को बराबर भागों में बांटना
- C. क्षैतिज रेखाएँ, समानांतर रेखाएँ खींचना और सेट स्क्वेयर का संचालन करना/पकड़ना
- D. ड्राइंग बनाने के लिए ड्राइंग पेपर/ट्रेसिंग पेपर को सपोर्ट देना

Q19 Part B

ट्रांसफार्मर विवृत परिपथ परीक्षण का उपयोग _____ को निर्धारित करने के लिए किया जाता है।

- A. क्रोड हानियाँ और शून्य लोड धारा (core losses and no load current) ✓
- B. अवांछित हानि (stray loss)
- C. वायुघर्षण हानि (windage loss)
- D. ताम्र हानि (copper loss)

Q20 Part B

निम्नलिखित में से किस प्रकार के प्लायर का उपयोग तारों में लूप का आकार देने और हल्की धातु की पट्टियों में वक्र बनाने के लिए किया जाता है?

- A. अंत कर्तन प्लायर (End cutting pliers)
- B. सर्पण जोड़ प्लायर (Slip-joint pliers)
- C. चपटे मुख वाला प्लायर (Flat nose pliers)
- D. गोलमुख प्लायर (Round nose pliers) ✓

Q21 Part B

3-फेज AC परिपथ, 100 Ω के स्टार संयोजित संतुलित लोड से जुड़ा है। यदि प्रत्येक फेज का फेज वोल्टेज 200 V है, तो प्रत्येक फेज में धारा ____ होगी।

- A. 0.5 A
- B. 1 A
- C. 2 A ✓
- D. 4 A

Q22 Part B

यदि कोई विद्युत प्रणाली उचित रूप से भू-सम्पर्कित नहीं है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य **नहीं** है?

- A. यह लोड पक्ष में क्षोभ से पृथक वोल्टेज नियत वोल्टेज आपूर्ति प्रदान करता है। ✓
- B. इससे विद्युत उपकरण क्षतिग्रस्त हो सकते हैं।
- C. इससे विद्युत धारा अनियंत्रित तरीके से प्रवाहित हो सकती है।
- D. इससे विद्युत आघात का जोखिम बढ़ सकता है।

Q23 Part B

ओममीटर का उपयोग करके किसी प्रतिरोधक का प्रतिरोध मापते समय शून्य प्रतिरोध का पाठ्यांक क्या दर्शाता है?

- A. प्रतिरोधक विवृत परिपथित है।
- B. प्रतिरोधक, लधु परिपथित है। ✓
- C. ओममीटर ख़राब है।
- D. प्रतिरोधक सामान्य रूप से कार्य कर रहा है।

Q24 Part B

विशिष्ट गुरुत्व का मात्रक क्या है?

- A. g/cm^3
- B. m/s^2
- C. kg/m^3
- D. कोई मात्रक नहीं है (विमाहीन) ✓

Q25 Part B

भारत में कार्यस्थल सुरक्षा विनियमों को लागू करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन उत्तरदायी है?

- A. पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (EPA)
- B. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)
- C. खाद्य एवं औषधि प्रशासन (FDA)
- D. महानिदेशालय, फैक्टरी सलाह सेवा और श्रम संस्थान (DGFASLI) ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q26 Part B

इलेक्ट्रॉनिक परिपथों में, अन्य प्रकार के ट्रांजिस्टरों की तुलना में MOSFETs के उपयोग का मुख्य लाभ क्या है?

A. BJT की तुलना में उच्च वोल्टता और धाराओं को संभालने की क्षमता।

B. AC और DC दोनों सिग्नल के प्रवर्धन की क्षमता।

C. उच्च आवृत्ति अनुक्रिया।

D. उच्च इनपुट प्रतिबाधा और निम्न शक्ति-उपभोग। ✓

Q27 Part B

जब कोई व्यक्ति विद्युत उपकरणों के संपर्क में आता है तो विद्युत अभिघात का मुख्य कारण क्या है?

A. उपकरणों का उपयोग बहुत लंबे समय तक किया जाता है।

B. विद्युत उपकरण उचित रूप से भू-सम्पर्कित नहीं होते हैं।

C. विद्युत उपकरण बहुत शक्तिशाली होते हैं।

D. धारा, शरीर से प्रवाहित होती है जिससे क्षति होती है। ✓

Q28 Part B

निम्नलिखित में से किस मापयंत्र का उपयोग अर्थिंग प्रणाली के भू-प्रतिरोध का परीक्षण करने के लिए किया गया है?

A. मेगर (Megger) ✓

B. मल्टीमीटर (Multimeter)

C. दोलनदर्शी (Oscilloscope)

D. क्लैंप मीटर (Clamp meter)

Q29 Part B

ड्राइंग इंस्ट्रूमेंट बॉक्स का उपयोग सभी _____ उपकरणों (instruments) को ले जाने के लिए किया जाता है।

A. ड्राइंग (drawing) ✓

B. कास्टिंग (casting)

C. स्क्रीनिंग (screening)

D. ड्रिलिंग (drilling)

Q30 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सी हस्त-चालित ड्रिलिंग मशीन 6 mm तक के छोटे व्यास के छेदों को ड्रिल करने के लिए उपयोग की जाती है?

A. बेवल गियर टाइप ड्रिलिंग मशीन (Bevel gear type drilling machine) ✓

B. ब्रेस्ट ड्रिलिंग मशीन (Breast drilling machine)

C. रैचेट ड्रिलिंग मशीन (Ratchet drilling machine)

D. इलेक्ट्रिक हैंड ड्रिल (Electric hand drill)

Q31 Part B

यदि TRIAC के चालन के दौरान, गेट धारा को हटा दिया जाए, तो क्या होगा?

A. TRIAC चालन बंद कर देगा।

B. TRIAC प्रभावित नहीं होगा।

C. TRIAC लघुपथन की भांति व्यवहार करेगा।

D. TRIAC तब तक चालन करता रहेगा जब तक धारा, धारक धारा (holding current) से नीचे नहीं आ जाती। ✓

Q32 Part B

DC जनित्र का मूल कार्य सिद्धांत क्या है?

A. अन्योन्य प्रेरण

B. स्थिरवैद्युत प्रेरण

C. फैराडे का विद्युत चुंबकीय प्रेरण का नियम ✓

D. लेंज़ का नियम

Q33 Part B

सिरेमिक संधारित्र का सामान्यतः उपयोग कहां किया जाता है?

A. उच्च शक्ति वाली मोटरें

B. मोबाइल फ़ोन

C. TV सर्किट ✓

D. ट्रांसफॉर्मर

Q34 Part B

वायु-क्रोड प्रेरक का उपयोग सामान्यतः _____ प्रचालित होने वाले परिपथों में किया जाता है।

A. 50 Hz से कम आवृत्तियों पर

B. 1 MHz से लेकर कई सौ मेगाहर्ट्ज (MHz) तक की उच्च आवृत्तियों पर ✓

C. श्रव्य आवृत्ति परास (20 Hz - 20 kHz) पर

D. DC विद्युत आपूर्ति परिपथ पर

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q35 Part B

दिए गए कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

कथन 1: प्लेट अर्थिंग, दोष धारा को सुरक्षित रूप से भूमि में प्रवाहित करने के लिए निम्न प्रतिरोध पथ सुनिश्चित करता है।
कथन 2: अर्थिंग प्रणाली का प्रतिरोध, मृदा के प्रकार या नमी की मात्रा से प्रभावित नहीं होता है।

A. कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं।
B. कथन 1 सही है, लेकिन कथन 2 गलत है। ✓
C. कथन 1 गलत है, लेकिन कथन 2 सही है।
D. कथन 1 और कथन 2 दोनों गलत हैं।

Q36 Part B

निम्नलिखित में से किस वाइस (vice) में हैंडल और एक छोर पर छोटा कॉलेट चक (collet chuck) होता है?

A. पिन वाइस (Pin vice) ✓
B. टूलमेकर का वाइस (Toolmaker's vice)
C. पाइप वाइस (Pipe vice)
D. हैंड वाइस (Hand vice)

Q37 Part B

किसी पदार्थ को ऊष्मा उपचार देने का क्या लाभ है?

A. तीक्ष्ण किनारों वाले सर्जिकल चाकू बनाने के लिए ✓
B. पदार्थ का वजन बढ़ाने के लिए
C. इसे एक तत्व से दूसरे तत्व में बदलने के लिए
D. पदार्थ के गलनांक को कम करने के लिए

Q38 Part B

उच्च-शक्ति DC मोटरों में चाल नियंत्रण के लिए आर्मेचर प्रतिरोध नियंत्रण उपयुक्त क्यों **नहीं** है?

A. यह मोटर की चाल को कम नहीं कर सकता।
B. यह क्षेत्र धारा को बढ़ाता है।
C. इसके परिणामस्वरूप उच्च विद्युत हानि के कारण अल्प दक्षता होती है। ✓
D. इसके कारण उच्च बलाघूर्ण उच्चावचन होता है।

Q39 Part B

विद्युत भंग (power failure) होने के दौरान एक महत्वपूर्ण सुरक्षा उपाय निम्नलिखित में से कौन-सा है?

A. विद्युत की स्थिति की पुष्टि किए बिना उपकरणों का उपयोग जारी रखना।
B. रोशनी के लिए मोमबत्तियों का उपयोग करना।
C. अलार्म सिस्टम की उपेक्षा करना।
D. सुनिश्चित करना कि सभी मशीनें और विद्युत उपकरण बंद हों। ✓

Q40 Part B

किट-कैट टाइप (Kit-Kat type) फ्यूज का उपयोग प्रायः कहाँ किया जाता है?

A. घरेलू और लघु औद्योगिक विद्युत परिपथों में ✓
B. उच्च-वोल्टता पारेषण प्रणालियों में
C. इलेक्ट्रॉनिक परिपथों में
D. विद्युत उत्पादन संयंत्रों में

Q41 Part B

धीमी चाल वाले डीजल इंजन प्रत्यावर्तित्र में _____ प्रकार के रोटर का उपयोग किया जाता है।

A. सर्पी वलय संरचना
B. घूर्णी आर्मेचर संरचना
C. बेलनाकार रोटर संरचना
D. समुन्नत ध्रुव संरचना ✓

Q42 Part B

धारा को मापने के लिए मल्टीमीटर का उपयोग करते समय, निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है?

A. मल्टीमीटर को केवल प्रतिरोधी घटकों के बीच जोड़ा जाता है।
B. मल्टीमीटर को सीधे विद्युत स्रोत से जोड़ा जाता है।
C. मल्टीमीटर को लोड के साथ श्रेणी क्रम में जोड़ा जाता है। ✓
D. मल्टीमीटर को लोड के साथ समांतर क्रम में जोड़ा जाता है।

Q43 Part B

IEEE 80, _____ के लिए अनुशंसाएँ प्रदान करता है।

A. विद्युत रोधी सामग्रियों हेतु मानकों
B. विद्युत संस्थापनों में ग्राउंडिंग (grounding) और बॉन्डिंग (bonding) प्रणालियों के उचित संस्थापन ✓
C. विद्युत ऊर्जा खपत के मापन
D. विद्युत प्रणालियों में वोल्टेज विनियमन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q44 Part B

आदर्श ट्रांसफार्मर कोर की पारगम्यता _____ के बराबर होती है।

A. निम्न मान (low value)

B. शून्य (zero)

C. अनंत (infinite) ✓

D. इकाई (unity)

Q45 Part B

लेड-एसिड बैटरी (lead-acid battery) में, विसर्जन के दौरान धनात्मक पट्टिका के लिए प्रयुक्त सामग्री का रासायनिक संघटन क्या है?

A. लेड (Pb)

B. सल्फ्यूरिक अम्ल (H_2SO_4)

C. लेड सल्फेट ($PbSO_4$) ✓

D. लेड डाइऑक्साइड (PbO_2)

Q46 Part B

कितने प्रतिशत अतिभार पर परिनालिका, आर्मेचर को पूरी तरह से अपनी ओर आकृष्ट करती है, जिससे MCB में तात्कालिक ट्रिपिंग हो जाती है?

A. 130%

B. 700% ✓

C. 300%

D. 1000%

Q47 Part B

DC शंट मोटर में क्षेत्र धारा बढ़ाने का क्या प्रभाव पड़ता है?

A. मोटर की चाल कम हो जाती है। ✓

B. बल आघूर्ण कम हो जाता है।

C. मोटर की चाल बढ़ जाती है।

D. मोटर तुरंत बंद हो जाती है।

Q48 Part B

यदि किसी चालक में प्रवाहित धारा 5 A है तथा चालक का प्रतिरोध 10 ओम है, तो ओम के नियम के अनुसार चालक में वोल्टता कितनी होगी?

A. 50 V ✓

B. 10 V

C. 15 V

D. 5 V

Q49 Part B

निम्न में से कौन-सी रेती, संकीर्ण खांचे और 10° से अधिक के कोण को रेतन करने के लिए उपयोग की जाती है?

A. क्षुर-धार रेती ✓

B. त्रिकोण-रेती

C. चौरस रेती

D. अर्धगोल रेती

Q50 Part B

ट्रांसफार्मर के विवृत परिपथ परीक्षण में, आपूर्ति आवृत्ति _____ होनी चाहिए।

A. निर्धारित आवृत्ति के बराबर ✓

B. निर्धारित आवृत्ति से स्वतंत्र

C. निर्धारित आवृत्ति से अधिक

D. निर्धारित आवृत्ति से कम

Q51 Part B

इलेक्ट्रॉनिक परिपथों में एकल संधि ट्रांजिस्टर (UJT) का प्राथमिक उपयोग क्या है?

A. आवृत्ति मॉडुलन

B. संकेतों का प्रवर्धन

C. वोल्टता विनियमन

D. SCRs और TRIACs का ट्रिगरन ✓

Q52 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा कारक फ्यूज रेटिंग को प्रभावित **नहीं** करता है?

A. कंडक्टर का क्रॉस-सेक्शनल क्षेत्रफल

B. विद्युत भार का प्रकार

C. परिवेश ताप

D. फ्यूज होल्डर का रंग ✓

Q53 Part B

चुंबकीय द्रवचालित (magnetic hydraulic) MCB में कौन-सा अवयव लोह निमज्जक को होल्ड करता है?

A. एक तापीय कुंडली (A thermal coil)

B. एक अलौह ट्यूब (A non-ferrous tube) ✓

C. एक द्वि-धात्विक पट्टी (A bimetallic strip)

D. एक फ्यूज-अवयव (A fuse element)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q54 Part B

कार्यस्थल पर अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आपको क्या करना चाहिए?

A. चेतावनी के संकेतों और निर्देशों की उपेक्षा करें।

B. व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण पहनें। ✓

C. उपकरणों की जांच किए बिना जल्दबाजी में काम करें।

D. कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने के लिए जोखिम उठाएं।

Q55 Part B

35 mm की प्रत्येक भुजा वाला एक समबाहु त्रिभुज बनाने के लिए निम्नलिखित चरणों को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

1. CA और CB को मिलाइए।
2. एक रेखा खींचिए और त्रिभुज की भुजा के रूप में AB को 35 mm चिह्नित कीजिए।
3. त्रिज्या AB तथा A और B केंद्र मानकर, C पर काटते हुए चाप बनाइए।
4. ABC अभीष्ट त्रिभुज है।

A. 2, 1, 3, 4

B. 2, 3, 1, 4 ✓

C. 3, 2, 1, 4

D. 1, 2, 4, 3

Q56 Part B

एक 20 kVA, 2500/250 V, 50 Hz, एक-कलीय ट्रांसफार्मर ने खुला परिपथ परीक्षण परिणाम (निम्न वोल्टता पार्श्व पर) 250 V और 100 W दिया; तो क्रोड हानि धारा कितनी होगी?

A. 0.3 A

B. 0.2 A

C. 0.4 A ✓

D. 0.1 A

Q57 Part B

SCR का अभिलक्षण निम्नलिखित में से क्या है?

A. इसमें कोई गेट टर्मिनल नहीं है।

B. यह धारा के प्रवाह को नियंत्रित नहीं कर सकता।

C. यह चार-परत, तीन-संधि वाली युक्ति है। ✓

D. यह दो-टर्मिनल वाली युक्ति है।

Q58 Part B

कार्यस्थल में सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करना प्रत्येक व्यक्ति के लिए क्यों महत्वपूर्ण होता है?

A. परिचालन लागत को सार्थक रूप से कम करने के लिए

B. लगातार पर्यवेक्षण की आवश्यकता को सीमित करने के लिए

C. समग्र उत्पादन दक्षता वृद्धि के लिए

D. जोखिमों को कम करने और दुर्घटनाओं से बचने के लिए ✓

Q59 Part B

निम्नलिखित में से रेती (file) का कौन-सा भाग रेती को पकड़ने के लिए टैंग (tang) पर फिट किया गया भाग है?

A. टिप या पॉइंट (Tip or Point)

B. एज (Edge)

C. टैंग (Tang)

D. हैंडल (Handle) ✓

Q60 Part B

अर्थिंग प्रणाली की संस्थापना करते समय, निम्नलिखित में से कौन-सा प्रमुख सुरक्षा उपाय अपनाया जाना चाहिए?

A. सुनिश्चित करें कि सुरक्षा अनुपालन के लिए अर्थिंग प्रणाली का उचित निरीक्षण और परीक्षण किया गया है। ✓

B. अर्थिंग कनेक्शन के लिए नम्य कंडक्टरों का प्रयोग करें।

C. सुनिश्चित करें कि अर्थिंग प्रणाली अधिकतम दक्षता के लिए डिज़ाइन की गई है।

D. लागत कम करने के लिए अर्थिंग के लिए तांबे के पतले तारों का उपयोग करें।

Q61 Part B

गास्केट, सील और अंतरक (spacers) _____ का उपयोग करके बनाए जाते हैं।

A. पिन पंच (pin punch)

B. सेंटर पंच (centre punch)

C. प्रिक पंच (prick punch)

D. खोखले पंच (hollow punch) ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q62 Part B

आपातकालीन निकासी योजना (emergency evacuation plan) का क्या उद्देश्य है?

- A. आपातकालीन स्थिति के दौरान सुरक्षित और व्यवस्थित निकासी सुनिश्चित करना ✓
- B. उत्पादकता में वृद्धि करना
- C. श्रमिकों को जल्दी जाने की सुविधा प्रदान करना
- D. सुरक्षा अभ्यासों की उपेक्षा करना

Q63 Part B

BIS SP 46-2003 के अनुसार, इंजीनियरी ड्राइंग में निम्नलिखित में से कौन-सा अनुप्रयोग चेन-पतली रेखा (chain-thin line) द्वारा सही ढंग से दर्शाया जाता है?

- A. छिपे हुए कोर (Hidden edges)
- B. केंद्र रेखाएँ (Center lines) ✓
- C. विमा रेखाएँ (Dimension lines)
- D. दृश्यमान कोर (Visible edges)

Q64 Part B

यदि शून्य लोड द्वितीयक वोल्टता 250 V है और पूर्ण लोड द्वितीयक वोल्टता 200 V है, तो ट्रांसफार्मर के वोल्टता नियमन (प्रतिशत में) की गणना कीजिए।

- A. 25% ✓
- B. 50%
- C. 20%
- D. 100%

Q65 Part B

प्रत्यावर्तित्र द्वारा प्रेरित EMF का परिमाण _____ के रूप में दिया जाता है।
(दिया गया है: B अभिवाह घनत्व है, L कंडक्टरों की लंबाई है, V घूर्णन का वेग है और q वह कोण है जिस पर चालक बल की रेखा को काटता है।)

- A. BLV Sinq ✓
- B. BLV Cosq
- C. (BL Sinq)/V
- D. (BV Cosq)L

Q66 Part B

तार-कुंडलित (wire-wound) प्रतिरोधकों के प्रतिरोध तार में प्रयुक्त प्राथमिक सामग्री क्या होती है?

- A. ऐलुमिनियम
- B. कॉपर
- C. नाइक्रोम ✓
- D. सिल्वर

Q67 Part B

जब किसी फ्यूज अवयव में उसकी निर्धारित धारा से दुगुनी धारा प्रवाहित होती है, तो उसे पिघलने में कितना समय लगता है?

- A. 30 सेकंड
- B. 2 मिनट ✓
- C. 5 मिनट
- D. 1 मिनट

Q68 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, माइका संधारित्र (mica capacitor) के निर्माण का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

- A. पतली बहुलक फिल्म (polymer film) को किसी सिलिंडर में लपेटा गया है
- B. दो एल्यूमीनियम प्लेटों के बीच द्रवीय विद्युत् अपघट्य
- C. धातु विलेपन वाली एक सिरेमिक डिस्क
- D. एकांतर रूप से धातु की पन्नी और माइका शीट की परतें ✓

Q69 Part B

TRIAC (प्रत्यावर्ती धारा के लिए ट्रायोड) _____ है।

- A. द्विपार्श्वीय युक्ति (Bilateral device) ✓
- B. एकपार्श्वीय युक्ति (Unilateral device)
- C. दो-टर्मिनल युक्ति (Two-terminal device)
- D. एक-टर्मिनल युक्ति (One-terminal device)

Q70 Part B

वलयी प्रमुख प्रणाली (ring main system) में टैपिंग के लिए किस प्रकार के घटकों का उपयोग किया जाता है?

- A. सीधे मुख्य आपूर्ति से
- B. फ्यूज़ और नियंत्रण स्विचों के माध्यम से ✓
- C. संधारित्रों के माध्यम से
- D. ट्रांसफॉर्मर का उपयोग करके

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q71 Part B

$(\frac{3}{8}) + (\frac{5}{12})$

A. $\frac{17}{24}$

B. $\frac{19}{24}$ ✓

C. $\frac{8}{20}$

D. $\frac{7}{12}$

Q72 Part B

स्टार संयोजित प्रत्यावर्तित्र में लाइन वोल्टता, E_L और फेज वोल्टता E_{ph} के बीच संबंध _____ द्वारा दिया जाता है।

A. $E_L = \frac{1}{3}E_{ph}$

B. $E_L = \sqrt{3}E_{ph}$ ✓

C. $E_L = E_{ph}$

D. $E_L = 3E_{ph}$

Q73 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है?

कथन 1: संतुलित तीन-फेज प्रणाली में, लोड को प्रदत्त शक्ति फेज धारा और फेज वोल्टता दोनों पर निर्भर करती है।

कथन 2: स्टार योजित प्रणाली में लाइन वोल्टता, फेज वोल्टता से सदैव $\sqrt{3}$ गुणक से अधिक होती है।

A. कथन 1 और कथन 2 दोनों असत्य हैं।

B. कथन 1 और कथन 2 दोनों सत्य हैं। ✓

C. कथन 1 सत्य है, और कथन 2 असत्य है।

D. कथन 1 असत्य है, तथा कथन 2 सत्य है।

Q74 Part B

$\cos\theta$

A. $\frac{5}{4}$

B. $\frac{3}{4}$

C. $\frac{3}{5}$

D. $\frac{4}{5}$ ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q75 Part B

यदि दो प्रेरक अन्योन्य प्रेरकत्व M (सहायता) के साथ श्रेणीक्रम में जुड़े हों, तो तुल्य प्रेरकत्व कितना होगा?

A. $L_{eq} = \frac{L_1 + L_2}{L_1 * L_2}$

B. $L_{eq} = L_1 + L_2 + 2M$ ✓

C. $L_{eq} = \frac{L_1 + L_2}{2}$

D. $L_{eq} = L_1 + L_2 - 2M$

Blackbook

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q1 Part B

निम्नलिखित में से किस प्रकार के DC जनित्र की क्षेत्र कुंडली आर्मेचर के समानांतर क्रम में संयोजित होती है?

A. अन्यत: उत्तेजत DC जनित्र

B. श्रेणी DC जनित्र

C. संयुक्त DC जनित्र

D. शंट DC जनित्र ✓

Q2 Part B

संधारित्रों के समांतर समूहन में, कुल धारिता पर क्या प्रभाव पड़ता है?

A. यह बढ़ जाती है। ✓

B. यह शून्य हो जाती है।

C. यह उतनी ही रहती है।

D. यह कम हो जाती है।

Q3 Part B

तार गेज (wire gauge) के उपयोग के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प **गलत** है?

A. यह तार के व्यास को मापता है।

B. यह तार की धारा वहन क्षमता को निर्धारित करने में मदद नहीं करता है। ✓

C. गलत तार गेज का उपयोग करने से उपकरण एवं इलेक्ट्रॉनिक युक्तियां क्षतिग्रस्त हो सकती हैं।

D. इसका उपयोग विद्युत संस्थापनों, वेल्डिंग और अन्य अनुप्रयोगों में किया जाता है।

Q4 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा एक मूल मात्रक है?

A. वॉट

B. पास्कल

C. मीटर ✓

D. न्यूटन

Q5 Part B

स्टील जोड़ों (joints) के नीचे PVC चैनल लगाने के लिए उपयोग किए जाने वाले MS क्लिप की न्यूनतम मोटाई कितनी होनी चाहिए?

A. 1.7 mm

B. 0.5 mm

C. 2.2 mm

D. 1.2 mm ✓

Q6 Part B

निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?

कथन I - अनीलन प्रक्रम, कठोरता को कम करने और विभिन्न स्टील्स, कच्चा लोहा और मिश्र धातुओं की तन्यता और चर्मलता को बढ़ाने के लिए ऊष्मा का उपयोग करती है।

कथन II - शमन एक शीघ्र शीतलन प्रक्रिया है जो शीतलन दर में बदलाव करके पढ़ार्थों के विशिष्ट गुणों को बदल देती है।

A. कथन (I) गलत है जबकि कथन (II) सही है।

B. कथन (I) और (II) दोनों सही हैं। ✓

C. कथन (I) सही है जबकि कथन (II) गलत है।

D. कथन (I) और (II) दोनों गलत हैं।

Q7 Part B

SCR (सिलिकॉन नियंत्रित दिष्टकारी) को _____ भी कहा जाता है।

A. डायोड (diode)

B. थायरिस्टर (thyristor) ✓

C. ट्रांजिस्टर (transistor)

D. ट्रायक (triac)

Q8 Part B

यदि किसी पदार्थ का रैखिक प्रसार गुणांक $2 \times 10^{-5}\ °C^{-1}$ है, तो इसका क्या अर्थ है?

A. पदार्थ प्रति डिग्री सेल्सियस अपने मूल आयतन से 2×10^{-5} गुना फैलता है।

B. पदार्थ प्रति डिग्री सेल्सियस अपने मूल क्षेत्रफल से 2×10^{-5} गुना फैलता है।

C. पदार्थ प्रति डिग्री सेल्सियस अपनी मूल लंबाई से 2×10^{-5} गुना फैलता है। ✓

D. ताप में 1°C की वृद्धि होने पर पदार्थ हमेशा 2×10^{-5} kg बढ़ता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 Part B

CTS वायरिंग का अन्य नाम क्या है?

- A. बैटन वायरिंग ✓
- B. केसिंग और कैपिंग वायरिंग
- C. क्लीट वायरिंग
- D. कंड्यूट वायरिंग

Q10 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा p-प्रकार के अर्धचालक का उदाहरण है?

- A. फॉस्फोरस से अपमिश्रित किया गया जर्मेनियम
- B. बोरॉन से अपमिश्रित किया गया सिलिकॉन ✓
- C. फॉस्फोरस से अपमिश्रित किया गया सिलिकॉन
- D. आर्सेनिक से अपमिश्रित किया गया सिलिकॉन

Q11 Part B

एकल फेज 10 kVA, 2200/220 V, 50 Hz ट्रांसफार्मर के प्रति फेरे EMF का मान 10 V है। क्रमशः प्राथमिक और द्वितीयक फेरों की संख्या की गणना कीजिए।

- A. 110 और 10
- B. 22 और 220
- C. 220 और 22 ✓
- D. 10 और 110

Q12 Part B

यदि 'P' एक प्रत्यावर्तित्र के रोटर पर ध्रुवों की संख्या है, तो एक परिक्रमण में EMF के कितने चक्र पूरे होते हैं?

- A. P/2 ✓
- B. 2P
- C. P/4
- D. P

Q13 Part B

एक उपकरण 240 V पर प्रचालित होता है और 480 W विद्युत की खपत करता है। उपकरण से प्रवाहित होने वाली धारा कितनी है?

- A. 2.5 A
- B. 1 A
- C. 1.5 A
- D. 2 A ✓

Q14 Part B

ट्रांसफार्मर पर खुला-परिपथ परीक्षण द्वारा किस शक्ति ह्रास का आकलन किया जाता है?

- A. ताम्र हानि (Copper loss)
- B. कुंडली हानि (Winding loss)
- C. घर्षण हानि (Friction loss)
- D. क्रोड हानि (Core loss) ✓

Q15 Part B

इंजीनियरिंग ड्राइंग (अक्षर लेखन और संख्यांकन) में, एकल स्ट्रोक का अर्थ है कि _____।

- A. अक्षर या संख्या की रेखा की मोटाई पेंसिल के दो स्ट्रोक में प्राप्त की जाती है
- B. अक्षर या संख्या की रेखा की मोटाई पेंसिल के एक स्ट्रोक में प्राप्त की जाती है ✓
- C. अक्षर या संख्या की रेखा की मोटाई पेंसिल के तीन स्ट्रोक में प्राप्त की जाती है
- D. अक्षर या संख्या की रेखा की मोटाई पेंसिल के किसी भी स्ट्रोक में प्राप्त नहीं होती है

Q16 Part B

यदि 3-फेज प्रणाली पर लोड असंतुलित है, तो शक्ति गणना अधिक जटिल हो जाती है क्योंकि _____।

- A. लाइन धारा शून्य हो जाती है
- B. लाइन और फेज वोल्टेज बराबर हो जाते हैं
- C. प्रत्येक फेज में धारा भिन्न होती है, और कुल शक्ति की गणना व्यष्टिगत फेज शक्तियों को जोड़कर की जानी चाहिए ✓
- D. शक्ति गुणक एकक हो जाता है

Q17 Part B

पावर MOSFET में, गेट-टु-सोर्स वोल्टेज (V_{gs}), _____ को नियंत्रित करता है।

- A. गेट धारा
- B. अपवाह धारा ✓
- C. भंजन वोल्टेज
- D. स्रोत धारा

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 Part B

निम्नलिखित में से किस प्रकार के वुडन मैलेट का उपयोग, सामान्य प्रयोजन के कार्य जैसे कि चिपटा करने और बंकन के लिए किया जाता है?

A. साइड-फेक्ड मैलेट (Side-faked mallets)

B. स्टैंडर्ड वुडन मैलेट (Standard wooden mallets) ✓

C. इंड-फेक्ड मैलेट (End-faked mallets)

D. बॉसिंग मैलेट (Bossing mallets)

Q19 Part B

विद्युत प्रणाली में ग्राउंडिंग (grounding) और अर्थिंग (earthing) के संबंध में सही कथन का चयन कीजिए।

A. ग्राउंडिंग में पृथ्वी को प्रणाली के न्यूट्रल या अन्य चालकों से जोड़ा जाता है, जबकि अर्थिंग में प्रणाली के फ्रेम या बॉडी को पृथ्वी से जोड़ा जाता है। ✓

B. ग्राउंडिंग और अर्थिंग एकल फेज प्रणाली से संबंधित हैं।

C. ग्राउंडिंग और अर्थिंग एक ही प्रक्रिया है, इनमें कोई अंतर नहीं है।

D. ग्राउंडिंग का उपयोग मनुष्यों को विद्युत आघात से बचाने के लिए किया जाता है, जबकि अर्थिंग का उपयोग विद्युत खपत को कम करने के लिए किया जाता है।

Q20 Part B

प्रकाशिक उत्तापमापी (optical pyrometer) क्या मापता है?

A. पृष्ठ का तापमान ✓

B. गैसों का दाब

C. द्रवों का आयतन

D. द्रवों का आपेक्षिक घनत्व

Q21 Part B

शीट के समाकर्तित आकारों की सही लंबाई और चौड़ाई का मिलान कीजिए।

पद (Designation)	समाकर्तित आकार (Trimmed size)
A. A0	P. 297 × 420
B. A1	Q. 420× 594
C. A2	R. 594 × 841
D. A3	S. 841 × 1189

A. A - S, B - R, C - Q, D - P ✓

B. A - P, B - R, C - Q, D - S

C. A - S, B - R, C - P, D - Q

D. A - R, B - S, C - Q, D - P

Q22 Part B

अर्थिंग इलेक्ट्रोड के प्रतिरोध को मापने के लिए, निम्नलिखित में से किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?

A. शक्ति विश्लेषक

B. क्लैंप मीटर

C. भू-प्रतिरोध परीक्षक ✓

D. टैकोमीटर

Q23 Part B

निम्नलिखित में से कौन-से कथन ड्राइंग शीट पर अभिविन्यास चिह्नों के स्थानन और उद्देश्य का सही वर्णन करते हैं?

1. ड्राइंग बोर्ड पर सही अभिविन्यास को इंगित करने के लिए ड्राइंग शीट के दो विपरीत कोनों पर अभिविन्यास चिह्न लगाए जाते हैं।
2. अभिविन्यास चिह्नों में फ्रेम के आर-पार रखे गए तीर के सिरे होते हैं, जिनमें से एक छोटे पक्ष और दूसरा लंबे पक्ष पर होता है, जो केंद्र चिह्नों के साथ संपाती होता है।
3. अभिविन्यास चिह्नों में से एक सदैव ड्राफ्ट्समैन की ओर इंगित करता है, जो उस दिशा को इंगित है जिसमें ड्राइंग शीट लगाई जानी चाहिए।
4. सटीक केंद्रीकरण के लिए ड्राइंग शीट के प्रत्येक पक्ष के मध्य बिंदु को चिह्नित करने के लिए अभिविन्यास चिह्नों का उपयोग किया जाता है।

A. केवल 1, 2 और 4

B. केवल 1, 2 और 3

C. केवल 1 और 4

D. केवल 2 और 3 ✓

Q24 Part B

एक प्रतिरोधक में निम्नलिखित रंग बैंड हैं: भूरा, काला, लाल और स्वर्ण। इसका प्रतिरोध मान क्या है?

A. 1,000 Ω (1 kΩ) ± 5% ✓

B. 10,000 Ω (10 kΩ) ± 5%

C. 100 Ω ± 5%

D. 10 Ω ± 5%

Q25 Part B

प्रत्यावर्तित्र के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

A. प्रत्यावर्तित्र, एक तुल्यकालिक जनित्र है। ✓

B. प्रत्यावर्तित्र, एक DC मशीन है।

C. प्रत्यावर्तित्र, एक तुल्यकालिक मोटर है।

D. प्रत्यावर्तित्र, एक AC प्रेरण जनित्र है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q26 Part B

असंतुलित 3-फेज प्रणाली में, न्यूट्रल धारा _____ होगी।

A. किसी भी फेज के फेज वोल्टेज और उस फेज की प्रतिबाधा के अनुपात के बराबर

B. असंतुलित धाराओं के फेजर योग के बराबर ✓

C. किसी भी दो फेजों के फेज वोल्टेज के फेजर योग और दोनों फेजों की कुल प्रतिबाधा के अनुपात के बराबर

D. सदैव शून्य

Q27 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा, शक्ति नियंत्रण अनुप्रयोगों में थाइरिस्टर का उपयोग करने का प्रमुख लाभ है?

A. निम्न वोल्टेज हैंडलिंग क्षमताएँ

B. छोटा आकार और निम्न लागत

C. उच्च दक्षता और निम्न शक्ति ह्रास ✓

D. उच्च आवृत्ति स्विचिंग

Q28 Part B

अपशिष्ट क्या है?

A. कृषि के लिए बहुमूल्य पदार्थ

B. अवांछित या अनुपयोगी पदार्थ ✓

C. उद्योगों के लिए उपयोगी पदार्थ

D. जीवधारियों के लिए प्राकृतिक संसाधन

Q29 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सी अनुरक्षण पद्धति DC मोटर में अति तापन को रोकने में सहायता करती है?

A. बेयरिंगों का नियमित स्नेहन ✓

B. क्षेत्र धारा को कम करना

C. आर्मेचर प्रतिरोध में वृद्धि करना

D. लोड को बार-बार डिस्कनेक्ट करना

Q30 Part B

MCCB में शंट रिलीज (shunt release) का उपयोग सामान्यत: निम्नलिखित में से किस के लिए किया जाता है?

A. अधिभार सुरक्षा (OverCurrent Protection)

B. शक्ति गुणक में सुधार

C. MCCB की रिमोट ट्रिपिंग ✓

D. वोल्टता स्थिरीकरण

Q31 Part B

निम्नलिखित में से हैमर-हेड का कौन-सा भाग, रिवेटन और बंकन जैसे कार्यों के लिए रूपण और संभवन के लिए उपयोग किया जाता है?

A. आइहोल (Eyehole)

B. फ़ेस (Face)

C. पीन (Pein) ✓

D. चीक (Cheek)

Q32 Part B

ट्रांसफॉर्मर कुंडलन (transformer winding) को कोर से सुरक्षित रखने के लिए किस प्रकार की सामग्री का उपयोग किया जाता है?

A. स्टील (Steel)

B. लौह (Iron)

C. अभ्रक (Mica) ✓

D. जल (Water)

Q33 Part B

किस प्रकार की वायरिंग का उपयोग केवल अस्थायी संस्थापनाओं के लिए किया जाता है?

A. CTS वायरिंग (CTS wiring)

B. केसिंग और कैपिंग वायरिंग (Casing and capping wiring)

C. कंड्यूट वायरिंग (Conduit wiring)

D. क्लीट वायरिंग (Cleat wiring) ✓

Q34 Part B

लेड एसिड बैटरी (Lead Acid battery) की चार्जिंग प्रक्रिया के दौरान बैटरी में होने वाला रासायनिक प्रभाव क्या होता है?

A. लेड सल्फेट लेड और सल्फ्यूरिक अम्ल में विघटित हो जाता है ✓

B. लेड, सल्फर के साथ अभिक्रिया करके लेड सल्फेट बनाता है

C. सल्फ्यूरिक अम्ल हाइड्रोजन और सल्फेट आयनों में वियोजित हो जाता है

D. जल का हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में वियोजन होता है

Q35 Part B

निम्नलिखित में से किस अनुप्रयोग में गेट टर्न-ऑफ थाईरिस्टर (GTO) का उपयोग किया जाता है?

A. पावर इनवर्टर और मोटर चालन ✓

B. निम्न-पावर डिजिटल परिपथ

C. श्रव्य प्रवर्धक

D. उच्च-गति संचार प्रणाली

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q36 Part B

DIAC के निर्माण के लिए प्रायः किस प्रकार के अर्धचालक पदार्थ का उपयोग किया जाता है?

A. एल्युमिनियम
B. गैलियम आर्सेनाइड
C. कॉपर
D. सिलिकॉन ✓

Q37 Part B

DC मोटर पर कार्य करते समय लॉकआउट/टैगआउट (LOTO) प्रक्रियाओं को क्रियान्वित करने का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

A. मोटर की चाल को मापना
B. मोटर कूलिंग में सुधार करना
C. मोटर की दक्षता को बढ़ाना
D. अनुरक्षण के दौरान आकस्मिक स्टार्टअप को रोकना ✓

Q38 Part B

इंजीनियरी ड्राइंग में पेंसिलों को _____ के आधार पर रेटिंग दी जाती है।

A. लेड के रंग
B. लेड के आकार
C. लेड के टिकाऊपन
D. लेड की कठोरता या मृदुता ✓

Q39 Part B

पीजोइलेक्ट्रिक (piezoelectric) डिवाइस में विद्युत ऊर्जा के उत्पादन के लिए प्राथमिक सिद्धांत क्या है?

A. यांत्रिक प्रतिबल का विद्युत ऊर्जा में रूपांतरण ✓
B. तापीय ऊर्जा का विद्युत ऊर्जा में रूपांतरण
C. रासायनिक ऊर्जा का विद्युत ऊर्जा में रूपांतरण
D. प्रकाश ऊर्जा का विद्युत ऊर्जा में रूपांतरण

Q40 Part B

एक DC जनित्र 200 V पर 25 A लोड धारा वहन करता है। यदि उत्पन्न EMF 205 V है, तो आर्मेचर प्रतिरोध ज्ञात कीजिए।

A. 0.3 Ω
B. 0.2 Ω ✓
C. 0.1 Ω
D. 0.4 Ω

Q41 Part B

किसी परिपथ में प्रेरकत्व (L) किसका विरोध करता है?

A. धारा परिमाण में परिवर्तन का ✓
B. प्रतिरोध में परिवर्तन का
C. वोल्टेज में परिवर्तन का
D. आवृत्ति में परिवर्तन का

Q42 Part B

PVC चैनल के संस्थापन के दौरान जोड़ (joint) के अंतिम बिंदु से स्क्रू की अधिकतम अनुज्ञेय दूरी क्या है?

A. 20 cm
B. 5 cm
C. 15 cm ✓
D. 10 cm

Q43 Part B

DIAC में धारक धारा (holding current) क्या है?

A. जब युक्ति बंद हो जाती है, तो प्रवाहित होने वाली धारा
B. संधि के भंजन के लिए आवश्यक धारा
C. युक्ति को चालन में ट्रिगर करने के लिए आवश्यक धारा
D. DIAC को चालू करने के बाद उसे चालन में बनाए रखने के लिए आवश्यक धारा ✓

Q44 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा IEEE मानक, विद्युत प्रणालियों और उपकरणों की ग्राउंडिंग पर केंद्रित है?

A. IEEE 1100
B. IEEE 80 ✓
C. IEEE 1547
D. IEEE 519

Q45 Part B

स्क्राइब्ड (scribed) रेखाओं पर गभीर साक्ष्य चिह्न (witness mark) बनाने तथा ड्रिल को सही तरीके से शुरू करना आसान बनाने के लिए निम्नलिखित में से किस पंच (punch) का उपयोग किया जाता है?

A. सेंटर पंच (Centre punch) ✓
B. सॉलिड पंच (Solid punch)
C. प्रिक पंच (Prick punch)
D. पिन पंच (Pin punch)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q46 Part B

इंजीनियरी ड्राइंग में किसी विशिष्ट लंबाई की वक्रित रेखा खींचते समय, सटीकता सुनिश्चित करने के लिए कौन-सा उपकरण (tool) सबसे उपयुक्त होता है?

A. चांदा (Protractor)

B. परकार (Compass)

C. फ्रेंच वक्र (French curve) ✓

D. स्ट्रेटएज (Straightedge)

Q47 Part B

भारत द्वारा खतरनाक अपशिष्ट के निपटान और प्रहस्तन को विनियमित करने के लिए खतरनाक अपशिष्ट (प्रबंधन तथा प्रहस्तन) नियमावली कब लागू किया गया?

A. 1987

B. 2000

C. 1989 ✓

D. 1982

Q48 Part B

इंजीनियरी ड्राइंग में, बिना किसी मोटाई वाले गतिमान बिंदु के पथ रूप में किसे परिभाषित किया जाता है?

A. बिंदु

B. कोण

C. वक्र

D. रेखा ✓

Q49 Part B

यदि किसी मशीन की दक्षता 80% है, तो इसका क्या अर्थ है?

A. मशीन में इनपुट की 20% हानि होती है। ✓

B. मशीन का वेग अनुपात और यांत्रिक लाभ दोनों 80 के बराबर होते है।

C. मशीन इनपुट से ज़्यादा आउटपुट देती है।

D. मशीन को इनपुट ऊर्जा में कोई हानि नहीं होती है।

Q50 Part B

एकल-फेज ट्रांसफार्मर में, जब वे ऊर्जान्वित नहीं होते हैं, तो प्राथमिक और द्वितीयक वाइंडिंग के बीच सांतत्य की जांच करने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?

A. ऊर्जा मीटर का उपयोग करें

B. वोल्टेज पर सेट मल्टीमीटर का उपयोग करें

C. ओम पर सेट मल्टीमीटर का उपयोग करें ✓

D. धारा पर सेट मल्टीमीटर का उपयोग करें

Q51 Part B

जब आवृत्ति बढ़ती है, तो प्रेरणिक प्रतिघात पर क्या प्रभाव पड़ता है?

A. यह शून्य हो जाता है।

B. यह कम हो जाता है।

C. यह बढ़ जाता है। ✓

D. यह उतना ही रहता है।

Q52 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा पंच मार्क, विभाजक बिंदु की शुद्ध स्थिति और सुस्थापन के लिए उपयोग किया जाता है?

A. 120° के प्रिक पंच मार्क

B. 30° के प्रिक पंच मार्क ✓

C. 30° के सेंटर पंच मार्क

D. 60° के सेंटर पंच मार्क

Q53 Part B

3-फेज प्रणाली में ग्राउंडिंग (grounding) और अर्थिंग (earthing) के बीच मुख्य अंतर क्या है?

A. ग्राउंडिंग का उपयोग विद्युत उपकरणों को वोल्टेज प्रोत्कर्ष से बचाने के लिए किया जाता है, जबकि अर्थिंग का उपयोग प्रणाली अतिलोड को रोकने के लिए किया जाता है।

B. ग्राउंडिंग धारा के लिए वापसी पथ प्रदान करती है, जबकि अर्थिंग, दोष धारा के लिए सुरक्षित पथ प्रदान करती है। ✓

C. ग्राउंडिंग, केवल विद्युत उपकरण की बॉडी को पृथ्वी से जोड़ती है, जबकि अर्थिंग, न्यूट्रल चालक से संबंधित है।

D. ग्राउंडिंग और अर्थिंग का उपयोग एक-दूसरे के स्थान पर किया जाता है, और इनमें कोई बड़ा अंतर नहीं है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q54 Part B

भू-संपर्कन के लिए IEEE विनियमनों के संदर्भ में 'समविभव बंधन (quipotential bonding)' शब्द का क्या महत्व है?

A. यह सुनिश्चित करता है कि विद्युत प्रणालियाँ विभिन्न वोल्टेज स्तरों पर प्रचालित हों।

B. इसका तात्पर्य यह सुनिश्चित करना है कि विद्युत प्रणालियों के सभी धात्विक भाग एक साथ जुड़े रहें ताकि समान विद्युत विभव बना रहे। ✓

C. यह ग्राउंडिंग प्रणाली के प्रतिरोध को बढ़ाने की एक विधि है।

D. यह विद्युत केबलों के रोधन को संदर्भित करता है।

Q55 Part B

यदि DC मोटर गलत दिशा में चलती है, तो इसका सबसे संभावित कारण क्या है?

A. गलत क्षेत्र या आर्मेचर वायरिंग कनेक्शन ✓

B. ब्रश का घिसना

C. दोषपूर्ण बियरिंग

D. उच्च आर्मेचर प्रतिरोध

Q56 Part B

विराम अवस्था वाले 500 g द्रव्यमान के एक भार को, धकेलने के लिए कितने बल (आयास) की आवश्यकता होगी, ताकि 20 m की दूरी पर उसका अंतिम वेग 20 m/s हो जाए [मान लें कि कोई घर्षण नहीं है और 'g' = 10 m/s^2]

A. 5 N ✓

B. 10 J

C. 5 J

D. 10 N

Q57 Part B

एक 6-ध्रुव वाला प्रत्यावर्तित्र चल रहा है और 50 Hz की आवृत्ति उत्पन्न कर रहा है। यदि आवृत्ति को घटाकर 20 Hz कर दिया जाए, तो प्रत्यावर्तित्र को समान चाल से चलाने के लिए कितने ध्रुवों की आवश्यकता होगी?

A. 6

B. 8

C. 4

D. 2 ✓

Q58 Part B

संतुलित 3-फेज प्रणाली में, लाइन-टु-लाइन वोल्टेज के बीच फेज कोण _____ होते हैं।

A. 60°

B. 120° ✓

C. 90°

D. 0°

Q59 Part B

यदि DC मोटर के ब्रशों पर अत्यधिक स्पार्किंग उत्पन्न हो, तो किस कार्रवाई की अनुशंसा की जाती है?

A. घिसे हुए ब्रश बदलें और दिक्परिवर्तक (commutator) को साफ करें ✓

B. प्रदायी वोल्टता बढ़ाएँ

C. आर्मेचर परिपथ में प्रतिरोध जोड़ें

D. मोटर की चाल को कम करें

Q60 Part B

संतुलित 3-फेज प्रणाली द्वारा प्रदान की गई कुल शक्ति _____ है।

A. किसी एक फेज के फेज वोल्टेज और धारा का गुणनफल

B. किसी भी दो फेज की व्यष्टिगत शक्तियों का योग

C. प्रत्येक फेज में व्यष्टिगत शक्तियों का योग ✓

D. तीनों फेजों में शक्तियों का औसत

Q61 Part B

औद्योगिक अपशिष्ट के लिए उचित निपटान प्रक्रियाओं का पालन करना क्यों महत्वपूर्ण है?

A. आवश्यक कचरा डिब्बों की संख्या को कम करने के लिए

B. अपशिष्ट को कहीं भी विघटित होने देने के लिए

C. कचरे के वर्गीकरण में लगने वाले समय और आयास को बचाने के लिए

D. पर्यावरण नियमों का पालन करने के लिए तथा प्रदूषण को कम करने के लिए ✓

Q62 Part B

मोटी फिल्म (thick film) प्रतिरोधकों के विनिर्माण के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया उपयोग की जाती है?

A. सिरेमिक बेस पर धातु चूर्ण का फुहारन

B. सिरेमिक में धातु तार का अंत:स्थापन करना

C. सिरेमिक से धातु छड़ को लेपित करना

D. सिरेमिक बेस पर धातु यौगिक और चूर्णित काँच को पेस्ट करना ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q63 Part B

समुन्नत ध्रुव प्ररूप प्रत्यावर्तित्र में निम्न चाल से प्रचालन के लिए, व्यास _____ होता है और अक्षीय लंबाई _____ होती है।

A. छोटा, बड़ी
B. बड़ा, बड़ी
C. छोटा, छोटी
D. बड़ा, छोटी ✓

Q64 Part B

प्रोट्रैक्टर (protractor) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

कथन:
1. प्रोट्रैक्टर का उपयोग दोनों तरफ के कोण मापने के लिए किया जा सकता है।
2. प्रोट्रैक्टर सामान्यतः दृढ़ धातु सामग्री से बना होता है।

A. केवल कथन 1 सत्य है ✓
B. कोई भी कथन सत्य नहीं है
C. केवल कथन 2 सत्य है
D. दोनों कथन सत्य हैं

Q65 Part B

फ्यूज और परिपथ विच्छेदक के बीच मुख्य अंतर, निम्नलिखित में से कौन-सा है?

A. फ्यूज का उपयोग उच्च-वोल्टेज परिपथ के लिए किया जाता है, जबकि परिपथ विच्छेदक का उपयोग निम्न-वोल्टेज परिपथ के लिए किया जाता है।
B. फ्यूज एक बार उपयोग होने वाला उपकरण है, जबकि परिपथ विच्छेदक को रीसेट करके पुनः उपयोग किया जा सकता है। ✓
C. ट्रिपिंग के बाद फ्यूज को रीसेट किया जा सकता है, जबकि परिपथ विच्छेदक को बदलना पड़ता है।
D. फ्यूज एक यांत्रिक उपकरण है, जबकि परिपथ विच्छेदक एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है।

Q66 Part B

किसी परिपथ में फ्यूज की उपयुक्त धारा रेटिंग का निर्धारण किसके द्वारा किया जाता है?

A. कनेक्ट किए गए विद्युत उपकरणों की संख्या
B. परिपथ में दी जाने वाली वोल्टता
C. परिपथ में सबसे छोटी केबल रेटिंग ✓
D. परिपथ तारों की लंबाई

Q67 Part B

भू-संपर्कन प्रणाली में भू-प्रतिरोध को कम करने के लिए निम्न में से किस विधि का उपयोग किया जाता है?

A. विद्युतरोधित भू-संपर्कन केबल का उपयोग करना
B. भू-संपर्कन-इलेक्ट्रोड की गहराई बढ़ाना ✓
C. अर्थ (earth) और न्यूट्रल (neutral) के बीच की दूरी को कम करना
D. भू-संपर्कन के लिए बड़े चालक का उपयोग करना

Q68 Part B

10 μF धारिता वाला एक संधारित्र 1 MΩ प्रतिरोधक के साथ श्रेणीक्रम में संयोजित है। संधारित्र को अपने अंतिम आवेश के 90% तक पहुंचने में कितना समय लगेगा?

A. 10.5 सेकंड
B. 50.2 सेकंड
C. 35.7 सेकंड
D. 23.03 सेकंड ✓

Q69 Part B

ट्रांसफार्मर के सामान्य प्रचालन के दौरान निम्नलिखित में से कौन-सी हानि परिवर्तनशील रहती है?

A. भंवर धारा हानि
B. हिस्टेरिसिस हानि
C. अवांछित हानि
D. ताम्र हानि ✓

Q70 Part B

निम्नलिखित में से किस प्रकार के वुडन मैलेट (wooden mallets) का उपयोग पैनल बीटिंग को खोखला करने के लिए किया जाता है?

A. साइड-फेक्ड मैलेट (Side-faked mallets)
B. बॉसिंग मैलेट (Bossing mallets) ✓
C. इंड-फेक्ड मैलेट (End-faked mallets)
D. स्टैनडर्ड वुडन मैलेट (Standard wooden mallets)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q71 Part B

यदि किसी ट्रांसफॉर्मर की प्रदाय आवृत्ति दोगुनी हो जाए तो भंवर धारा हानि क्या होगी?

A. दोगुना

B. कोई परिवर्तन नहीं

C. चार गुना ✓

D. आधा

Q72 Part B

IS:1360-1989 के अनुसार T1 'T' स्क्वायर की ब्लेड की लंबाई कितनी होती है?

A. 500 mm

B. 1500 mm

C. 1000 mm ✓

D. 700 mm

Q73 Part B

अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में निरूपित निम्नलिखित दो कथनों के संबंध में सही विकल्प का चयन कीजिए।

अभिकथन: स्टार योजित प्रणाली में लाइन वोल्टता, फेज वोल्टता की $\sqrt{3}$ गुना होती है।

कारण: स्टार संयोजन में लाइन वोल्टता, फेज वोल्टताओं का सदिश योग होती है, जिसके परिणामस्वरूप उनके बीच $\sqrt{3}$ गुणक होता है।

A. अभिकथन सही है, लेकिन कारण गलत है।


B. अभिकथन और कारण दोनों सही हैं, और कारण, अभिकथन के लिए सही स्पष्टीकरण है। ✓

C. अभिकथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

D. अभिकथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण, अभिकथन के लिए सही स्पष्टीकरण नहीं है।

Q74 Part B

नीचे दर्शाए गए ब्रेजित संधि (brazed joint) के प्रकार की पहचान करें।



A. स्ट्रैप्ड लैप (Strapped Lap)

B. जॉगल लैप (Joggle Lap)

C. बटेड फ्लैंज (Butted Flange)

D. सरल लैप (Simple Lap) ✓

Q75 Part B

यदि 'P' एक प्रत्यावर्तित्र के रोटर पर ध्रुवों की संख्या है और 'n' रोटर द्वारा प्रति सेकंड लगाए गए परिक्रमणों की संख्या है, तो आवृत्ति ज्ञात कीजिए।

A. $f = P*n$

B. $f = 120P*n$

C. $f = \frac{P*n}{120}$

D. $f = \frac{P}{2}n$ ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Part B — 75 Questions • Answer Key

Q1 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प ईंधन उत्प्लाव से संबंधित प्रमुख जोखिम है?

A. उत्पादकता में वृद्धि

B. वेंटिलेशन (ventilation) की कम आवश्यकता

C. अग्नि का संकट और पर्यावरण प्रदूषण ✓

D. कार्यशाला के फर्श के लिए उचित स्नेहन

Q2 Part B

औद्योगिक लोड्स (industrial loads) के लिए DC यौगिक जनित्र को प्राथमिकता क्यों दी जाती है?

A. इसका निर्माण आसान है।

B. इसमें स्थिर वोल्टता अभिलक्षण होते हैं। ✓

C. यह बेहतर दक्षता प्रदान करता है।

D. इसमें किसी प्रकार की हानि नहीं होती है।

Q3 Part B

ट्राई स्क्वायर द्वारा मापन की यथार्थता लगभग _____ होती है।

A. 0.001 mm प्रति 10 mm लंबाई

B. 0.02 mm प्रति 10 mm लंबाई

C. 0.002 mm प्रति 10 mm लंबाई ✓

D. 0.004 mm प्रति 10 mm लंबाई

Q4 Part B

अभ्रक संधारित्र (mica capacitor) के दो प्रकार कौन-से हैं?

A. विद्युत् अपघटनी और कागज संधारित्र

B. सिरेमिक (Ceramic) और फिल्म संधारित्र

C. परिवर्ती और स्थिर संधारित्र

D. स्टैक्ड फ़ॉइल (Stacked foil) और चांदीयुक्त अभ्रक संधारित्र ✓

Q5 Part B

किस प्रकार का DC मोटर परिवर्ती लोड के अंतर्गत सर्वोत्तम चाल विनियमन प्रदान करता है?

A. संचयी मोटर

B. DC शंट मोटर ✓

C. स्थायी चुंबक DC मोटर

D. DC श्रेणी मोटर

Q6 Part B

N-चैनल MOSFET में, _____ ड्रेन धारा ID बढ़ती है।

A. गेट-टु-सोर्स वोल्टेज, थ्रेशोल्ड वोल्टेज से ऊपर बढ़ने पर ✓

B. ड्रेन-टु-सोर्स वोल्टेज बढ़ने पर

C. गेट-टु-सोर्स वोल्टेज घटने पर

D. सोर्स-टु-ड्रेन वोल्टेज घटने पर

Q7 Part B

FET में पिंच-ऑफ वोल्टेज क्या होता है?

A. वह वोल्टेज जिस पर ड्रेन-टू-सोर्स धारा अधिकतम हो जाती है

B. वह वोल्टेज जिस पर चैनल "पिंच ऑफ" होता है और धारा संतृप्त हो जाती है ✓

C. वह वोल्टेज जिस पर ड्रेन-टू-सोर्स वोल्टेज ब्रेकडाउन का कारण बनता है

D. वह वोल्टेज जिस पर गेट-टू-सोर्स वोल्टेज शून्य होता है

Q8 Part B

इंजीनियरिंग ड्राइंग में गैर-कार्यात्मक विमाओं (Non-Functional Dimensions - NF) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

कथन 1: गैर-कार्यात्मक विमाओं को बिना किसी सीमा के दिखाया जाता है, क्योंकि वे घटक या स्थान की कार्यक्षमता को प्रभावित नहीं करती हैं।
कथन 2: गैर-कार्यात्मक विमाओं का उपयोग विशिष्ट रूप से केवल संदर्भ उद्देश्यों के लिए किया जाता है और यह घटक या स्थान की असेंबली या प्रदर्शन को प्रभावित नहीं करती हैं।

A. केवल कथन 1 सत्य है

B. दोनों कथन सत्य हैं ✓

C. केवल कथन 2 सत्य है

D. कोई भी कथन सत्य नहीं है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 Part B

फेज/विद्युन्मय केबिल में स्विच जुड़े हुए हैं या नहीं, यह जांचने के लिए ध्रुवता परीक्षण करने के लिए किस विद्युत घटक का उपयोग किया जाता है?

A. ऐमीटर (Ammeter)

B. मेगर (Megger)

C. मल्टीमीटर (Multimeter)

D. टेस्ट लैंप (Test lamp) ✓

Q10 Part B

वाहन सड़क परीक्षण कराने का मुख्य कारण क्या है?

A. यह सुनिश्चित करने के लिए कि वाहन सुरक्षित और उचित प्रकार से कार्य कर रहा है ✓

B. ईंधन दक्षता बढ़ाने के लिए

C. निरीक्षणों की आवश्यकता से बचने के लिए

D. यह जांचने के लिए कि वाहन कितनी तेजी से चल सकता है

Q11 Part B

भू-दोष पाश प्रतिबाधा की माप का मात्रक क्या होता है?

A. वोल्ट (V)

B. एम्पीयर (A)

C. फैराड (F)

D. ओम (Ω) ✓

Q12 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा, कार्यशाला में प्रमुख विद्युत सुरक्षा सुझाव (tip) है?

A. विद्युत पैनलों को साफ करने के लिए जल का उपयोग करें

B. गीले हाथों से मशीनों को प्रचालित करें

C. यदि डिवाइस अभी भी कार्य कर रहा है तो घिसे हुए तारों की उपेक्षा करें

D. सुनिश्चित करें कि विद्युत उपकरण ठीक से ग्राउंडेड (grounded) है ✓

Q13 Part B

प्रत्यावर्तित्र के प्रति फेज emf का RMS मान _____ द्वारा दिया जाता है।
(दिया गया है: Φ = प्रति ध्रुव अभिवाह, f = प्रेरित emf की आवृत्ति, T प्रति फेज कुंडलियों या फेरो की संख्या है और Z प्रत्यावर्तित्र में श्रेणी/फेज में चालक या कुंडली पक्षों की संख्या है।)

A. 4.44 ΦfT ✓

B. 4.44 ΦZ

C. 4.44 ΦfZ

D. 2.22 ΦfT

Q14 Part B

निवारक अनुरक्षण का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

A. ब्रेकडाउन होने पर मरम्मत में देरी करना

B. नियमित निरीक्षण की आवश्यकता को समाप्त करना

C. कर्मचारियों के कार्यभार को बढ़ाना

D. अप्रत्याशित उपकरण विफलताओं को कम करना ✓

Q15 Part B

निम्नलिखित में से किस स्क्रूड्राइवर में क्रॉस-आकृति की युक्तियाँ होती हैं जिनके फिलिप्स रिसेस्ड हेड स्क्रू में क्रूसिफ़ॉर्म खांचे से स्लिप होने की संभावना नहीं होती है?

A. रैचेट स्क्रूड्राइवर (Ratchet screwdriver)

B. ऑफ़सेट स्क्रूड्राइवर (Offset screwdriver)

C. क्रॉस-रिसेस स्क्रूड्राइवर (Cross-recess screwdriver) ✓

D. स्टम्पी स्क्रूड्राइवर (Stumpy screwdriver)

Q16 Part B

स्टार संयोजित 3-फेज प्रणाली के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. न्यूट्रल तार का उपयोग केवल ग्राउंडिंग उद्देश्यों के लिए किया जाता है।

B. स्टार संयोजित 3-फेज प्रणाली में दो न्यूट्रल तार होते हैं।

C. संतुलित आदर्श लोड की स्थिति में न्यूट्रल तार कोई धारा वहन नहीं करता है। ✓

D. न्यूट्रल तार में फेज तारों की तुलना में वोल्टेज उच्चतर होता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 Part B

पाइप भू-संपर्कन में, भू-संपर्कन चालक को पाइप से जोड़ने के लिए किसका उपयोग किया जाता है?

A. सोल्डरन (Soldering)

B. बोल्ट और नट (Bolts and nuts)

C. वेल्डिंग (Welding) ✓

D. टेप (Tape)

Q18 Part B

भू-संपर्कन प्रणाली माप के संदर्भ में, 'भू-प्रतिरोध' किसको संदर्भित करता है?

A. धारा प्रवाह का प्रतिरोध करने की भू-पट्ट (ground) की क्षमता ✓

B. 1 मीटर की दूरी पर भू-पट्ट के किन्हीं भी दो बिंदुओं के बीच प्रतिरोध

- B. वाहनों और मशीनरी के विनिर्माण में पतली शीटों को जोड़ना ✓
- C. मोटी स्टील प्लेटों को जोड़ना
- D. धातु की जटिल मूर्तियाँ बनाना

Q41 Part B

किसी परिपथ में तीन प्रतिरोधक हैं, जो 15 ओम, 10 ओम और 20 ओम के हैं। 10-ओम और 20-ओम के प्रतिरोधकों के समांतर क्रम संयोजन के साथ 15-ओम का प्रतिरोधक श्रेणीक्रम में है। यदि परिपथ में 24 V की बैटरी लगाई जाती है, तो परिपथ से प्रवाहित होने वाली कुल धारा ज्ञात कीजिए।

- A. 1.1 A ✓
- B. 2.1 A
- C. 0.1 A
- D. 3.1 A

Q42 Part B

कार की क्लच प्रणाली का महत्वपूर्ण घटक क्लच हाउसिंग (clutch housing) पर स्थित होता है, जो एक खोखली शैफ्ट (hollow shaft) के अनुदिश स्लाइड करता है और द्रवचालित या केबल दाब की सहायता से क्लच फोर्क (clutch fork) के माध्यम से गति करता है, उसे _____ कहा जाता है।

- A. क्लच रिलीज बियरिंग (clutch release bearing) ✓
- B. कुशन कमानी (cushion spring)
- C. लीवर (lever)
- D. फोर्क आर्म (fork arm)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q43 Part B

निम्नलिखित में से किस प्रकार के स्नेहक का उपयोग ठोस कणों के रूप में किया जाता है?

A. सिलिका

B. ग्रीस

C. ग्रेफाइट ✓

D. ठोस मोम

Q44 Part B

माइक्रोमीटर समायोजन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा चरण **गलत** है?

A. सेट स्क्रू ढूंढें और उसे ढीला करें।

B. फ्रिक्शन स्टॉप का उपयोग करके माइक्रोमीटर खोलें। ✓

C. बाहरी सिलेंडर के छेद में रिंच का बड़ा सिरा डालें।

D. सिलेंडर को घुमाने के लिए रिंच का उपयोग जब तक करें जब तक कि शून्य संरेखित न हो जाए।

Q45 Part B

डीजल इंजन में, ऊष्मा की आपूर्ति निम्नलिखित में से किस ऊष्मागतिक प्रक्रम में की जाती है?

A. रुद्धोष्म संपीडन प्रक्रम में

B. स्थिर आयतन प्रक्रम में

C. स्थिर ताप प्रक्रम में

D. स्थिर दाब प्रक्रम में ✓

Q46 Part B

किसी मूल ड्राइंग के लिए शीट का आकार चुनते समय, मुख्य रूप से किस पर विचार किया जाना चाहिए?

A. आवश्यक स्पष्टता और रिज़ॉल्यूशन। ✓

B. ड्राइंग का अभिविन्यास (क्षैतिज या ऊर्ध्वाधर)।

C. पुनरुत्पादन का आकार।

D. ड्राइंग ऑफिस का मानक आकार।

Q47 Part B

जब दाब प्लेट की स्थिति इस प्रकार होती है कि क्लच की कुशन कमानी संपीड़ित **नहीं** होती है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है?

A. यह संलग्नता प्रावस्था में होता है।

B. क्लच बंद हो जाता है।

C. क्लच खुल जाता है। ✓

D. यह आंशिक संलग्नता प्रावस्था में होता है।

Q48 Part B

गास्केट, सील और अंतरक (spacers) _____ का उपयोग करके बनाए जाते हैं।

A. पिन पंच (pin punch)

B. सेंटर पंच (centre punch)

C. प्रिक पंच (prick punch)

D. खोखले पंच (hollow punch) ✓

Q49 Part B

धारा को मापने के लिए मल्टीमीटर का उपयोग करते समय, निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है?

A. मल्टीमीटर को केवल प्रतिरोधी घटकों के बीच जोड़ा जाता है।

B. मल्टीमीटर को सीधे विद्युत स्रोत से जोड़ा जाता है।

C. मल्टीमीटर को लोड के साथ श्रेणी क्रम में जोड़ा जाता है। ✓

D. मल्टीमीटर को लोड के साथ समांतर क्रम में जोड़ा जाता है।

Q50 Part B

ओममीटर का उपयोग करके किसी प्रतिरोधक का प्रतिरोध मापते समय शून्य प्रतिरोध का पाठ्यांक क्या दर्शाता है?

A. प्रतिरोधक विवृत परिपथित है।

B. प्रतिरोधक, लधु परिपथित है। ✓

C. ओममीटर ख़राब है।

D. प्रतिरोधक सामान्य रूप से कार्य कर रहा है।

Q51 Part B

सड़क पर वाहन चलाने के लिए इंजन टॉर्क को ड्राइविंग पहियों (driving wheels) तक पारेषित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी प्रणाली प्रयुक्त की जाती है?

A. पारेषण प्रणाली (Transmission system) ✓

B. चर्तुदंड श्रृंखला यंत्रावली (Four bar chain mechanism)

C. स्टीयरिंग प्रणाली (Steering system)

D. विभेदी गियर यंत्रावली (Differential gear mechanism)

Q52 Part B

निम्नलिखित में से रेती (file) का कौन-सा भाग रेती को पकड़ने के लिए टैंग (tang) पर फिट किया गया भाग है?

A. टिप या पॉइंट (Tip or Point)

B. एज (Edge)

C. टैंग (Tang)

D. हैंडल (Handle) ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q53 Part B

एयरलाइन उद्योगों में निम्नलिखित में से किस प्रकार के स्नेहक तेलों का उपयोग किया जाता है?

A. ग्रीस और मधुमोम स्नेहक

B. बायोडीजल स्नेहक

C. सिंथेटिक स्नेहक ✓

D. प्राकृतिक पेट्रोलियम स्नेहक

Q54 Part B

पिस्टन बेयरिंग के निर्माण के लिए निम्नलिखित में से किस धातु का उपयोग **नहीं** किया जाता है?

A. सिलिकॉन

B. सीसा

C. तांबा

D. ढलवाँ लोहा ✓

Q55 Part B

कार्यस्थल पर अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आपको क्या करना चाहिए?

A. चेतावनी के संकेतों और निर्देशों की उपेक्षा करें।

B. व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण पहनें। ✓

C. उपकरणों की जांच किए बिना जल्दबाजी में काम करें।

D. कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने के लिए जोखिम उठाएं।

Q56 Part B

वेग-समय ग्राफ में, ऋणात्मक प्रवणता _____ को निरूपित करती है।

A. त्वरण

B. दूरी

C. विस्थापन

D. मंदन ✓

Q57 Part B

यदि क्लच लाइनिंग पर तेल या ग्रीस पाया जाता है, तो क्या किया जाना चाहिए?

A. प्रेशर स्प्रिंग को कसें

B. नई लाइनिंग बदलें ✓

C. पेट्रोल से साफ करें

D. अधिक ग्रीस लगाएं

Q58 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सी विधि, आंतरिक दहन इंजन में, विशेष रूप से संवृष्ट इंजन कोष्ठ में, क्रैंकशैफ्ट जर्नल के चारों ओर संयोजी दंड को फिट करने के लिए अधिक कुशल तरीका प्रदान करके आसान समन्वायोजन और विसमन्वायोजन में मदद करती है?

A. संयोजी दंड पर रैखिक रूप से स्मॉल एंड ट्रिमिंग (small end trimming)

B. संयोजी दंड पर लंबकोणीय रूप से बिग एंड स्प्लिट (big end split)

C. संयोजी दंड पर रैखिक रूप से स्मॉल एंड यूनियन (small end union)

D. संयोजी दंड पर तिर्यक रूप से बिग एंड स्प्लिट (big end split) ✓

Q59 Part B

रबर के अंदर होने वाले घर्षण से प्रति इकाई विरूपण में ऊर्जा हानि का प्रतिशत, जो रबर में ऊष्मा उत्पादित करता है, और तापमान के संदर्भ में मापा जाता है, उसे _____ के रूप में जाना जाता है।

A. शैथिल्य (hysteresis) ✓

B. प्रतिस्थितित्व (resilience)

C. क्रीप (creep)

D. प्रतिबल-विकृति परीक्षण (stress-strain test)

Q60 Part B

निम्नलिखित में से किस प्रकार के प्लायर का उपयोग तारों में लूप का आकार देने और हल्की धातु की पट्टियों में वक्र बनाने के लिए किया जाता है?

A. अंत कर्तन प्लायर (End cutting pliers)

B. सर्पण जोड़ प्लायर (Slip-joint pliers)

C. चपटे मुख वाला प्लायर (Flat nose pliers)

D. गोलमुख प्लायर (Round nose pliers) ✓

Q61 Part B

क्षीण मिश्रण का उपयोग करते समय पर्याप्त इग्निशन टाइमिंग एडवांस (ignition timing advance) प्रदान न करने का क्या परिणाम होता है?

A. शक्ति निर्गत में वृद्धि

B. बेहतर ईंधन वाष्पन

C. इंजन का अतितापन और अपज्वलन ✓

D. निम्नतर ईंधन खपत

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q62 Part B

पिस्टन और सिलिंडर की दीवार के बीच एक ट्यूब जैसी संरचना होती है जो सिलिंडर के अंदर वायु और ईंधन के प्रवाह को नियंत्रित करती है। इस वाल्व के किनारे एक छोटा सा छेद होता है जो सिलिंडर के छेद के साथ तुरंत जुड़ जाता है। इस वाल्व को _____ के रूप में जाना जाता है।

A. पोर्ट के रूप में वाल्व
B. बट्टरफ़्लाई वाल्व
C. स्लीव वाल्व ✓
D. पॉपेट वाल्व

Q63 Part B

वह तंत्र जो नोदक शैफ्ट के पावर को पश्च धुरी में विभक्त कर सकता है और वाहन के मुड़ने पर पीछे के पहियों की चाल में परिवर्तन उत्पन्न कर सकता है, क्या कहलाता है?

A. इंटीग्रल यूनिट (integral unit)
B. ऑटोमैटिक क्लच यूनिट (automatic clutch unit)
C. टॉर्क कन्वर्टर (torque convertor)
D. डिफरेंशियल यूनिट (differential unit) ✓

Q64 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व स्नेहन तेल में प्रति-निघर्षण योजक (anti-wear additive) के रूप में प्रयुक्त किया जाता है?

A. बेरियम (Ba)
B. कैल्शियम (Ca)
C. बोरोन (B)
D. कॉपर (Cu) ✓

Q65 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा डिजाइन, कनेक्टिंग रॉड कवर और कनेक्टिंग रॉड बॉडी के संपर्क सर्पण और अक्षीय मिसप्लेसमेंट को प्रभावी रूप से रोकता है?

A. ऋजु कट डिजाइन (Straight cut design)
B. तिर्यक कट डिजाइन (Obliquely cut design) ✓
C. अंडाकार कट डिजाइन (Oval cut design)
D. वक्ररेखी कट डिजाइन (Curvilinear cut design)

Q66 Part B

ब्रेकिंग सिस्टम में मास्टर सिलेंडर का मुख्य कार्य क्या है?

A. ब्रेक के द्रव स्तर को मापना
B. ब्रेक संचालित करने के लिए हाइड्रोलिक दाब का निर्माण करना ✓
C. सड़क से कंपन को अवशोषित करना
D. इंजन की चाल को नियंत्रित करना

Q67 Part B

बल प्रवर्धन (force amplification) के लिए प्रयुक्त औजार का क्या नाम है?

A. लीवर (Lever) ✓
B. व्हील (Wheel)
C. ऐलेन की (Allen key)
D. स्क्रू ड्राइवर (Screw driver)

Q68 Part B

BIS SP 46-2003 के अनुसार, इंजीनियरी ड्राइंग में निम्नलिखित में से कौन-सा अनुप्रयोग चेन-पतली रेखा (chain-thin line) द्वारा सही ढंग से दर्शाया जाता है?

A. छिपे हुए कोर (Hidden edges)
B. केंद्र रेखाएँ (Center lines) ✓
C. विमा रेखाएँ (Dimension lines)
D. दृश्यमान कोर (Visible edges)

Q69 Part B

CI इंजन में संपीडन स्ट्रोक के बाद वायु का तापमान _____।

A. उच्च होता है, लेकिन ईंधन को प्रज्वलित करने के लिए पर्याप्त नहीं होता, इसलिए ईंधन को प्रज्वलित करने के लिए स्पार्क प्लग का उपयोग किया जाता है
B. इतना अधिक होता है कि वह किसी बाह्य प्रज्वलन स्रोत के बिना भी ईंधन को स्वतः प्रज्वलित कर सकता है ✓
C. केवल परिवेश तापमान होता है
D. परिवेश तापमान से कम होता है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q70 Part B

चतुः स्ट्रोक डीजल इंजन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **गलत** है?

A. C.I. इंजन में, स्ट्रोक के दौरान वायु-ईंधन मिश्रण का चूषण होता है और ईंधन को संपीडन स्ट्रोक के अंत के निकट सिलेंडर में अंतः क्षेपित किया जाता है। ✓

B. C.I. इंजन में, स्ट्रोक के दौरान केवल वायु को चूषण होता है और ईंधन को संपीडन स्ट्रोक के अंत के निकट सिलेंडर में अंतः क्षेपित किया जाता है।

C. पेट्रोल और डीजल दोनों इंजनों में चक्रों में चूषण, संपीडन, प्रज्वलन, प्रसरण और रेचन सम्मिलित होते हैं।

D. C.I. इंजन (या डीजल इंजन) का प्रचालन व्यावहारिक रूप से S.I. इंजन के समान ही होता है।

Q71 Part B

यदि शुष्क-प्ररूपी वायु शोधक (dry-type air cleaner) का वायु फिल्टर अवयव अवरुद्ध हो जाए, तो क्या करना चाहिए?

A. इसे बदलें ✓


B. इसे संपीडित वायु से साफ करें

C. इसे अपमार्जक से धोएँ

D. इसका दृष्टिगत निरीक्षण करें

Q72 Part B

दिए गए चित्र के आधार पर, दर्शाए गए जैक के प्रकार की पहचान कीजिए।



A. ट्रॉली टाइप हाइड्रोलिक जैक (Trolley type hydraulic jack)

B. हैवी ड्यूटी बॉटल टाइप हाइड्रोलिक जैक (Heavy duty bottle type hydraulic jack)

C. एक्सल स्टैंड (Axle stand)

D. लाइट वेट स्क्रू जैक - मैनुअल टाइप लिफ्टिंग जैक (Light weight screw jack - manual type lifting jack) ✓

Q73 Part B

$\cos\theta$

A. $\frac{5}{4}$

B. $\frac{3}{4}$

C. $\frac{3}{5}$

D. $\frac{4}{5}$ ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q74 Part B

यांत्रिक दक्षता के संदर्भ में क्रैंकशाफ्ट पर विकसित शक्ति के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजक सही है?

मान लीजिए BP - ब्रेक शक्ति, IP - संकेतित शक्ति है।

A. IP = यांत्रिक दक्षता X PB

B. $BP = \frac{(\text{यांत्रिक दक्षता} + IP)}{100}$

C. BP = IP X यांत्रिक दक्षता ✓

D. $BP = \frac{\text{यांत्रिक दक्षता}}{IP}$

Q75 Part B

$(\frac{3}{8}) + (\frac{5}{12})$

A. $\frac{17}{24}$

B. $\frac{19}{24}$ ✓

C. $\frac{8}{20}$

D. $\frac{7}{12}$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Part B — 75 Questions • Answer Key

Q1 Part B

मरोड़ छड़ (torsion bar) एक इस्पात छड़ होती है जो _____ के द्वारा प्रचालित होती है।

A. अपरूपण विकृति और अनुदैर्ध्य विकृति दोनों
B. संपीडन प्रतिबल और ऐंठन प्रतिबल दोनों
C. तनन और संपीडन प्रतिबल दोनों
D. ऐंठन और अपरूपण प्रतिबल दोनों ✓

Q2 Part B

वाहनों में स्टीयरिंग प्रणाली के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

A. इससे सड़क के पृष्ठ से लगने वाले आघातों को पहियों से ड्राईवर के हाथों तक नहीं पहुंचना चाहिए।
B. इसे ड्राईवर द्वारा स्टीयरिंग चक्र पर लगाए गए टर्निंग एफर्ट (turning effort) से गुणा करना चाहिए।
C. अतिअवमंदित अवमंदक के उपयोग से ड्राईवर द्वारा स्टीयरिंग चक्र पर लगाए गए टर्निंग एफर्ट को न्यूनतम किया जाना चाहिए। ✓
D. स्टीयरिंग प्रणाली का कार्य स्टीयरिंग चक्र की घूर्णी गति को आगे के पहियों की कोणीय टर्न में परिवर्तित करना है।

Q3 Part B

जब टायर में हवा कम भरी होती है, तो क्या होता है?

A. टायर सड़क पर बेहतर पकड़ बनाता है।
B. टायर अप्रभावित रहता है।
C. टायर का मध्य भाग तेजी से घिसता है।
D. टायर किनारों पर तेजी से घिसता है। ✓

Q4 Part B

एक उपकरण 240 V पर प्रचालित होता है और 480 W विद्युत की खपत करता है। उपकरण से प्रवाहित होने वाली धारा कितनी है?

A. 2.5 A
B. 1 A
C. 1.5 A
D. 2 A ✓

Q5 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा एक मूल मात्रक है?

A. वॉट
B. पास्कल
C. मीटर ✓
D. न्यूटन

Q6 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा शाफ्ट, प्रकार 4 वाल्व प्रति सिलेंडर विन्यास के आसान कार्यान्वयन की सुविधा देता है?

A. एकल शिरोपरि कैम सेटअप
B. मल्टीसिलेंडर इंजन सेटअप का क्रैंकशाफ्ट
C. कैम और फॉलोवर रॉकर आर्म सेटअप
D. दोहरा शिरोपरि कैम सेटअप ✓

Q7 Part B

ईंधन तंत्र में द्वितीयक फ़िल्टर कहाँ स्थापित किया जाता है?

A. ईंधन टैंक के अंदर
B. फ़ीड पंप के बाद
C. प्राथमिक फ़िल्टर के आउटलेट पक्ष पर ✓
D. ईंधन टैंक से पहले

Q8 Part B

अपशिष्ट क्या है?

A. कृषि के लिए बहुमूल्य पदार्थ
B. अवांछित या अनुपयोगी पदार्थ ✓
C. उद्योगों के लिए उपयोगी पदार्थ
D. जीवधारियों के लिए प्राकृतिक संसाधन

Q9 Part B

कार्बुरेटर (carburetor) के मुख्य परिपथ में त्वरक पैडल (accelerator pedal) दबाने पर क्या होता है?

A. मुख्य जेट बंद होता है
B. निर्वात घटता है
C. उपरोधी (Throttle) खुलता है ✓
D. वायु वेग घटता है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q10 Part B

इंजीनियरी ड्राइंग में पेंसिलों को _____ के आधार पर रेटिंग दी जाती है।

A. लेड के रंग

B. लेड के आकार

C. लेड के टिकाऊपन

D. लेड की कठोरता या मृदुता ✓

Q11 Part B

निम्नलिखित में से हैमर-हेड का कौन-सा भाग, रिवेटन और बंकन जैसे कार्यों के लिए रूपण और संभवन के लिए उपयोग किया जाता है?

A. आइहोल (Eyehole)

B. फ़ेस (Face)

C. पीन (Pein) ✓

D. चीक (Cheek)

Q12 Part B

लेड एसिड बैटरी (Lead Acid battery) की चार्जिंग प्रक्रिया के दौरान बैटरी में होने वाला रासायनिक प्रभाव क्या होता है?

A. लेड सल्फेट लेड और सल्फ्यूरिक अम्ल में विघटित हो जाता है ✓

B. लेड, सल्फर के साथ अभिक्रिया करके लेड सल्फेट बनाता है

C. सल्फ्यूरिक अम्ल हाइड्रोजन और सल्फेट आयनों में वियोजित हो जाता है

D. जल का हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में वियोजन होता है

Q13 Part B

एक कॉन्स्टेंट मेश गियरबॉक्स (constant mesh gearbox) प्रायः कितने मैनुअल ट्रांसमिशन कॉन्फ़िगरेशन के साथ आता है?

A. यह 5-स्पीड 1-रिवर्स मैनुअल ट्रांसमिशन कॉन्फ़िगरेशन के साथ आता है।

B. यह 4-स्पीड 1-रिवर्स मैनुअल ट्रांसमिशन कॉन्फ़िगरेशन के साथ आता है। ✓

C. यह 6-स्पीड 1-रिवर्स मैनुअल ट्रांसमिशन कॉन्फ़िगरेशन के साथ आता है।

D. यह 3-स्पीड 1-रिवर्स मैनुअल ट्रांसमिशन कॉन्फ़िगरेशन के साथ आता है।

Q14 Part B

जब पैडल-असिस्टेड प्रकार के ब्रेक में ब्रेक पैडल दबाया जाता है, तो क्या होता है?

A. पावर सिलेंडर सक्रिय हो जाता है। ✓

B. इंजन बंद हो जाता है।

C. क्लच रिलीज़ हो जाता है।

D. एक्सीलरेटर नियुक्त (engage) हो जाता है।

Q15 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा p-प्रकार के अर्धचालक का उदाहरण है?

A. फॉस्फोरस से अपमिश्रित किया गया जर्मेनियम

B. बोरॉन से अपमिश्रित किया गया सिलिकॉन ✓

C. फॉस्फोरस से अपमिश्रित किया गया सिलिकॉन

D. आर्सेनिक से अपमिश्रित किया गया सिलिकॉन

Q16 Part B

टू स्ट्रोक इंजन में रेचन गैसों को _____ द्वारा बाहर निकाल दिया जाता है।

A. चूषण स्ट्रोक के लगभग अंत में केसिंग में प्रवेश करने वाली फ्रेश वायु

B. कार्यकारी स्ट्रोक के लगभग अंत में सिलेंडर में प्रवेश करने वाले ईंधन के फ्रेश चार्ज ✓

C. संपीडन स्ट्रोक के लगभग अंत में सिलेंडर में प्रवेश करने वाले ईंधन के फ्रेश चार्ज

D. कार्यकारी स्ट्रोक के लगभग अंत में सिलेंडर में प्रवेश करने वाले रेचक से ईंधन के बचे हुए चार्ज

Q17 Part B

SAE श्यानता रेटिंग के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या गाढ़े तेल (thicker oil) को दर्शाती है जो ग्रीष्म ऋतु में श्यानता विखंडन का बेहतर प्रतिरोध करता है?

A. 0W से 5W

B. −6W से −70W

C. 100W से 160W

D. 40W से 50W ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 Part B

औद्योगिक अपशिष्ट के लिए उचित निपटान प्रक्रियाओं का पालन करना क्यों महत्वपूर्ण है?

A. आवश्यक कचरा डिब्बों की संख्या को कम करने के लिए

B. अपशिष्ट को कहीं भी विघटित होने देने के लिए

C. कचरे के वर्गीकरण में लगने वाले समय और आयास को बचाने के लिए

D. पर्यावरण नियमों का पालन करने के लिए तथा प्रदूषण को कम करने के लिए ✓

Q19 Part B

एक प्रकार का कक्ष जिसमें दहन स्थान अनिवार्य रूप से एक एकल कोटर होता है जिसमें कक्ष के एक भाग से दूसरे भाग पर बहुत कम प्रतिबंध होता है, और इसलिए दहन प्रक्रिया के दौरान कक्ष के भागों के बीच दबाव में कोई बड़ा अंतर नहीं होता है, उसे _____ कहा जाता है।

A. वायु-कोशिका दहन कक्ष

B. सतही गहराई वाला दहन कक्ष

C. पूर्व-दहन कक्ष

D. खुला दहन कक्ष ✓

Q20 Part B

प्रकाशिक उत्तापमापी (optical pyrometer) क्या मापता है?

A. पृष्ठ का तापमान ✓

B. गैसों का दाब

C. द्रवों का आयतन

D. द्रवों का आपेक्षिक घनत्व

Q21 Part B

प्रोट्रैक्टर (protractor) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

कथन:

1. प्रोट्रैक्टर का उपयोग दोनों तरफ के कोण मापने के लिए किया जा सकता है।
2. प्रोट्रैक्टर सामान्यतः दृढ़ धातु सामग्री से बना होता है।

A. केवल कथन 1 सत्य है ✓

B. कोई भी कथन सत्य नहीं है

C. केवल कथन 2 सत्य है

D. दोनों कथन सत्य हैं

Q22 Part B

स्क्राइब्ड (scribed) रेखाओं पर गभीर साक्ष्य चिह्न (witness mark) बनाने तथा ड्रिल को सही तरीके से शुरू करना आसान बनाने के लिए निम्नलिखित में से किस पंच (punch) का उपयोग किया जाता है?

A. सेंटर पंच (Centre punch) ✓

B. सॉलिड पंच (Solid punch)

C. प्रिक पंच (Prick punch)

D. पिन पंच (Pin punch)

Q23 Part B

ब्रेक पेडल चालक द्वारा लगाए गए बल को किस घटक पर स्थानांतरित करता है जो हाइड्रोलिक दाब आरंभ करता है?

A. हाइड्रोलिक संपीडन द्वारा ब्रेक ड्रम (Brake drum)

B. यांत्रिक लिंकेज के माध्यम से मास्टर सिलिंडर ✓

C. सीधे लिंकेज (direct linkage) के माध्यम से व्हील सिलिंडर

D. दाब तरल के माध्यम से ब्रेक शूज (Brake shoes)

Q24 Part B

भारत द्वारा खतरनाक अपशिष्ट के निपटान और प्रहस्तन को विनियमित करने के लिए खतरनाक अपशिष्ट (प्रबंधन तथा प्रहस्तन) नियमावली कब लागू किया गया?

A. 1987

B. 2000

C. 1989 ✓

D. 1982

Q25 Part B

इंजीनियरी ड्राइंग में, बिना किसी मोटाई वाले गतिमान बिंदु के पथ रूप में किसे परिभाषित किया जाता है?

A. बिंदु

B. कोण

C. वक्र

D. रेखा ✓

Q26 Part B

क्लच प्लेट के पुन:आस्तरण (relining) से क्या तात्पर्य है?

A. क्लच प्लेट को पेट्रोल से साफ करना

B. क्लच प्लेट पर घिसी हुई घर्षण सामग्री को बदलना ✓

C. प्रेशर स्प्रिंग को कसना

D. संपूर्ण क्लच असेंबली को बदलना

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q27 Part B

संयोजी छड़ में किस प्रकार का बेयरिंग लगाया जाता है, जिससे गजन पिन (gudgeon pin), संयोजी छड़ के दोलायमान लघु सिरे के लिए बेयरिंग प्रदान कर सके?

A. टेपर रोलर बेयरिंग

B. जर्नल बेयरिंग

C. नीडल बेयरिंग ✓

D. बॉल बेयरिंग

Q28 Part B

ब्रेजन (brazing) में उपयोग किए जाने वाले भरक पदार्थ को व्यावसायिक रूप से _____ के रूप में जाना जाता है।

A. मिश्रातु (alloy)

B. सोल्डर (solder)

C. अभिवाह (flux)

D. स्पेल्टर (spelter) ✓

Q29 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सी विधि अर्ध-फ्लोटिंग प्रकार के पिस्टन पिन को लॉक करने के लिए कार्यान्वित की जाती है?

A. वेल्डिंग

B. रिवेटिंग

C. स्क्रू ✓

D. ग्लूइंग

Q30 Part B

इंजन का निम्नलिखित में से कौन-सा भाग, सभी प्रचालन परिस्थितियों के अनुरूप वाल्वों के खुलने के समय को समायोजित करता है और इंजन की चाल एवं लोड की विस्तृत श्रृंखला में आदर्श चार्ज चक्र सुनिश्चित करता है?

A. कैमशैफ्ट ✓

B. क्रैंकशैफ्ट

C. क्रैंक

D. संदोलक भुजा

Q31 Part B

स्नेहन तेल में धातु परिक्षेपक या अपमार्जक का उपयोग योजक के रूप में क्यों किया जाता है?

A. ये संपूर्ण प्रणाली में बुलबुले बनने और धूमिका को नियंत्रित करने के लिए प्रयुक्त किए जाते हैं।

B. ये संपूर्ण प्रणाली में निक्षेप निर्माण को नियंत्रित करने के लिए प्रयुक्त किए जाते हैं। ✓

C. ये उच्च तापमान पर संपूर्ण प्रणाली में श्यानता सूचकांक और मोम निर्माण को नियंत्रित करने के लिए प्रयुक्त किए जाते हैं।

D. ये संपूर्ण प्रणाली में कणों के अवसादन के निर्माण को नियंत्रित करने के लिए प्रयुक्त किए जाते हैं।

Q32 Part B

IS:1360-1989 के अनुसार T1 'T' स्क्वायर की ब्लेड की लंबाई कितनी होती है?

A. 500 mm

B. 1500 mm

C. 1000 mm ✓

D. 700 mm

Q33 Part B

डीजल ईंधन में मौजूद अशुद्धता, सेडिमेंटेशन टाइप फिल्टर में क्यों जम जाती हैं?

A. अशुद्धताओं के चुंबकीय गुण के कारण

B. अशुद्धताओं के निम्नतर घनत्व के कारण

C. अशुद्धताओं के उच्चतर तापमान के कारण

D. अशुद्धताओं के उच्चतर जड़त्व के कारण ✓

Q34 Part B

IC इंजन के किस भाग में प्रचालन के दौरान पिस्टन गति करता है?

A. सिलिंडर आस्तरक (Cylinder liner) ✓

B. सिलिंडर शीर्ष (Cylinder head)

C. क्रैंक कोष्ठ (Crankcase)

D. सम्प (Sump)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q35 Part B

यदि किसी पदार्थ का रैखिक प्रसार गुणांक $2 \times 10^{-5}\ °C^{-1}$ है, तो इसका क्या अर्थ है?

A. पदार्थ प्रति डिग्री सेल्सियस अपने मूल आयतन से 2×10^{-5} गुना फैलता है।

B. पदार्थ प्रति डिग्री सेल्सियस अपने मूल क्षेत्रफल से 2×10^{-5} गुना फैलता है।

C. पदार्थ प्रति डिग्री सेल्सियस अपनी मूल लंबाई से 2×10^{-5} गुना फैलता है। ✓

D. ताप में 1°C की वृद्धि होने पर पदार्थ हमेशा 2×10^{-5} kg बढ़ता है।

Q36 Part B

सिलेंडर हेड गैस्केट को इंजन के निम्नलिखित में से किन दो भागों के बीच लगाया जाता है?

A. सिलेंडर हेड और जल जैकेट

B. पपेट (puppet) वाल्व और सिलेंडर ब्लॉक

C. सिलेंडर ब्लॉक और सिलेंडर हेड ✓

D. पिस्टन रिंग और सिलेंडर हेड

Q37 Part B

कैमशाफ्ट के आधार वृत्त से, कैम लोब की ऊपर उठने वाली दूरी को क्या कहा जाता है?

A. मशरूम वाल्व लिफ्ट (mushroom valve lift)

B. रॉकर आर्म लिफ्ट (rocker arm lift)

C. ग्रॉस लिफ्ट (gross lift)

D. लोब लिफ्ट (lobe lift) ✓

Q38 Part B

किंग पिन (king pin), _____ के अनुदिश दिशात्मक स्थायित्व प्रदान करता है।

A. बहि:सरण (Toe-out)

B. कैम्बर कोण (Camber Angle)

C. अन्त:सरण (Toe-in)

D. कैस्टर कोण (Castor Angle) ✓

Q39 Part B

निम्नलिखित में से कौन-से कथन ड्राइंग शीट पर अभिविन्यास चिह्नों के स्थानन और उद्देश्य का सही वर्णन करते हैं?

1. ड्राइंग बोर्ड पर सही अभिविन्यास को इंगित करने के लिए ड्राइंग शीट के दो विपरीत कोनों पर अभिविन्यास चिह्न लगाए जाते हैं।
2. अभिविन्यास चिह्नों में फ्रेम के आर-पार रखे गए तीर के सिरे होते हैं, जिनमें से एक छोटे पक्ष और दूसरा लंबे पक्ष पर होता है, जो केंद्र चिह्नों के साथ संपाती होता है।
3. अभिविन्यास चिह्नों में से एक सदैव ड्राफ्ट्समैन की ओर इंगित करता है, जो उस दिशा को इंगित है जिसमें ड्राइंग शीट लगाई जानी चाहिए।
4. सटीक केंद्रीकरण के लिए ड्राइंग शीट के प्रत्येक पक्ष के मध्य बिंदु को चिह्नित करने के लिए अभिविन्यास चिह्नों का उपयोग किया जाता है।

A. केवल 1, 2 और 4

B. केवल 1, 2 और 3

C. केवल 1 और 4

D. केवल 2 और 3 ✓

Q40 Part B

जब पिस्टन एक संपीडन बल बनाने के लिए ऊपर की ओर बढ़ता है, निम्नलिखित में से कौन-सा भाग हिलने से इंजन में अंतर्गम वाल्व बंद हो जाता है?

A. संयोजी दण्ड मूवमेंट (Connecting rod movement)

B. कुंडलिनी कमानी मूवमेंट (Helical spring movement)

C. कैमशैफ्ट मूवमेंट (Camshaft movement) ✓

D. क्रैंकशैफ्ट मूवमेंट (Crankshaft movement)

Q41 Part B

यदि किसी मशीन की दक्षता 80% है, तो इसका क्या अर्थ है?

A. मशीन में इनपुट की 20% हानि होती है। ✓

B. मशीन का वेग अनुपात और यांत्रिक लाभ दोनों 80 के बराबर होते है।

C. मशीन इनपुट से ज़्यादा आउटपुट देती है।

D. मशीन को इनपुट ऊर्जा में कोई हानि नहीं होती है।

Q42 Part B

_____ एक प्रकार की कमानी है जिसे अधिकांशतः वाहन क्लच असेंबली के भाग के रूप में प्रयुक्त किया जाता है, और इसका मुख्य कार्य दाब प्लेट और चालन प्लेट (क्लच डिस्क) को जोड़ना और अलग करना है।

A. लैमिनेटेड कमानी (Laminated spring)

B. सर्पिल कमानी (Spiral spring)

C. पत्ती कमानी (Leaf spring)

D. डायाफ्राम कमानी (Diaphragm spring) ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q43 Part B

स्फुर बट वेल्डिंग (Flash butt welding) और बट वेल्डिंग (butt welding) विशेषतः निम्नलिखित में से किसकी वेल्डिंग के लिए उपयुक्त हैं?

A. पतले तार

B. परिशुद्ध संरेखण की अपेक्षा वाले पाइप

C. विभिन्न आकृतियों वाले बड़े खंड ✓

D. लघु, जटिल घटक

Q44 Part B

_____ ब्रेक, एक प्रकार का ऐसा ब्रेक है जिसमें मास्टर सिलेंडर से तरल, एक कैलिपर में जाता है जहाँ यह पिस्टन के विरुद्ध दाब डालता है। इसके बाद पिस्टन, पहिए से जुड़े डिस्क (रोटर) के विरुद्ध दो ब्रेक पैड को निष्पीडित (squeeze) करता है, जिससे पहिया धीमा हो जाता है या रुक जाता है।

A. डिस्क ✓

B. निर्वात

C. ड्रम

D. विद्युत

Q45 Part B

फ्यूज और परिपथ विच्छेदक के बीच मुख्य अंतर, निम्नलिखित में से कौन-सा है?

A. फ्यूज का उपयोग उच्च-वोल्टेज परिपथ के लिए किया जाता है, जबकि परिपथ विच्छेदक का उपयोग निम्न-वोल्टेज परिपथ के लिए किया जाता है।

B. फ्यूज एक बार उपयोग होने वाला उपकरण है, जबकि परिपथ विच्छेदक को रीसेट करके पुनः उपयोग किया जा सकता है। ✓

C. ट्रिपिंग के बाद फ्यूज को रीसेट किया जा सकता है, जबकि परिपथ विच्छेदक को बदलना पड़ता है।

D. फ्यूज एक यांत्रिक उपकरण है, जबकि परिपथ विच्छेदक एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है।

Q46 Part B

प्रतिरोध वेल्डिंग मशीन (resistance welding machine) में जल शीतलन तंत्र का उद्देश्य क्या है?

A. ट्रांसफार्मर को शीतलित करना

B. बल क्रियाविधि (force mechanism) को शीतलित करना

C. इलेक्ट्रोड को शीतलित करना ✓

D. कार्य खंड को शीतलित करना

Q47 Part B

फाइनल ड्राइव (final drive), नोदक शैफ्ट से पश्च धुरी तक और फिर पहियों तक पावर ट्रांसमिशन का अंतिम चरण है। यह नोदक शैफ्ट की गति को निम्नलिखित में से किस कोण पर टर्न (turn) करता है?

A. अग्र धुरी को ड्राइव करने के लिए −45 डिग्री कोण पर

B. पश्च धुरी को ड्राइव करने के लिए समकोण पर ✓

C. पश्च धुरी को ड्राइव करने के लिए बराबर एवं विपरीत कोण पर

D. पश्च धुरी को ड्राइव करने के लिए 45 डिग्री कोण पर

Q48 Part B

शीट के समाकर्तित आकारों की सही लंबाई और चौड़ाई का मिलान कीजिए।

पद (Designation)	समाकर्तित आकार (Trimmed size)
A. A0	P. 297 × 420
B. A1	Q. 420× 594
C. A2	R. 594 × 841
D. A3	S. 841 × 1189

A. A - S, B - R, C - Q, D - P ✓

B. A - P, B - R, C - Q, D - S

C. A - S, B - R, C - P, D - Q

D. A - R, B - S, C - Q, D - P

Q49 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा, शक्ति नियंत्रण अनुप्रयोगों में थाइरिस्टर का उपयोग करने का प्रमुख लाभ है?

A. निम्न वोल्टेज हैंडलिंग क्षमताएँ

B. छोटा आकार और निम्न लागत

C. उच्च दक्षता और निम्न शक्ति ह्रास ✓

D. उच्च आवृत्ति स्विचिंग

Q50 Part B

व्हील बेयरिंग सील (wheel bearing seals) का मुख्य कार्य क्या है?

A. टायर के दाब में वृद्धि करना

B. स्नेहक क्षरण को रोकना और गंदगी/आर्द्रता को ब्लॉक करना ✓

C. पहिये को घूर्णन से रोकना

D. बेयरिंग प्रचक्रण को तीव्र करना

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q51 Part B

किसी निश्चित संपीडन अनुपात के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

A. डीजल चक्र सर्वाधिक दक्ष होता है।

B. द्वि-चक्र सर्वाधिक दक्ष होता है।

C. ऑटो चक्र सर्वाधिक दक्ष होता है। ✓

D. ऑटो और डीजल दोनों चक्र समान रूप से दक्ष होते हैं।

Q52 Part B

इंजीनियरिंग ड्राइंग (अक्षर लेखन और संख्यांकन) में, एकल स्ट्रोक का अर्थ है कि _____।

A. अक्षर या संख्या की रेखा की मोटाई पेंसिल के दो स्ट्रोक में प्राप्त की जाती है

B. अक्षर या संख्या की रेखा की मोटाई पेंसिल के एक स्ट्रोक में प्राप्त की जाती है ✓

C. अक्षर या संख्या की रेखा की मोटाई पेंसिल के तीन स्ट्रोक में प्राप्त की जाती है

D. अक्षर या संख्या की रेखा की मोटाई पेंसिल के किसी भी स्ट्रोक में प्राप्त नहीं होती है

Q53 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा पंच मार्क, विभाजक बिंदु की शुद्ध स्थिति और सुस्थापन के लिए उपयोग किया जाता है?

A. 120° के प्रिक पंच मार्क

B. 30° के प्रिक पंच मार्क ✓

C. 30° के सेंटर पंच मार्क

D. 60° के सेंटर पंच मार्क

Q54 Part B

संपीडन अनुपात के संदर्भ में डीजल चक्र और उसकी वायु मानक दक्षता के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. संपीडन अनुपात में वृद्धि के साथ वायु मानक दक्षता कम हो जाती है।

B. संपीडन अनुपात में वृद्धि के साथ डीजल चक्र की वायु मानक दक्षता बढ़ जाती है। ✓

C. किसी दिए गए संपीडन अनुपात के लिए, ऑटो चक्र सबसे कम दक्ष होता है जबकि डीजल चक्र सबसे अधिक दक्ष होता है।

D. डीजल इंजन के लिए अधिकतम संपीडन अनुपात अधिस्फोटन द्वारा सीमित होता है।

Q55 Part B

निम्नलिखित में से किस प्रकार के वाल्व का उपयोग चार स्ट्रोक इंजन में **नहीं** किया जाता है?

A. रीड वाल्व

B. बटरफ़्लाई वाल्व ✓

C. छत्रक वाल्व

D. घूर्णी वाल्व

Q56 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, TIG वेल्डिंग में अक्रिय गैस की भूमिका का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

A. वेल्ड पूल को शीतलित करना

B. भरक धातु के रूप में कार्य करना

C. वेल्डिंग की स्पीड में वृद्धि करना

D. वेल्ड क्षेत्र (weld zone) को वायुमंडलीय संदूषण से बचाना ✓

Q57 Part B

निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?

कथन I - अनीलन प्रक्रम, कठोरता को कम करने और विभिन्न स्टील्स, कच्चा लोहा और मिश्र धातुओं की तन्यता और चर्मलता को बढ़ाने के लिए ऊष्मा का उपयोग करती है।

कथन II - शमन एक शीघ्र शीतलन प्रक्रिया है जो शीतलन दर में बदलाव करके पढ़ार्थों के विशिष्ट गुणों को बदल देती है।

A. कथन (I) गलत है जबकि कथन (II) सही है।

B. कथन (I) और (II) दोनों सही हैं। ✓

C. कथन (I) सही है जबकि कथन (II) गलत है।

D. कथन (I) और (II) दोनों गलत हैं।

Q58 Part B

तार गेज (wire gauge) के उपयोग के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प **गलत** है?

A. यह तार के व्यास को मापता है।

B. यह तार की धारा वहन क्षमता को निर्धारित करने में मदद नहीं करता है। ✓

C. गलत तार गेज का उपयोग करने से उपकरण एवं इलेक्ट्रॉनिक युक्तियां क्षतिग्रस्त हो सकती हैं।

D. इसका उपयोग विद्युत संस्थापनों, वेल्डिंग और अन्य अनुप्रयोगों में किया जाता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q59 Part B

इंजीनियरी ड्राइंग में किसी विशिष्ट लंबाई की वक्रित रेखा खींचते समय, सटीकता सुनिश्चित करने के लिए कौन-सा उपकरण (tool) सबसे उपयुक्त होता है?

A. चांदा (Protractor)

B. परकार (Compass)

C. फ्रेंच वक्र (French curve) ✓

D. स्ट्रेटएज (Straightedge)

Q60 Part B

SAE श्यानता रेटिंग संख्याएँ, जैसे 0W या 5W क्या व्यक्त करती हैं?

A. यह गाढ़े तेल को व्यक्त करता है जो ठंडा होने पर श्यानता विखंडन का बेहतर प्रतिरोध करता है

B. उच्च श्यानता तेल और अतप्त प्रवर्तन के लिए कठिन प्रवाह

C. अतप्त प्रवर्तन (cold starting) के लिए आसान तेल प्रवाह ✓

D. यह गाढ़े तेल को व्यक्त करता है जो गर्म होने पर श्यानता विखंडन का बेहतर प्रतिरोध करता है

Q61 Part B

निम्नलिखित में से किस प्रकार के वुडन मैलेट (wooden mallets) का उपयोग पैनल बीटिंग को खोखला करने के लिए किया जाता है?

A. साइड-फेक्ड मैलेट (Side-faked mallets)

B. बॉसिंग मैलेट (Bossing mallets) ✓

C. इंड-फेक्ड मैलेट (End-faked mallets)

D. स्टैनडर्ड वुडन मैलेट (Standard wooden mallets)

Q62 Part B

डायल बोर प्रमापी के निम्नलिखित भागों में से कौन-सा भाग, सभी घटकों को एक साथ रखने के लिए उपयोग किया जाता है और इसमें डायल पर प्लंजर गति को प्रेषित करने के लिए एक तंत्र (mechanism) होता है?

A. स्लाइडिंग प्लंजर (Sliding plunger)

B. आधरण (Anvil)

C. एक्सटेंशन रिंग (Extension rings)

D. स्टेम (Stem) ✓

Q63 Part B

कार्बुरेटर (carburetor) में ईंधन को विघटित करके वायु में मिश्रित करने की प्रक्रिया को क्या कहा जाता है?

A. कार्बुरेशन ✓

B. प्रज्वलन

C. पायसीकरण

D. दहन

Q64 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सी, संगलन वेल्डिंग की विशेषता है?

A. इसमें केवल समान धातुओं का उपयोग किया जाता है

B. इसमें बिना दाब के, भरक धातु के साथ या उसके बिना, किनारों को पिघलाया और जोड़ा जाता है ✓

C. इसमें केवल उच्च दाब में धातुओं को जोड़ा जाता है

D. इसमें दाब प्रयुक्त करने के लिए विशेष उपकरण की आवश्यकता होती है

Q65 Part B

निम्नलिखित में से किस प्रकार के इंजन में अनियमित प्रचालन होता है, जो इसलिए होता है क्योंकि सिलेंडर में प्रवेश करने वाले ताजा मिश्रण की मात्रा सभी रेचन गैसों को साफ करने के लिए पर्याप्त नहीं होती है और इसका एक हिस्सा चार्ज को संदूषित करने के लिए सिलेंडर में रहता है?

A. चतुः स्ट्रोक डीजल इंजन (Four-stroke diesel engine)

B. चतुः स्ट्रोक पेट्रोल इंजन (Four-stroke petrol engine)

C. द्वि-स्ट्रोक पेट्रोल इंजन (Two-stroke petrol engine) ✓

D. द्वि-स्ट्रोक डीजल इंजन (Two-stroke diesel engine)

Q66 Part B

किसी वाहन में ब्रेक लगाने का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

A. ईंधन टैंक खोलना

B. ईंधन दक्षता में सुधार करना

C. वाहन की चाल बढ़ाना

D. वाहन को रोकना या धीमा करना ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q67 Part B

पीजोइलेक्ट्रिक (piezoelectric) डिवाइस में विद्युत ऊर्जा के उत्पादन के लिए प्राथमिक सिद्धांत क्या है?

- **A.** यांत्रिक प्रतिबल का विद्युत ऊर्जा में रूपांतरण ✓
- **B.** तापीय ऊर्जा का विद्युत ऊर्जा में रूपांतरण
- **C.** रासायनिक ऊर्जा का विद्युत ऊर्जा में रूपांतरण
- **D.** प्रकाश ऊर्जा का विद्युत ऊर्जा में रूपांतरण

Q68 Part B

निम्नलिखित में से किस प्रकार के वुडन मैलेट का उपयोग, सामान्य प्रयोजन के कार्य जैसे कि चिपटा करने और बंकन के लिए किया जाता है?

- **A.** साइड-फेक्ड मैलेट (Side-faked mallets)
- **B.** स्टैंडर्ड वुडन मैलेट (Standard wooden mallets) ✓
- **C.** इंड-फेक्ड मैलेट (End-faked mallets)
- **D.** बॉसिंग मैलेट (Bossing mallets)

Q69 Part B

संयोजी छड़ का मूल कार्य क्या है?

- **A.** पिस्टन हेड की प्रत्यागामी गति को कैमशैफ्ट की घूर्णी गति में परिवर्तित करना है
- **B.** पिस्टन की वक्ररेखीय गति को कैमशैफ्ट की रैखिक गति में परिवर्तित करना है
- **C.** क्रैंकशैफ्ट की रैखिक गति को पिस्टन की घूर्णी गति में परिवर्तित करना है
- **D.** पिस्टन की प्रत्यागामी गति को क्रैंकशैफ्ट की घूर्णी गति में परिवर्तित करना है ✓

Q70 Part B

निम्नलिखित में से मरोड़ कमानी के संबंध में कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

- **A.** यह पत्ती कमानी सिस्टम से हल्का होता है।
- **B.** यह चालन या आरोधन बलाघूर्ण लेता है, और इस उद्देश्य के लिए अतिरिक्त लिंक मैकेनिज्म की आवश्यकता नहीं होती है। ✓
- **C.** यह कमानी बहुत साफ-सुथरा और कॉम्पैक्ट डिज़ाइन प्रदान करती है।
- **D.** इस कमानी को कम जगह की आवश्यकता होती है।

Q71 Part B

अप्रत्यक्ष अंत:क्षेपण दहन कक्ष (indirect injection combustion chamber) का सही कार्य निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प संदर्भित करता है?

- **A.** इसमें संसीमित स्थान होता है, जिसमें वायु और ईंधन के मिश्रण को जलाया जाता है। ✓
- **B.** यह क्रैंकशैफ्ट को हाउस (house) तथा गाइड (guide) करता है।
- **C.** इसमें वायु के अंदर और बाहर जाने के लिए पोर्ट (इनलेट और आउटलेट) की व्यवस्था होती है।
- **D.** इसमें तापमान भिन्नता को सहन करने का गुण नहीं होता है।

Q72 Part B

वर्नियर कैलीपर का यथार्थता स्तर कितना है, जिसकी रीडिंग यह ले सकता है?

- **A.** 0.02 mm ✓
- **B.** 0.2 mm
- **C.** 0.01 mm
- **D.** 0.1 mm

Q73 Part B

हाइड्रोलिक ब्रेक प्रणाली _____ के सिद्धांत पर कार्य करती है।

- **A.** न्यूटन के नियम
- **B.** ओम के नियम
- **C.** बॉयल के नियम
- **D.** पास्कल के नियम ✓

Q74 Part B

विराम अवस्था वाले 500 g द्रव्यमान के एक भार को, धकेलने के लिए कितने बल (आयास) की आवश्यकता होगी, ताकि 20 m की दूरी पर उसका अंतिम वेग 20 m/s हो जाए [मान लें कि कोई घर्षण नहीं है और 'g' = 10 m/s^2]


- **A.** 5 N ✓
- **B.** 10 J
- **C.** 5 J
- **D.** 10 N

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q75 Part B

नीचे दर्शाए गए ब्रेजित संधि (brazed joint) के प्रकार की पहचान करें।



A. स्ट्रैप्ड लैप (Strapped Lap)

B. जॉगल लैप (Joggle Lap)

C. बटेड फ्लैंज (Butted Flange)

D. सरल लैप (Simple Lap) ✓

Blackbook

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Part B — 75 Questions • Answer Key

Q1 Part B

निम्नलिखित में से किस सामग्री का उपयोग ऑर्गेनिक ब्रेक लाइनिंग में बाइंडिंग एजेंट के रूप में किया जाता है?

A. कपास (Cotton)

B. रेजिन (Resin) ✓

C. रबड़ (Rubber)

D. धातु चूर्ण (Metal powder)

Q2 Part B

27°C को केल्विन पैमाने में परिवर्तित करने पर कौन-सा विकल्प सही होगा?

A. – 300 K

B. – 246 K

C. 300 K ✓

D. 246 K

Q3 Part B

ब्रेजिंग (Brazing) के दौरान फ्लक्स का प्राथमिक कार्य _____ है।

A. स्पेल्टर (spelter) के गलनांक को बढ़ाना

B. जोड़ को अधिक सौंदर्यपूर्ण रूप से मनभावन बनाना

C. जोड़ को मजबूत करना

D. जंग हटाना और वायुमंडलीय प्रभावों को रोकना ✓

Q4 Part B

प्राकृतिक रबर उच्च ताप पर नरम और निम्न ताप पर भंगुर होता है; इसलिए कच्चे रबर को प्रबल बनाने के लिए इसे 373 - 415 K के बीच के तापमान पर सल्फर और अन्य योजकों के साथ गर्म किया जाता है। इस प्रक्रिया को रबर का _____ कहा जाता है।

A. वल्कनीकरण ✓

B. मोल्डिंग

C. उत्सारण

D. लेटेक्स

Q5 Part B

निम्नलिखित में से कौन-से रूपांतरण, सही हैं?

A. 1 L = 1 dm^3 और 1 mL = 1 cm^3 ✓

B. 1 L = 1000 dm^3 और 1 mL = 1000 cm^3

C. 1000 L = 1 dm^3 और 1 mL = 1000 cm^3

D. 1000 L = 1 dm^3 और 1000 mL = 1 cm^3

Q6 Part B

मार्किंग टेबल (marking table) के देखभाल और अनुरक्षण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **गलत** है?

A. उपयोग के बाद, मार्किंग टेबल को मुलायम कपड़े से साफ करना चाहिए।

B. मार्किंग टेबल के पृष्ठ पर तेल की पतली परत नहीं लगानी चाहिए। ✓

C. मार्किंग टेबल को क्षतिग्रस्त होने से बचाना चाहिए।

D. मार्किंग टेबल को जंग लगने से बचाना चाहिए।

Q7 Part B

ट्राई स्क्वायर द्वारा मापन की यथार्थता लगभग _____ होती है।

A. 0.001 mm प्रति 10 mm लंबाई

B. 0.02 mm प्रति 10 mm लंबाई

C. 0.002 mm प्रति 10 mm लंबाई ✓

D. 0.004 mm प्रति 10 mm लंबाई

Q8 Part B

वाहन सड़क परीक्षण कराने का मुख्य कारण क्या है?

A. यह सुनिश्चित करने के लिए कि वाहन सुरक्षित और उचित प्रकार से कार्य कर रहा है ✓

B. ईंधन दक्षता बढ़ाने के लिए

C. निरीक्षणों की आवश्यकता से बचने के लिए

D. यह जांचने के लिए कि वाहन कितनी तेजी से चल सकता है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 Part B

किसी टेंडम मास्टर सिलेंडर में कितने चेक-वाल्व (check-valve) होते हैं?

- A. दो, एक आगे के ब्रेक के लिए और एक पीछे के ब्रेक के लिए ✓
- B. कोई नहीं; यह केवल पंप का उपयोग करता है
- C. प्रत्येक पहिये के लिए तीन
- D. सभी ब्रेक के लिए एक

Q10 Part B

द्वि-स्ट्रोक पेट्रोल इंजन में, पिस्टन के उपरिमुखी स्ट्रोक के दौरान, पिस्टन में गैसें संपीडित होती हैं और साथ ही, प्रचालन के दौरान निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य भी किया जाता है?

- A. शुद्ध ईंधन वाल्व के माध्यम से क्रैंक कक्ष से सिलेंडर में प्रवेश करता है।
- B. शुद्ध वायु और ईंधन (पेट्रोल) मिश्रण वाल्व के माध्यम से क्रैंक कक्ष में प्रवेश करता है। ✓
- C. रेचन गैसें वाल्व के माध्यम से क्रैंक कक्ष में प्रवेश करती हैं।
- D. पेट्रोल इंजन के लिए शुद्ध वायु वाल्व रेचन द्वार के माध्यम से कक्ष से सिलेंडर में प्रवेश करती है।

Q11 Part B

संपीडन प्रज्वलन इंजन के संबंध में कौन-सा कथन सही है?

- A. पेट्रोल इंजन की तुलना में डीजल इंजन कम रव उत्पन्न करता है।
- B. डीजल इंजन को स्टार्ट करना आसान है क्योंकि पेट्रोल इंजन की तुलना में कम क्रैंकिंग आयास की आवश्यकता होती है।
- C. डीजल इंजन की प्रारंभिक और अनुरक्षण लागत पेट्रोल इंजन की तुलना में कम होती है।
- D. पेट्रोल इंजन की तुलना में प्रचालन चाल परिसर कम होता है। ✓

Q12 Part B

शाफ्ट में सामग्री को जोड़ने या हटाने के माध्यम से शाफ्ट के घूर्णन के ज्यामितीय अक्ष के साथ मुख्य जड़त्व अक्ष को संरेखित करने के प्रक्रम को किस रूप में जाना जाता है?

- A. समानांतर संरेखण
- B. कोणीय संरेखण
- C. साम्यावस्था
- D. संतुलन ✓

Q13 Part B

क्लच स्लेव सिलेंडर (clutch slave cylinder) _____ को गति कराके क्लच को इंजन से अलग कर देता है।

- A. कुशन स्प्रिंग (cushion spring)
- B. दाब प्लेट (pressure plate) ✓
- C. पत्ती कमानी (leaf spring)
- D. सनालिका शैफ्ट (spline shaft)

Q14 Part B

'चरम प्रतिबल' की SI मात्रक _____ है।

- A. पास्कल (Pa) ✓
- B. जूल प्रति वर्ग मीटर (J/m^2)
- C. न्यूटन प्रति मीटर (N/m)
- D. न्यूटन (N)

Q15 Part B

निम्नलिखित में से किस स्क्रूड्राइवर में क्रॉस-आकृति की युक्तियाँ होती हैं जिनके फिलिप्स रिसेस्ड हेड स्क्रू में क्रूसिफ़ॉर्म खांचे से स्लिप होने की संभावना नहीं होती है?

- A. रैचेट स्क्रूड्राइवर (Ratchet screwdriver)
- B. ऑफ़सेट स्क्रूड्राइवर (Offset screwdriver)
- C. क्रॉस-रिसेस स्क्रूड्राइवर (Cross-recess screwdriver) ✓
- D. स्टम्पी स्क्रूड्राइवर (Stumpy screwdriver)

Q16 Part B

डायल बोर गेज मापयंत्र की यथार्थता निम्नलिखित में से किस भाग पर निर्भर करती है?

- A. लघुगणकीय डायल पर एक मार्किंग
- B. अर्धवृत्ताकार पैमाने पर एक तीर
- C. अंशांकित डायल पर एक संकेतक ✓
- D. रैखिक पैमाने पर एक बिंदु सूचक

Q17 Part B

सोल्डर से जोड़ी जाने वाली धातुओं की तुलना में, सोल्डर का गलनांक _____ होता है।

- A. अप्रत्याशित
- B. बराबर (समान)
- C. उच्चतर
- D. निम्नतर ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 Part B

10 m × 8 m माप वाले एक आयताकार फर्श पर टाइल लगाई जानी है। यदि प्रत्येक टाइल 0.25 m^2 को कवर करती है, तो कितनी टाइलों की आवश्यकता होगी?

- A. 320 ✓
- B. 250
- C. 200
- D. 300

Q19 Part B

रेखा मानक (line standard) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **गलत** है?

- A. लंबन त्रुटि के अधीन होता है
- B. विस्तृत परास में त्वरित माप देता है
- C. दो उत्कीर्ण रेखाओं के बीच दूरी मापने के लिए उपयोग किया जाता है
- D. रेखा की मोटाई के कारण अधिक परिशुद्ध होता है ✓

Q20 Part B

_____ धातु की एकल पतली शीट है जो दाब लगाने पर दब जाती है और अधिकांश आधुनिक कारों में इसका व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। जब दाब हटा दिया जाता है, तो धातु अपनी मूल आकृति में वापस आ जाती है।

- A. पत्ती कमानी
- B. डायाफ्राम कमानी ✓
- C. कुशन कमानी
- D. सर्पिल कमानी

Q21 Part B

इंजन के क्रैंकशाफ्ट के संतुलन की गणना की प्रक्रिया के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

- A. क्रैंकशाफ्ट को संतुलित करने के लिए, 'भारी' छोर पर छिद्र करके धातु को तब तक हटाया जा सकता है जब तक संतुलन प्राप्त न हो जाए।
- B. क्रैंकशाफ्ट संतुलन में क्रैंकशाफ्ट के घूर्णी और प्रत्यागामी द्रव्यमानों की गणना शामिल होती है।
- C. इसमें क्रैंकशाफ्ट को संतुलित करने के लिए आवश्यक संतुलन युग्म और प्रतिभार द्रव्यमान का निर्धारण करना शामिल होता है।
- D. क्रैंकशाफ्ट को संतुलित करने के लिए, 'भारी' छोर पर वेल्डिंग सामग्री जमा करके धातु को तब तक जोड़ा जा सकता है जब तक संतुलन प्राप्त न हो जाए। ✓

Q22 Part B

100 mm के बिंदु पंच में 10 mm व्यास का बॉडी तथा _____ के कोण पर 6 mm व्यास का प्वाइंट ग्राउंड (point ground) हो सकता है।

- A. 60°
- B. 90° ✓
- C. 30°
- D. 120°

Q23 Part B

यदि ईंधन प्रणाली में वायु लॉक हो जाए, तो क्या हो सकता है?

- A. रेचन उत्सर्जन में कमी
- B. बेहतर इंजन कार्यप्रदर्शन
- C. इंजन का अनियमित रूप से चलना ✓
- D. ईंधन दक्षता में वृद्धि

Q24 Part B

विद्युत केबलों में परिरक्षण (shielding) का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

- A. केबल से होने वाली ऊष्मा हानि को रोकना
- B. केबल की वोल्टेज क्षमता (voltage capacity) को बढ़ाना
- C. केबल को बाह्य वैद्युतचुंबकीय व्यतिकरण से बचाना ✓
- D. केबल की धारावाही क्षमता को बढ़ाना

Q25 Part B

एक तर्क परिपथ में, तर्क गेट को क्रियान्वित करने के लिए तीन SPST (एक ध्रुवी एकक्षेपी) स्विच का उपयोग किया जाता है। स्विच श्रेणीक्रम में जुड़े होते हैं। यदि सभी स्विच बंद हैं तो परिपथ का आउटपुट कितना होगा?

- A. 1 ✓
- B. अपरिभाषित
- C. 0
- D. आउटपुट प्रयुक्त गेट के प्रकार पर निर्भर करेगा

Q26 Part B

डीजल ईंधन का उपयोग सामान्यतः निम्नलिखित में से किस प्रकार के वाहनों/यानों में किया जाता है?

- A. वायु आकाश यान
- B. स्कूटर
- C. भारी ट्रक और बसें ✓
- D. कार

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q27 Part B

तेल निस्यंदक में छन्नक (strainer) के रूप में निम्नलिखित में से किस प्रकार के पदार्थ का उपयोग **नहीं** किया जाता है?

A. नमदा (Felt)

B. पतली एल्युमिनियम पन्नी (Thin aluminum foil) ✓

C. तार स्क्रीन (Wire screen)

D. कपड़ा (Cloth)

Q28 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा, कार्यशाला में प्रमुख विद्युत सुरक्षा सुझाव (tip) है?

A. विद्युत पैनलों को साफ करने के लिए जल का उपयोग करें

B. गीले हाथों से मशीनों को प्रचालित करें

C. यदि डिवाइस अभी भी कार्य कर रहा है तो घिसे हुए तारों की उपेक्षा करें

D. सुनिश्चित करें कि विद्युत उपकरण ठीक से ग्राउंडेड (grounded) है ✓

Q29 Part B

ल्यूब ऑयल पंप (lube oil pump) के कार्यों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

A. पूरे इंजन में तेल का निरंतर परिसंचरण बनाए रखता है।

B. तेल को उच्च दाब के अधीन इंजन के प्रमुख घटकों में स्थानांतरित किया जाता है।

C. यह गैलरी से होकर विभिन्न क्षेत्रों तक तेल के मार्ग के लिए दिशा प्रदान करता है।

D. इंजन के चारों ओर इंजन स्नेहक का संचलन कठिन हो जाता है। ✓

Q30 Part B

निम्नलिखित में से किस कैलिपर के लिए, कैलिपर पाद को खोलने और बंद करने के लिए एक स्क्रू और नट प्रदान किया जाता है?

A. सरल कैलिपर्स

B. दृढ़ संधि कैलिपर्स

C. पाद और बिंदु कैलिपर्स

D. स्प्रिंग जोड़ कैलिपर्स ✓

Q31 Part B

टायर में हवा अधिक भरने का सबसे बड़ा नुकसान क्या है?

A. रोलिंग प्रतिरोध कम हो जाता है

B. झटका सहन करने की क्षमता बढ़ जाती है

C. बीच में टायर जल्दी घिस जाता है ✓

D. सड़क पर पकड़ बढ़ जाती है

Q32 Part B

ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन प्रणाली की निम्नलिखित में से कौन-सी अवस्था ट्रांसमिशन को लॉक कर देती है, जिससे वाहन की गति प्रतिबंधित हो जाती है?

A. ड्राइव (D) अवस्था

B. न्यूट्रल (N) अवस्था

C. लो (L) अवस्था

D. पार्क (P) अवस्था ✓

Q33 Part B

व्हील सिलिंडर में रबर सील की क्या भूमिका होती है?

A. ब्रेक तरल क्षरण को रोकना ✓

B. ब्रेक शू को वापस खींचना

C. हाइड्रोलिक दाब में वृद्धि करना

D. पिस्टन को ब्रेक शू से जोड़ना

Q34 Part B

गैसोलीन इंजन में प्रज्वालन कॉइल का मुख्य उद्देश्य क्या है?

A. इंजन के ताप को विनियमित करना

B. इंजन को ईंधन की आपूर्ति करना

C. इंजन की टाइमिंग को नियंत्रित करना

D. निम्न वोल्टता को उच्च वोल्टता में परिवर्तित करना ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q35 Part B

इंजीनियरिंग ड्राइंग में गैर-कार्यात्मक विमाओं (Non-Functional Dimensions - NF) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

कथन 1: गैर-कार्यात्मक विमाओं को बिना किसी सीमा के दिखाया जाता है, क्योंकि वे घटक या स्थान की कार्यक्षमता को प्रभावित नहीं करती हैं।
कथन 2: गैर-कार्यात्मक विमाओं का उपयोग विशिष्ट रूप से केवल संदर्भ उद्देश्यों के लिए किया जाता है और यह घटक या स्थान की असेंबली या प्रदर्शन को प्रभावित नहीं करती हैं।

A. केवल कथन 1 सत्य है
B. दोनों कथन सत्य हैं ✓
C. केवल कथन 2 सत्य है
D. कोई भी कथन सत्य नहीं है

Q36 Part B

ऑक्सी-ऐसीटिलीन वेल्डिंग में वेल्ड कुंड (weld pool) के ऑक्सीकरण के दौरान प्राथमिक रूप से कौन-सी गैस विमुक्त होती है?

A. नाइट्रोजन
B. कार्बन डाइऑक्साइड ✓
C. हाइड्रोजन
D. कार्बन मोनोऑक्साइड

Q37 Part B

जब किसी चालक से विद्युत धारा प्रवाहित होती है, तो उसमें ऊष्मीय प्रभाव उत्पन्न होने का प्राथमिक कारण क्या है?

A. चालक आस-पास के वातावरण से ऊष्मा को अवशोषित करता है।
B. चालक में विद्युत क्षेत्र के कारण ऊष्मा उत्पन्न होती है।
C. इलेक्ट्रॉनों की गति के कारण ऊष्मा उत्पन्न होती है। ✓
D. प्रोटॉन की गति के कारण ऊष्मा उत्पन्न होती है।

Q38 Part B

पिस्टन वलयों को वलय खांचों (grooves) में लगाया जाता है तथा उच्च-दाब गैसों के रिसाव को रोकने के लिए निम्नलिखित में से किन दो भागों के बीच सीलिंग (sealing) प्रदान की जाती है?

A. पिस्टन और सिलेंडर फिन
B. पिस्टन और सिलेंडर लाइनर ✓
C. पिस्टन और सिलेंडर हेड
D. पिस्टन और सिलेंडर ब्लॉक

Q39 Part B

180 डिग्री से अधिक के कोण को _____ कहा जाता है।

A. प्रतिवर्त कोण (reflex angle) ✓
B. अधिक कोण (obtuse angle)
C. समकोण (right angle)
D. न्यून कोण (acute angle)

Q40 Part B

चित्रीय ड्राइंग (Pictorial drawing) के लिए एक कथन और निष्कर्ष नीचे दिया गया है। उनके बीच तार्किक संबंध निर्धारित कीजिए।

कथन: चित्रीय ड्राइंग त्रि-विमीय होती हैं और किसी वस्तु का दृश्य निरूपण प्रदान करती हैं।

निष्कर्ष: इसलिए, चित्रीय ड्राइंग किसी पीस पार्ट (piece part) या घटक की आकृति का वर्णन करने के लिए उपयोगी होती हैं।

A. निष्कर्ष, कथन का तार्किक रूप से अनुसरण करता है। ✓
B. निष्कर्ष, कथन से असंबंधित है।
C. निष्कर्ष, कथन का तार्किक रूप से अनुसरण नहीं करता है।
D. निष्कर्ष आंशिक रूप से कथन द्वारा समर्थित है।

Q41 Part B

निवारक अनुरक्षण का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

A. ब्रेकडाउन होने पर मरम्मत में देरी करना
B. नियमित निरीक्षण की आवश्यकता को समाप्त करना
C. कर्मचारियों के कार्यभार को बढ़ाना
D. अप्रत्याशित उपकरण विफलताओं को कम करना ✓

Q42 Part B

_____, इंजीनियरिंग ड्राइंग में शीट आकार AO और A1 के लिए 20 mm चौड़े मार्जिन का सुझाव देती/देता है।

A. भौगोलिक निर्देशांक पद्धति (Geographic coordinate systems)
B. ग्रिड संदर्भ पद्धति (Grid reference system)
C. बॉर्डर और फ्रेम: SP: 46 (2003) {Borders and frames: SP: 46 (2003)} ✓
D. कस्टम ग्रिड (Custom grids)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q43 Part B

सिलिंडर शीर्ष से जुड़े भागों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

A. ईंधन के दहन और उसके परिणामस्वरूप ऊष्मीय ऊर्जा के निकलने से आवरण में दबाव बनता है। ✓

B. ईंधन इंजेक्टर का उपयोग इंजन सिलिंडर में ईंधन स्प्रे करने के लिए किया जाता है। इसे सिलिंडर शीर्ष पर लगाया जाता है।

C. दहन के दौरान सिलिंडर शीर्ष और पिस्टन टॉप के बीच का स्थान दहन कक्ष कहलाता है।

D. धातु के स्क्रू के माध्यम से स्पार्क प्लग को सिलिंडर शीर्ष प्लग में फिट किया जाता है।

Q44 Part B

एक प्रकार के ब्रेक में एक डायाफ्राम होता है जो सिलेंडर में प्रचालित होता है। एक तरफ ब्रेक लगाने के लिए, डायाफ्राम, वातावरणीय दाब के अधीन होता है जबकि दूसरी तरफ वायु को रेचित करके ऋणात्मक दाब लगाया जाता है, इसे _____ ब्रेक के रूप में जाना जाता है।

A. निर्वात ✓

B. वायु

C. विद्युत

D. द्रवचालित

Q45 Part B

ऐसे प्रोग्राम का वर्णन करने के लिए किस शब्द का उपयोग किया जाता है जो अपरकेस और लोअरकेस अक्षरों के बीच भेद करते हैं, उदाहरण के लिए, "yes" और "YES" को अलग-अलग इनपुट मानते हैं?

A. केस सेंसिटिव ✓

B. संख्यात्मक

C. वर्णमाला

D. केस-इनसेंसिटिव

Q46 Part B

सक्रिय आपातकाल के दौरान आपातकालीन सहायता दल के उत्तरदायित्वों में निम्नलिखित में से कौन-सी कार्यवाही शामिल है?

A. नियमित निकासी अभ्यास (evacuation drill) का समय निर्धारित करना

B. आपातकालीन घटनाओं पर रिपोर्ट तैयार करना

C. तत्काल खतरे में फंसे व्यक्तियों को बचाना ✓

D. नियमित सुरक्षा जांच आयोजित करना

Q47 Part B

प्राथमिक और द्वितीयक वैद्युतरासायनिक सेल के बीच मुख्य अंतर निम्नलिखित में क्या है?

A. प्राथमिक सेल को पुनः आवेशित किया जा सकता है, जबकि द्वितीयक सेल को पुनः आवेशित नहीं किया जा सकता।

B. द्वितीयक सेल प्राथमिक सेल की तुलना में अधिक ऊर्जा उत्पन्न करता है।

C. प्राथमिक और द्वितीयक सेल में कोई अंतर नहीं है।

D. प्राथमिक सेल को पुनः आवेशित नहीं किया जा सकता, जबकि द्वितीयक सेल को पुनः आवेशित किया जा सकता है। ✓

Q48 Part B

साइन बार (Sine bars) का उपयोग तब किया जाता है जब कोणों को मापने के लिए _____ से कम उच्च कोटि की यथार्थता की आवश्यकता होती है।

A. 1 मिनट ✓

B. 30 मिनट

C. 30 डिग्री

D. 1 डिग्री

Q49 Part B

निम्नलिखित में से किस प्रकार के पिस्टन वलय को IC इंजन में पिस्टन की शीर्ष पर रखा जाता है?

A. संपीडन वलय ✓

B. ऑयल वलय

C. वाइपर वलय

D. दाब वलय

Q50 Part B

यदि वाहन को गियर में डालते समय असामान्य रूप से उच्च आवाज या खनक सुनाई दे, या वाहन चलाते समय पावर प्राप्त करने में कठिनाई महसूस करे, तो धुरा (axle) में निम्नलिखित में से किस घटक के खराब होने की सर्वाधिक संभावना होती है?

A. प्रेरित शैफ्ट में बंकन

B. धुरा-संयुक्त क्षति (Axle-joint damage) ✓

C. अक्ष के लंबवत अनुप्रस्थ-काट क्षेत्रफल पर धुरा में दरार आ गई है

D. पहिये की बेयरिंग क्षतिग्रस्त है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q51 Part B

ऑक्सी-एसिटिलीन वेल्डिंग में ब्लोपाइप (blowpipe) का प्राथमिक कार्य क्या है?

- A. ऑक्सीजन और एसीटिलीन गैसों को नियंत्रित करना और मिलाना ✓
- B. गैस के दबाव को नियंत्रित करना
- C. फ्लैशबैक से सुरक्षा करना
- D. रेगुलेटर से गैस ले जाना

Q52 Part B

आंतरिक दहन (IC) इंजन में वलय फिट करते समय (fitting rings) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

- A. सबसे महत्वपूर्ण सावधानी यह है कि प्रत्येक वलय के अंतिम अंतराल की सावधानीपूर्वक जांच करके उचित वलय अंतराल और संरेखण सुनिश्चित किया जाए।
- B. पिस्टन हेड संवरण पृष्ठ (sealing surface) क्षेत्र को पूरी तरह से साफ करना आवश्यक है। ✓
- C. वलय को मरोड़े बिना अथवा क्षति पहुंचाए बिना उन्हें संस्थापित करने के लिए विशेष औजारों का उपयोग आवश्यक है।
- D. यह उचित दहन दाब बनाए रखने और तेल खपत संबंधी समस्याओं को रोकने के लिए महत्वपूर्ण है।

Q53 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प ईंधन उत्प्लाव से संबंधित प्रमुख जोखिम है?

- A. उत्पादकता में वृद्धि
- B. वेंटिलेशन (ventilation) की कम आवश्यकता
- C. अग्नि का संकट और पर्यावरण प्रदूषण ✓
- D. कार्यशाला के फर्श के लिए उचित स्नेहन

- B. बेवेल गेज समायोज्य होता है, जबकि बेवेल प्रोट्रेक्टर परिशुद्ध कोणीय माप प्रदान करता है। ✓
- C. कोई अंतर नहीं है; दोनों औजार समान हैं।
- D. बेवेल गेज स्थिर होता है, जबकि बेवेल प्रोट्रेक्टर समायोज्य होता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q43 Part B

ओममीटर का उपयोग करके किसी प्रतिरोधक का प्रतिरोध मापते समय शून्य प्रतिरोध का पाठ्यांक क्या दर्शाता है?

A. प्रतिरोधक विवृत परिपथित है।

B. प्रतिरोधक, लधु परिपथित है। ✓

C. ओममीटर ख़राब है।

D. प्रतिरोधक सामान्य रूप से कार्य कर रहा है।

Q44 Part B

कठोर धातुओं का कार्बाइड टूल से खरादन (turning) करते समय सामान्यतः नेगेटिव टॉप रेक (negative top rake) का उपयोग क्यों किया जाता है?

A. यह टूल के सामर्थ्य को बढ़ाता है और कर्तन बल को बेहतर ढंग से सहन करता है। ✓

B. यह कर्तन की चाल को बढ़ाता है और विद्युत की खपत को कम करता है।

C. यह टूल के निघर्षण को कम करता है और सतह की फिनिश को बेहतर बनाता है।

D. यह कर्तन तापमान को कम करता है और चिप प्रवाह को बेहतर बनाता है।

Q45 Part B

भारत में कार्यस्थल सुरक्षा विनियमों को लागू करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन उत्तरदायी है?

A. पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (EPA)

B. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)

C. खाद्य एवं औषधि प्रशासन (FDA)

D. महानिदेशालय, फैक्टरी सलाह सेवा और श्रम संस्थान (DGFASLI) ✓

Q46 Part B

स्लिप गेज (slip gauge) निर्दिष्ट करने का मात्रक क्या है?

A. मिलीमीटर ✓

B. किलोग्राम

C. किलोमीटर

D. न्यूटन

Q47 Part B

वेल्डिंग में निम्न-दाब फुंकनी/टॉर्च की मुख्य विशेषता निम्नलिखित में से कौन-सी है?

A. इसमें ऐसीटिलीन गैस की आपूर्ति के लिए बाह्य पंप की आवश्यकता होती है।

B. यह केवल उच्च-दाब वाले ऐसीटिलीन सिलेंडरों से प्रचालित होता है।

C. यह ऐसीटिलीन चूषण के लिए निर्वात बनाने हेतु उच्च-दाब वाले ऑक्सीजन का उपयोग करता है। ✓

D. यह प्रत्यक्ष रूप से ऐसीटिलीन और ऑक्सीजन को समान अनुपात में मिश्रित कर देता है।

Q48 Part B

CNC मिलिंग में टूल को स्वचालित रूप से बदलने के लिए किस M कोड का उपयोग किया जाता है?

A. M06 ✓

B. M19

C. M08

D. M30

Q49 Part B

कार्यस्थल पर अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आपको क्या करना चाहिए?

A. चेतावनी के संकेतों और निर्देशों की उपेक्षा करें।

B. व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण पहनें। ✓

C. उपकरणों की जांच किए बिना जल्दबाजी में काम करें।

D. कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने के लिए जोखिम उठाएं।

Q50 Part B

मार्किंग गेज (marking gauge) और मोर्टिस गेज (mortise gauge) के बीच मुख्य अंतर क्या है?

A. निर्माण सामग्री

B. समायोजन की विधि

C. स्क्राइबिंग पिनों (scribing pins) की संख्या ✓

D. औजार का आमाप

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q51 Part B

निम्न में से कौन-सी रेती, संकीर्ण खांचे और 10° से अधिक के कोण को रेतन करने के लिए उपयोग की जाती है?

- A. क्षुर-धार रेती ✓
- B. त्रिकोण-रेती
- C. चौरस रेती
- D. अर्धगोल रेती

Q52 Part B

वर्कपीस का वह प्रकार क्या कहलाता है जिसे 4-जॉ चक में सफलतापूर्वक रखा जा सकता है, और 3-जॉ चक में रखना मुश्किल हो सकता है?

- A. अनियमित या उत्केंद्र (eccentric) वर्कपीस ✓
- B. केवल षट्कोणीय (hexagonal) वर्कपीस
- C. केवल गोल (round) वर्कपीस
- D. केवल छोटे व्यास वाले वर्कपीस

Q53 Part B

किसी मूल ड्राइंग के लिए शीट का आकार चुनते समय, मुख्य रूप से किस पर विचार किया जाना चाहिए?

- A. आवश्यक स्पष्टता और रिज़ॉल्यूशन। ✓
- B. ड्राइंग का अभिविन्यास (क्षैतिज या ऊर्ध्वाधर)।
- C. पुनरुत्पादन का आकार।
- D. ड्राइंग ऑफिस का मानक आकार।

Q54 Part B

स्टेप टर्निंग प्रक्रिया (Step Turning Process) को पूरा करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा टूल आवश्यक **नहीं** है?

- A. स्निप्पिंग टूल (Snipping tool)
- B. पृथक्कारी टूल (Parting Tool)
- C. वर्नियर कैलिपर (Vernier Caliper) ✓
- D. खरादन टूल (Turning tool)

Q55 Part B

चर्मलता (Toughness) किसी पदार्थ की _____ की क्षमता है।

- A. आखुरकों (scratches) और दंतुरण (indentation) का प्रतिरोध करने
- B. विभंजन से पहले ऊर्जा अवशोषित करने ✓
- C. प्रत्यास्थ विरूपण का प्रतिरोध करने
- D. बिना किसी भंग के सुघट्य विरूपण से गुजरने

Q56 Part B

निम्नलिखित में से रेती (file) का कौन-सा भाग रेती को पकड़ने के लिए टैंग (tang) पर फिट किया गया भाग है?

- A. टिप या पॉइंट (Tip or Point)
- B. एज (Edge)
- C. टैंग (Tang)
- D. हैंडल (Handle) ✓

Q57 Part B

वास्तविक और कल्पित टूल स्थिति के बीच अंतर को पूरित करने के लिए CNC लेथ (CNC lathe) में टूल ऑफसेट मान कहां इनपुट किए जा सकते हैं?

- A. प्रोग्राम पैरामीटर सेटिंग्स (Program parameter settings)
- B. ज्योमेट्री पेज (Geometry page) ✓
- C. मशीन जीरो रेफरेंस पेज (Machine zero reference page)
- D. वर्क कोआर्डिनेट पेज (Work coordinate page)

Q58 Part B

CNC लेथ निरपेक्ष प्रोग्रामन (CNC lathe absolute programming) में X और Z निर्देशांक प्रणालियाँ क्या निरूपित करती हैं?

- A. X त्रिज्या को निरूपित करता है और Z, स्पिंडल केंद्र से दूरी को निरूपित करता है।
- B. X टूल की स्थिति को निरूपित करता है और Z स्पिंडल की चाल को निरूपित करता है।
- C. X व्यास को निरूपित करता है और Z परिष्कृत सिरे (finished end) से दूरी को निरूपित करता है। ✓
- D. X कटाई की गहराई को निरूपित करता है और Z टूल फ़ीड दर को निरूपित करता है।

Q59 Part B

BIS SP 46-2003 के अनुसार, इंजीनियरी ड्राइंग में निम्नलिखित में से कौन-सा अनुप्रयोग चेन-पतली रेखा (chain-thin line) द्वारा सही ढंग से दर्शाया जाता है?

- A. छिपे हुए कोर (Hidden edges)
- B. केंद्र रेखाएँ (Center lines) ✓
- C. विमा रेखाएँ (Dimension lines)
- D. दृश्यमान कोर (Visible edges)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q60 Part B

बेल्ट ड्राइव (belt drive) की तुलना में चेन ड्राइव (chain drive) का निम्नलिखित में से कौन-सा लाभ **गलत** है?

A. इससे शैफ्ट पर कम भार पड़ता है।

B. चेन की उत्पादन लागत अपेक्षाकृत अधिक होती है। ✓

C. यह उच्च प्रेषण दक्षता प्रदान करता है।

D. इसका उपयोग लंबी तथा छोटी दोनों दूरियों के लिए किया जा सकता है।

Q61 Part B

12 cm × 10 cm विमाओं वाली एक आयताकार शीट में से 3 cm त्रिज्या का एक वृत्तीय छिद्र काटा जाता है। शेष क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

(π = 3.14 लीजिए)

A. 100 cm^2

B. 91.74 cm^2 ✓

C. 95.86 cm^2

D. 75.74 cm^2

Q62 Part B

गैर-कार्यात्मक विमाएं (Non-functional dimensions) _____ होती हैं।

A. स्थान या घटक के कार्य के लिए आवश्यक

B. स्थान (space) या घटक (component) के कार्य के लिए आवश्यक नहीं ✓

C. सीधे ड्राइंग पर दिए गए मानों से व्युत्पन्न

D. ड्राइंग की संबंधित विशेषताओं के मानों से व्युत्पन्न

Q63 Part B

खाँचा टूल (grooving tool) पर 1° से 2° का साइड रिलीफ कोण (side relief angle) प्रदान करने का क्या उद्देश्य होता है?

A. कर्तन बल को कम करना

B. कर्तन गति को बढ़ाना

C. पृष्ठ की फिनिश में सुधार करना

D. खांचे की साइडों पर रगड़ को रोकना ✓

Q64 Part B

CNC टर्निंग में, टेलस्टॉक का उपयोग करने के लिए अनुशंसित लंबाई-व्यास (L/D) अनुपात परास क्या है और समानीत कटिंग प्राचलों के साथ यह किस L/D अनुपात तक वर्कपीस को होल्ड कर सकता है?

A. L/D, 6 और 12 के बीच; L/D 20 तक होल्ड कर सकता है

B. L/D, 3 से कम; L/D 5 तक होल्ड कर सकता है

C. L/D, 3 और 6 के बीच; L/D 10 तक होल्ड कर सकता है ✓

D. L/D, 1 और 3 के बीच; L/D 5 तक होल्ड कर सकता है

Q65 Part B

रूढ़ भ्रमिकर्तन (conventional milling) में, जिसे प्रति भ्रमिकर्तन (up-milling) के रूप में भी जाना जाता है, कर्तक के घूर्णन के सापेक्ष कार्यवस्तु को किस प्रकार रखा जाता है?

A. कर्तक के घूर्णन की समान दिशा में

B. कर्तक के घूर्णन के कोण पर

C. कर्तक के घूर्णन के विपरीत ✓

D. कर्तक के घूर्णन के लंबवत

Q66 Part B

लेड-एसिड बैटरी (lead-acid battery) में, विसर्जन के दौरान धनात्मक पट्टिका के लिए प्रयुक्त सामग्री का रासायनिक संघटन क्या है?

A. लेड (Pb)

B. सल्फ्यूरिक अम्ल (H_2SO_4)

C. लेड सल्फेट ($PbSO_4$) ✓

D. लेड डाइऑक्साइड (PbO_2)

Q67 Part B

जब कोई व्यक्ति विद्युत उपकरणों के संपर्क में आता है तो विद्युत अभिघात का मुख्य कारण क्या है?

A. उपकरणों का उपयोग बहुत लंबे समय तक किया जाता है।

B. विद्युत उपकरण उचित रूप से भू-सम्पर्कित नहीं होते हैं।

C. विद्युत उपकरण बहुत शक्तिशाली होते हैं।

D. धारा, शरीर से प्रवाहित होती है जिससे क्षति होती है। ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q68 Part B

इलेक्ट्रॉनिक डिजिटल कैलीपर _____ पर मापन प्रदर्शित करता है।

A. डायल गेज (dial gauge)

B. मैकेनिकल काउंटर (mechanical counter)

C. वर्नियर स्केल (Vernier scale)

D. लिक्विड क्रिस्टल डिस्प्ले स्क्रीन (liquid crystal display screen) ✓

Q69 Part B

आपातकालीन निकासी योजना (emergency evacuation plan) का क्या उद्देश्य है?

A. आपातकालीन स्थिति के दौरान सुरक्षित और व्यवस्थित निकासी सुनिश्चित करना ✓

B. उत्पादकता में वृद्धि करना

C. श्रमिकों को जल्दी जाने की सुविधा प्रदान करना

D. सुरक्षा अभ्यासों की उपेक्षा करना

Q70 Part B

चूड़ी कर्तन (thread cutting) में, 'BSW' का पूर्ण रूप _____ है।

A. British Standard Weight (ब्रिटिश स्टैंडर्ड वेट)

B. Bharath Standard Whitworth (भारत स्टैंडर्ड व्हिटवर्थ)

C. British Stationary Whitworth (ब्रिटिश स्टेशनरी व्हिटवर्थ)

D. British Standard Whitworth (ब्रिटिश स्टैंडर्ड व्हिटवर्थ) ✓

Q71 Part B

कार्यस्थल में सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करना प्रत्येक व्यक्ति के लिए क्यों महत्वपूर्ण होता है?

A. परिचालन लागत को सार्थक रूप से कम करने के लिए

B. लगातार पर्यवेक्षण की आवश्यकता को सीमित करने के लिए

C. समग्र उत्पादन दक्षता वृद्धि के लिए

D. जोखिमों को कम करने और दुर्घटनाओं से बचने के लिए ✓

Q72 Part B

दी गई पृष्ठ परिसज्जा प्रतीक क्या निरूपित करती है?



A. विशेष मशीनन विशेषताओं को निर्दिष्ट किया जाना चाहिए।

B. सामग्री को हटाने के लिए मशीनन की जानी चाहिए।

C. इस पृष्ठ पर सामग्री हटाने की अनुमति नहीं है। ✓

D. पृष्ठ को केवल पेषण का उपयोग करके परिसज्जा किया जाना चाहिए।

Q73 Part B

$(\frac{3}{8}) + (\frac{5}{12})$

A. $\frac{17}{24}$

B. $\frac{19}{24}$ ✓

C. $\frac{8}{20}$


D. $\frac{7}{12}$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q74 Part B

नीचे दी गई आकृतियों में से रफ फाइल ग्रेड (rough file grade) की पहचान किजिए।



A. (a) ✓

B. (c)

C. (d)

D. (b)

Q75 Part B

$\cos\theta$

A. $\frac{5}{4}$

B. $\frac{3}{4}$

C. $\frac{3}{5}$

D. $\frac{4}{5}$ ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q1 Part B

खराद (lathe) पर शुंडाकार खरादन संलग्नी (taper-turning attachment) का उपयोग करने की महत्वपूर्ण सीमा क्या है?

A. यह डुप्लिकेट शुंडाकृति बनाने के लिए उपयुक्त नहीं है।

B. इसका उपयोग शुंडाकार भागों पर चूड़ियाँ काटने के लिए नहीं किया जा सकता है।

C. इसका उपयोग केवल आंतरिक शुंडाकार खरादन संक्रियाओं के लिए किया जा सकता है।

D. यह केवल मंद शुंडाकार कोणों के खरादन (turning) तक ही सीमित है। ✓

Q2 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा, लेथ का बाह्य प्रचालन (Outer operation) है?

A. टेपिंग (Tapping)

B. फेसिंग (Facing) ✓

C. बोरिंग (Boring)

D. ड्रिलिंग (Drilling)

Q3 Part B

प्रवेधन (reaming) संक्रिया प्रारंभ करने से पहले परिवेधक का उचित संरेखण सुनिश्चित करने के लिए क्या किया जाना चाहिए?

A. संरेखण की जाँच किए बिना समान दाब डालें।

B. परिवेधक को लंबवत रखें और ट्राई स्क्वायर से जाँच करें। ✓

C. टैप रिंच को पूर्ण दाब के साथ दक्षिणावर्त घुमाएँ।

D. टैप रिंच को फिक्स करें और अधोमुखी दाब डालें।

Q4 Part B

निम्नलिखित में से किस प्रकार के वुडन मैलेट (wooden mallets) का उपयोग पैनल बीटिंग को खोखला करने के लिए किया जाता है?

A. साइड-फेक्ड मैलेट (Side-faked mallets)

B. बॉसिंग मैलेट (Bossing mallets) ✓

C. इंड-फेक्ड मैलेट (End-faked mallets)

D. स्टैनडर्ड वुडन मैलेट (Standard wooden mallets)

Q5 Part B

विराम अवस्था वाले 500 g द्रव्यमान के एक भार को, धकेलने के लिए कितने बल (आयास) की आवश्यकता होगी, ताकि 20 m की दूरी पर उसका अंतिम वेग 20 m/s हो जाए [मान लें कि कोई घर्षण नहीं है और 'g' = 10 m/s^2]

A. 5 N ✓

B. 10 J

C. 5 J

D. 10 N

Q6 Part B

फ्यूज और परिपथ विच्छेदक के बीच मुख्य अंतर, निम्नलिखित में से कौन-सा है?

A. फ्यूज का उपयोग उच्च-वोल्टेज परिपथ के लिए किया जाता है, जबकि परिपथ विच्छेदक का उपयोग निम्न-वोल्टेज परिपथ के लिए किया जाता है।

B. फ्यूज एक बार उपयोग होने वाला उपकरण है, जबकि परिपथ विच्छेदक को रीसेट करके पुनः उपयोग किया जा सकता है। ✓

C. ट्रिपिंग के बाद फ्यूज को रीसेट किया जा सकता है, जबकि परिपथ विच्छेदक को बदलना पड़ता है।

D. फ्यूज एक यांत्रिक उपकरण है, जबकि परिपथ विच्छेदक एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है।

Q7 Part B

इंजीनियरी ड्राइंग में, बिना किसी मोटाई वाले गतिमान बिंदु के पथ रूप में किसे परिभाषित किया जाता है?

A. बिंदु

B. कोण

C. वक्र

D. रेखा ✓

Q8 Part B

बेहतर यथार्थता के लिए किसी कार्यवस्तु की वक्रता की जाँच करने हेतु अर्धव्यास मापी (radius gauge) के साथ किस औजार का उपयोग किया जा सकता है?

A. पत्ती प्रमापी (Feeler gauge) ✓

B. पृष्ठ पट्टिका (Surface plate)

C. बेवेल प्रोट्रेक्टर (Bevel protractor)

D. माइक्रोमीटर (Micrometer)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 Part B

तार गेज (wire gauge) के उपयोग के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प **गलत** है?

A. यह तार के व्यास को मापता है।

B. यह तार की धारा वहन क्षमता को निर्धारित करने में मदद नहीं करता है। ✓

C. गलत तार गेज का उपयोग करने से उपकरण एवं इलेक्ट्रॉनिक युक्तियां क्षतिग्रस्त हो सकती हैं।

D. इसका उपयोग विद्युत संस्थापनों, वेल्डिंग और अन्य अनुप्रयोगों में किया जाता है।

Q10 Part B

यदि किसी पदार्थ का रैखिक प्रसार गुणांक $2 \times 10^{-5}\ °C^{-1}$ है, तो इसका क्या अर्थ है?

A. पदार्थ प्रति डिग्री सेल्सियस अपने मूल आयतन से 2×10^{-5} गुना फैलता है।

B. पदार्थ प्रति डिग्री सेल्सियस अपने मूल क्षेत्रफल से 2×10^{-5} गुना फैलता है।

C. पदार्थ प्रति डिग्री सेल्सियस अपनी मूल लंबाई से 2×10^{-5} गुना फैलता है। ✓

D. ताप में 1°C की वृद्धि होने पर पदार्थ हमेशा 2×10^{-5} kg बढ़ता है।

Q11 Part B

CNC मशीन में फीडबैक सिस्टम का प्राथमिक कार्य क्या है?

A. यह ट्रांसड्यूसर और सेंसरों से स्वतंत्र रूप से प्रचालित होता है।

B. यह बाहरी संकेतों के बिना कटिंग टूल के संचलन को नियंत्रित करता है।

C. यह कटिंग टूल की स्थिति और चाल को मापता है और उसे मॉनीटर करता है। ✓

D. यह वास्तविक स्थिति से मेल खाने के लिए निर्देश संकेतों को समायोजित करता है।

Q12 Part B

पेंच प्रमापी में, 'पेंच की लीड (lead of a screw)' पद को किसके द्वारा परिभाषित किया जाता है?

A. पेंच के व्यास

B. वह दूरी जो पेंच एक पूर्ण फेरे में अक्षीय रूप से तय करता है ✓

C. उस सामग्री द्वारा जिससे पेंच बनाया जाता है

D. पेंच पर चूड़ियों की संख्या

Q13 Part B

_____ छेनी का उपयोग बेयरिंग में तेल का खांचा बनाने और कोनों पर स्लिट काटने के लिए किया जाता है।

A. अनुप्रस्थ काट (cross cut)

B. चपटी (flat)

C. गोलमुख (round nose) ✓

D. साइड कट (side cut)

Q14 Part B

रिवेट भागों के सही संयोजन की पहचान कीजिए।

A. हैड, शैंक की बेलनाकार बॉडी, थोड़ी पतली पुच्छ (Head, cylindrical body of shank, a slightly tapered tail) ✓

B. बॉटम फुलर, शैंक, हॉर्न (Bottom fuller, shank, horn)

C. अन्विल, स्टॉक, टॉप फुलर (Anvil, stock, top fuller)

D. हार्डी होल, चिपिंग ब्लॉक, प्रिटचेल होल (Hardie hole, chipping block, pritchel hole)

Q15 Part B

मिलिंग मशीन में आधार (base) का प्राथमिक कार्य क्या है?

A. मोटर और ड्राइव को टिकाता है

B. वर्क टेबल और फ़ीड को होल्ड करता है

C. पुर्जों के लिए नींव के रूप में कार्य करता है ✓

D. स्पिंडल और टूल को सहारा प्रदान करता है

Q16 Part B

किसी मशीन की मरम्मत करते समय यदि कोई टूटा हुआ हिस्सा बदला जाना है तथा एक नए हिस्से की आवश्यकता है, तो _____ गुण महत्वपूर्ण है। नया हिस्सा तभी लगाया जा सकता है, जब वह यथार्थ रूप से समान माप का हो।

A. सह्यता (tolerance)

B. व्यतिकरण (interference)

C. अंतर्विनिमेयता (interchangeability) ✓

D. अलाउंस (allowance)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा कटिंग पैरामीटर, औजार के जीवन को सबसे अधिक प्रभावित करता है?

- A. प्रभरण दर और कट की गहराई की तुलना में पृष्ठ की चाल, औजार के निघर्षण को अधिक प्रभावित करती है। ✓
- B. पृष्ठ की चाल से अधिक, प्रभरण दर और कट की गहराई औजार के निघर्षण को समान रूप से प्रभावित करते हैं।
- C. पृष्ठ की चाल और प्रभरण दर की तुलना में कट की गहराई, औजार के निघर्षण को अधिक प्रभावित करती है।
- D. पृष्ठ की चाल और कट की गहराई की तुलना में प्रभरण दर, औजार के निघर्षण को अधिक प्रभावित करती है।

Q18 Part B

CNC टर्निंग सेंटर में टरेट (turret) का प्राथमिक कार्य क्या है?

- A. कई औजारों को सक्रिय स्थिति में माउंट करना और घुमाना ✓
- B. मशीनिंग प्रक्रिया के लिए स्थायी आधार प्रदान करना
- C. मशीनिंग के दौरान कार्यवस्तु की विमाओं को मापना
- D. मशीनिंग के दौरान कार्यवस्तु को पकड़ना और घुमाना

Q19 Part B

दो कवर-स्ट्रैप युक्त ट्रिपल-रिवेटेड बट जोड़ (triple-riveted butt joint) का उपयोग _____ के लिए किया जाता है।

- A. त्रिज्य जोड़ (radial joint)
- B. परिधीय जोड़ (circumferential joint)
- C. अनुदैर्ध्य जोड़ (longitudinal joint) ✓
- D. कोण जोड़ (angle joint)

Q20 Part B

टैपिंग (Tapping), _____ है।

- A. पहले से ड्रिल किए गए छेद की ज्यामिति और फिनिश को सुधारने और आकार देने की प्रक्रिया
- B. एक छेद में आंतरिक चूड़ियाँ काटने की प्रक्रिया ✓
- C. कार्यवस्तुओं पर सपाट पृष्ठों की मशीनिंग की प्रक्रिया
- D. छेद के लिए शुंडाकार प्रवेश द्वार प्रदान करने की प्रक्रिया

Q21 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा पंच मार्क, विभाजक बिंदु की शुद्ध स्थिति और सुस्थापन के लिए उपयोग किया जाता है?

- A. 120° के प्रिक पंच मार्क
- B. 30° के प्रिक पंच मार्क ✓
- C. 30° के सेंटर पंच मार्क
- D. 60° के सेंटर पंच मार्क

Q22 Part B

बेवल गेज (bevel gauge) के ब्लेड को उपयोग के बाद साफ़ क्यों किया जाना चाहिए?

- A. यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह उपयोग में नम्य बना रहे
- B. इसे नया दिखाने के लिए
- C. जंग लगने को रोकने और परिशुद्धता बनाए रखने के लिए ✓
- D. इसे बहुउद्देशीय टूल/गेज बनाने के लिए

Q23 Part B

स्लॉट मशीन की स्ट्रोक लंबाई को चालन क्रियाविधि में किस प्रकार समायोजित किया जाता है?

- A. कनेक्टिंग लिंक की लंबाई समायोजित करके
- B. खांचित लिंक पर संतुलन भार को बदलकर
- C. खांचित लिंक (slotted link) पर सर्पी ब्लाक की स्थिति परिवर्तित करके ✓
- D. गियर से जुड़ी मोटर की चाल को बदलकर

Q24 Part B

मध्यम-लेपित इलेक्ट्रोडों के लिए लेपन कारक परास (coating factor range) क्या है?

- A. 1.6 से 2.2
- B. 1.25 से 1.3
- C. 1.1 से 1.2
- D. 1.4 से 1.5 ✓

Q25 Part B

_____ का उपयोग बाह्य पृष्ठ की मशीनिंग के लिए पहले से ड्रिल किए गए या बोर किए गए छिद्रों को बनाए रखने के लिए किया जाता है।

- A. आधार (Rests)
- B. वाहकों (Carriages)
- C. खराद मेंड्रल (Lathe mandrels) ✓
- D. खराद कैरियर (Lathe carriers)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q26 Part B

लेड एसिड बैटरी (Lead Acid battery) की चार्जिंग प्रक्रिया के दौरान बैटरी में होने वाला रासायनिक प्रभाव क्या होता है?

- A. लेड सल्फेट लेड और सल्फ्यूरिक अम्ल में विघटित हो जाता है ✓
- B. लेड, सल्फर के साथ अभिक्रिया करके लेड सल्फेट बनाता है
- C. सल्फ्यूरिक अम्ल हाइड्रोजन और सल्फेट आयनों में वियोजित हो जाता है
- D. जल का हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में वियोजन होता है

Q27 Part B

वेल्डिंग में रूटाइल इलेक्ट्रोड का प्राथमिक लाभ क्या है?

- A. ये वेल्डिंग प्रक्रिया के दौरान न्यूनतम ऊष्मा उत्पन्न करते हैं।
- B. ये उच्च-शक्ति वेल्डिंग के लिए गभीर अन्तर्वेशन उत्पन्न करते हैं।
- C. ये उत्तम वेल्ड साइज और आसान धातुमल निष्कर्षण प्रदान करते हैं। ✓
- D. ये उच्च-कार्बन स्टील की वेल्डिंग के लिए उपयुक्त होते हैं।

Q28 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा शैफ्ट, मशीन शैफ्ट का उदाहरण है?

- A. काउंटर शैफ्ट
- B. ओवरहेड शैफ्ट
- C. क्रैंक शैफ्ट ✓
- D. लाइन शैफ्ट

Q29 Part B

तांबे का समय के साथ हरा हो जाने का मुख्य कारण क्या है?

- A. वायु से नाइट्रोजन का अवशोषण
- B. हाइड्रोजन भंगुरता
- C. यूवी प्रकाश के साथ अभिक्रिया
- D. ऑक्साइड परत का निर्माण ✓

Q30 Part B

शीट के समाकर्तित आकारों की सही लंबाई और चौड़ाई का मिलान कीजिए।

पद (Designation)	समाकर्तित आकार (Trimmed size)
A. A0	P. 297 × 420
B. A1	Q. 420× 594
C. A2	R. 594 × 841
D. A3	S. 841 × 1189

- A. A - S, B - R, C - Q, D - P ✓
- B. A - P, B - R, C - Q, D - S
- C. A - S, B - R, C - P, D - Q
- D. A - R, B - S, C - Q, D - P

Q31 Part B

एक उपकरण 240 V पर प्रचालित होता है और 480 W विद्युत की खपत करता है। उपकरण से प्रवाहित होने वाली धारा कितनी है?

- A. 2.5 A
- B. 1 A
- C. 1.5 A
- D. 2 A ✓

Q32 Part B

टेलीस्कोपिक गेज (telescopic gauge) का उपयोग करते समय निम्नलिखित में से कौन-सा सही पद्धति **नहीं** है?

- A. किसी खुरदरे या गंदे बोर को बिना साफ किए मापना ✓
- B. यथार्थता के लिए कई बिंदुओं पर मापन
- C. गेज को बोर से निकालने से पहले उसे लॉक कर देना
- D. गेज के विस्तारित आमाप को मापने के लिए माइक्रोमीटर का उपयोग करना

Q33 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सी अधातु प्राकृतिक रूप से काली होती है?

- A. ग्रेफाइट ✓
- B. स्फटिक
- C. सिलिकॉन
- D. ऐलुमिना

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q34 Part B

अपशिष्ट क्या है?

A. कृषि के लिए बहुमूल्य पदार्थ

B. अवांछित या अनुपयोगी पदार्थ ✓

C. उद्योगों के लिए उपयोगी पदार्थ

D. जीवधारियों के लिए प्राकृतिक संसाधन

Q35 Part B

चर्मलता (toughness) मापन में 'मेरिट नंबर (merit number)' का उपयोग किसके लिए किया जाता है?

A. किसी सामग्री की प्रत्यास्थता को मापने

B. किसी सामग्री का घनत्व निर्धारित करने

C. कठोरता का मापांक ज्ञात करने

D. विभिन्न सामग्रियों की तुलना करने ✓

Q36 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा, शक्ति नियंत्रण अनुप्रयोगों में थाइरिस्टर का उपयोग करने का प्रमुख लाभ है?

A. निम्न वोल्टेज हैंडलिंग क्षमताएँ

B. छोटा आकार और निम्न लागत

C. उच्च दक्षता और निम्न शक्ति ह्रास ✓

D. उच्च आवृत्ति स्विचिंग

Q37 Part B

CNC मशीनिंग केंद्रों में संघट्ट के जोखिम को कम करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा प्रभावी तरीका है?

A. स्पिंडल की चाल को अनुशंसित सीमा से अधिक बढ़ाना

B. मैन्युअल डेटा प्रविष्टि और मानवीय हस्तक्षेप को कम करना ✓

C. प्रक्रिया को मॉनीटर किए बिना निम्न लागत वाले टूल का उपयोग करना

D. छोटी-मोटी टक्करों के बाद मशीन एलाइनमेंट की उपेक्षा करना

Q38 Part B

औद्योगिक अपशिष्ट के लिए उचित निपटान प्रक्रियाओं का पालन करना क्यों महत्वपूर्ण है?

A. आवश्यक कचरा डिब्बों की संख्या को कम करने के लिए

B. अपशिष्ट को कहीं भी विघटित होने देने के लिए

C. कचरे के वर्गीकरण में लगने वाले समय और आयास को बचाने के लिए

D. पर्यावरण नियमों का पालन करने के लिए तथा प्रदूषण को कम करने के लिए ✓

Q39 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सी बेल्ट अम्ल रोधी और जल रोधी है और जन्तु तेल या क्षार से प्रभावित **नहीं** होती है?

A. बालाटा बेल्ट (Balata belts) ✓

B. सूती या कपड़े की बेल्ट (Cotton or fabric belts)

C. रबर की बेल्ट (Rubber belts)

D. चमड़े की बेल्ट (Leather belts)

Q40 Part B

निम्नलिखित में से कौन-से कथन ड्राइंग शीट पर अभिविन्यास चिह्नों के स्थानन और उद्देश्य का सही वर्णन करते हैं?

1. ड्राइंग बोर्ड पर सही अभिविन्यास को इंगित करने के लिए ड्राइंग शीट के दो विपरीत कोनों पर अभिविन्यास चिह्न लगाए जाते हैं।
2. अभिविन्यास चिह्नों में फ्रेम के आर-पार रखे गए तीर के सिरे होते हैं, जिनमें से एक छोटे पक्ष और दूसरा लंबे पक्ष पर होता है, जो केंद्र चिह्नों के साथ संपाती होता है।
3. अभिविन्यास चिह्नों में से एक सदैव ड्राफ्ट्समैन की ओर इंगित करता है, जो उस दिशा को इंगित है जिसमें ड्राइंग शीट लगाई जानी चाहिए।
4. सटीक केंद्रीकरण के लिए ड्राइंग शीट के प्रत्येक पक्ष के मध्य बिंदु को चिह्नित करने के लिए अभिविन्यास चिह्नों का उपयोग किया जाता है।

A. केवल 1, 2 और 4

B. केवल 1, 2 और 3

C. केवल 1 और 4

D. केवल 2 और 3 ✓

Q41 Part B

वर्कशॉप में ड्रिलिंग मशीन को एक महत्वपूर्ण मशीन टूल क्यों माना जाता है?

A. यह कई कार्य कर सकता है और कुशलतापूर्वक छिद्र बनाता है। ✓

B. इसका उपयोग मुख्य रूप से धातु की शीटों को वांछित रूप देने के लिए किया जाता है।

C. यह मुख्य रूप से विभिन्न मशीनों के लिए कर्तन टूल को तीक्ष्ण करता है।

D. यह उच्च चाल पर धातु के पुर्जों पर सतह फिनिश तैयार करता है।

Q42 Part B

2-अक्ष CNC मशीन में द्रवचालित तंत्र का प्राथमिक कार्य क्या है?

A. कार्यवस्तु का चकन (Chucking) और उसे अपने स्थान पर पकड़े रखना ✓

B. ऑपरेशन के दौरान कर्तन औजार का शीतलन

C. मशीनिंग के लिए स्पिंडल चाल को नियंत्रित करना

D. निघर्षण कम करने के लिए मशीन घटकों का स्नेहन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q43 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा एक मूल मात्रक है?

A. वॉट

B. पास्कल

C. मीटर ✓

D. न्यूटन

Q44 Part B

इंजीनियरिंग ड्राइंग (अक्षर लेखन और संख्यांकन) में, एकल स्ट्रोक का अर्थ है कि _____।

A. अक्षर या संख्या की रेखा की मोटाई पेंसिल के दो स्ट्रोक में प्राप्त की जाती है

B. अक्षर या संख्या की रेखा की मोटाई पेंसिल के एक स्ट्रोक में प्राप्त की जाती है ✓

C. अक्षर या संख्या की रेखा की मोटाई पेंसिल के तीन स्ट्रोक में प्राप्त की जाती है

D. अक्षर या संख्या की रेखा की मोटाई पेंसिल के किसी भी स्ट्रोक में प्राप्त नहीं होती है

Q45 Part B

CNC मशीन में, Z-अक्ष के अनुदिश स्पिंडल का संचलन मुख्य रूप से किसके लिए उत्तरदायी होता है?

A. कर्तन प्रचालनों के लिए टूल को ऊपर उठाने या नीचे करने के लिए ✓

B. ऑपरेटर के सापेक्ष टूल को आगे और पीछे ले जाने के लिए

C. वर्कपीस को निर्देशांक प्रणाली के साथ संरेखित करने के लिए उसे घुमाने के लिए

D. XY तल में वर्कपीस को बाएं और दाएं स्थानांतरित करने के लिए

Q46 Part B

यदि किसी मशीन की दक्षता 80% है, तो इसका क्या अर्थ है?

A. मशीन में इनपुट की 20% हानि होती है। ✓

B. मशीन का वेग अनुपात और यांत्रिक लाभ दोनों 80 के बराबर होते है।

C. मशीन इनपुट से ज़्यादा आउटपुट देती है।

D. मशीन को इनपुट ऊर्जा में कोई हानि नहीं होती है।

Q47 Part B

भारत द्वारा खतरनाक अपशिष्ट के निपटान और प्रहस्तन को विनियमित करने के लिए खतरनाक अपशिष्ट (प्रबंधन तथा प्रहस्तन) नियमावली कब लागू किया गया?

A. 1987

B. 2000

C. 1989 ✓

D. 1982

Q48 Part B

पीजोइलेक्ट्रिक (piezoelectric) डिवाइस में विद्युत ऊर्जा के उत्पादन के लिए प्राथमिक सिद्धांत क्या है?

A. यांत्रिक प्रतिबल का विद्युत ऊर्जा में रूपांतरण ✓

B. तापीय ऊर्जा का विद्युत ऊर्जा में रूपांतरण

C. रासायनिक ऊर्जा का विद्युत ऊर्जा में रूपांतरण

D. प्रकाश ऊर्जा का विद्युत ऊर्जा में रूपांतरण

Q49 Part B

CNC खरादन मशीन औजारों में औजार टूटने का संभावित कारण क्या है?

A. रुक्ष मशीनिंग के लिए औजार सामग्री का उचित चयन

B. आवश्यकता से कम स्पिंडल चाल वाले औजार का उपयोग करना

C. उच्च दाब पर लगातार शीतलक का उपयोग करना

D. अनुमेय सीमा से परे अत्यधिक कर्तन गहराई ✓

Q50 Part B

निम्नलिखित में से किस प्रकार के वुडन मैलेट का उपयोग, सामान्य प्रयोजन के कार्य जैसे कि चिपटा करने और बंकन के लिए किया जाता है?

A. साइड-फेक्ड मैलेट (Side-faked mallets)

B. स्टैंडर्ड वुडन मैलेट (Standard wooden mallets) ✓

C. इंड-फेक्ड मैलेट (End-faked mallets)

D. बॉसिंग मैलेट (Bossing mallets)

Q51 Part B

जब किसी जॉब के होल या फीमेल पार्ट की आमाप, शैफ्ट या मेल पार्ट से अधिक होती है, तो दोनों के बीच अंतर को _____ के रूप में जाना जाएगा।

A. या तो धनात्मक या ऋणात्मक छूट

B. न तो धनात्मक और न ही ऋणात्मक छूट

C. ऋणात्मक छूट

D. धनात्मक छूट ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q52 Part B

ग्राइंडिंग व्हील का 'ग्रेड (Grade)' क्या इंगित करता है?

A. ग्रिट (grit) का आकार और अपघर्षक का प्रकार

B. प्रयुक्त आबंधन सामग्री का प्रकार

C. व्हील की चाल और पावर रेटिंग

D. आबंध की सामर्थ्य और व्हील की कठोरता ✓

Q53 Part B

इलेक्ट्रॉनिक डिजिटल कैलीपर का डिजिटल इंटरफ़ेस _____ मापन रिकॉर्ड की विश्वसनीयता में सुधार करता है।

A. मैन्युअल डेटा प्रविष्टि की आवश्यकता को समाप्त करके

B. सांख्यिकीय नियंत्रण प्रणाली से सीधे कनेक्शन की अनुमति देकर ✓

C. रीडिंग की एक श्रृंखला के लिए सुरक्षित भंडारण प्रदान करके

D. मापयंत्र को सीमा प्रमापी के रूप में उपयोग करने में सक्षम बनाकर

Q54 Part B

इंजीनियरी ड्राइंग में किसी विशिष्ट लंबाई की वक्रित रेखा खींचते समय, सटीकता सुनिश्चित करने के लिए कौन-सा उपकरण (tool) सबसे उपयुक्त होता है?

A. चांदा (Protractor)

B. परकार (Compass)

C. फ्रेंच वक्र (French curve) ✓

D. स्ट्रेटएज (Straightedge)

Q55 Part B

इंजीनियरी ड्राइंग में पेंसिलों को _____ के आधार पर रेटिंग दी जाती है।

A. लेड के रंग

B. लेड के आकार

C. लेड के टिकाऊपन

D. लेड की कठोरता या मृदुता ✓

Q56 Part B

स्क्राइब्ड (scribed) रेखाओं पर गभीर साक्ष्य चिह्न (witness mark) बनाने तथा ड्रिल को सही तरीके से शुरू करना आसान बनाने के लिए निम्नलिखित में से किस पंच (punch) का उपयोग किया जाता है?

A. सेंटर पंच (Centre punch) ✓

B. सॉलिड पंच (Solid punch)

C. प्रिक पंच (Prick punch)

D. पिन पंच (Pin punch)

Q57 Part B

निम्नलिखित में से हैमर-हेड का कौन-सा भाग, रिवेटन और बंकन जैसे कार्यों के लिए रूपण और संभवन के लिए उपयोग किया जाता है?

A. आइहोल (Eyehole)

B. फ़ेस (Face)

C. पीन (Pein) ✓

D. चीक (Cheek)

Q58 Part B

वर्नियर कैलिपर में वर्नियर पैमाने के पीछे का सिद्धांत क्या है?

A. किसी ज्ञात लंबाई को निश्चित संख्या में बराबर विभाजनों में विभाजित करना

B. मुख्य पैमाने के पाठ्यांक को गुणा करना

C. मुख्य पैमाना पाठ्यांक से वर्नियर पैमाना पाठ्यांक घटाना

D. मुख्य पैमाने और सहायक पैमाने के पाठ्यांकों को जोड़ना ✓

Q59 Part B

बहु आरम्भी चूड़ियों (multiple start threads) में, लीड (lead) और पिच (pitch) के बीच का संबंध निम्नलिखित में से किसके द्वारा दिया जाता है?

A. लीड सदैव पिच से कम होती है।

B. लीड सदैव पिच से अधिक होती है। ✓

C. लीड, पिच के बराबर होती है।

D. उनके बीच कोई संबंध नहीं होता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q60 Part B

लेथ (lathe) पर बड़े पैमाने पर उत्पादन के दौरान कम लंबाई के टेपर बनाने के लिए कौन-सी विधि सबसे उपयुक्त है?

A. संगत प्रभरण के लिए शुंडाकार खरादन संलग्नी का नियोजन करना

B. कार्य अक्ष के समकोण पर सेट किए गए प्ररूपण टूल का उपयोग करना ✓

C. वांछित कोण पर सेट किए गए कंपाउंड रेस्ट का उपयोग करना

D. टेपर प्राप्त करने के लिए टेलस्टॉक को ऑफसेट करना

Q61 Part B

सीमा प्रणाली में, छूट और विचलन के बीच अंतर यह है कि _____।

A. छूट, मेली अवयवों की अधिकतम सामग्री सीमाओं के बीच का अंतर होता है, जबकि विचलन एक साइज़ और संगत बेसिक साइज़ के बीच का अंतर होता है ✓

B. छूट सदैव धनात्मक होती है, जबकि विचलन धनात्मक या ऋणात्मक हो सकता है

C. छूट का उपयोग एकल अवयवों के लिए किया जाता है, जबकि विचलन का उपयोग समन्वायोजनों के लिए किया जाता है

D. छूट एक साइज़ और संगत बेसिक साइज़ के बीच का अंतर होता है, जबकि विचलन मेली अवयवों की अधिकतम सामग्री सीमाओं के बीच का अंतर होता है

Q62 Part B

निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?

कथन I - अनीलन प्रक्रम, कठोरता को कम करने और विभिन्न स्टील्स, कच्चा लोहा और मिश्र धातुओं की तन्यता और चर्मलता को बढ़ाने के लिए ऊष्मा का उपयोग करती है।

कथन II - शमन एक शीघ्र शीतलन प्रक्रिया है जो शीतलन दर में बदलाव करके पढ़ार्थों के विशिष्ट गुणों को बदल देती है।

A. कथन (I) गलत है जबकि कथन (II) सही है।

B. कथन (I) और (II) दोनों सही हैं। ✓

C. कथन (I) सही है जबकि कथन (II) गलत है।

D. कथन (I) और (II) दोनों गलत हैं।

Q63 Part B

जब शैफ्ट का आमाप कम और छिद्र का आमाप अधिक होता है, तो दोनों के बीच के अंतर को क्या कहा जाता है?

A. सह्यता (tolerance)

B. मुक्तांतर (clearance) ✓

C. व्यतिकरण (interference)

D. विचलन (deviation)

Q64 Part B

मानक खराद केंद्र (standard lathe centre) की नोक (tip) का अंतर्गत कोण _____ होता है।

A. 60° ✓

B. 30°

C. 90°

D. 45°

Q65 Part B

प्रकाशिक उत्तापमापी (optical pyrometer) क्या मापता है?

A. पृष्ठ का तापमान ✓

B. गैसों का दाब

C. द्रवों का आयतन

D. द्रवों का आपेक्षिक घनत्व

Q66 Part B

IS:1360-1989 के अनुसार T1 'T' स्क्वायर की ब्लेड की लंबाई कितनी होती है?

A. 500 mm

B. 1500 mm

C. 1000 mm ✓

D. 700 mm

Q67 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा p-प्रकार के अर्धचालक का उदाहरण है?

A. फॉस्फोरस से अपमिश्रित किया गया जर्मेनियम

B. बोरॉन से अपमिश्रित किया गया सिलिकॉन ✓

C. फॉस्फोरस से अपमिश्रित किया गया सिलिकॉन

D. आर्सेनिक से अपमिश्रित किया गया सिलिकॉन

Q68 Part B

शैफ्ट पर चाबी-खांचा (Key way) एक _____ छेनी से बनाया जाता है।

A. सपाट (flat) ✓

B. अनुप्रस्थ काट (cross cut)

C. गोलमुख (round nose)

D. पार्श्व कटान (side cut)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q69 Part B

_____ एक धातु निष्कासन प्रक्रिया है जिसमें अपघर्षक पेषण पहिये (GW) का उपयोग किया जाता है जिसके कर्तन अवयव, उच्च कठोरता और उच्च अपवर्तकता वाले अपघर्षक पदार्थों के कण होते हैं।

A. टेपर टर्निंग (Taper turning)

B. ग्राइंडिंग (Grinding) ✓

C. स्टेप टर्निंग (Step turning)

D. बोरिंग (Boring)

Q70 Part B

प्रोट्रैक्टर (protractor) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

कथन:

1. प्रोट्रैक्टर का उपयोग दोनों तरफ के कोण मापने के लिए किया जा सकता है।
2. प्रोट्रैक्टर सामान्यतः दृढ़ धातु सामग्री से बना होता है।

A. केवल कथन 1 सत्य है ✓

B. कोई भी कथन सत्य नहीं है

C. केवल कथन 2 सत्य है

D. दोनों कथन सत्य हैं

Q71 Part B

पट्टा चालन (belt drive) की तुलना में शृंखला-चालन (chain drive) का लाभ निम्नलिखित में से कौन-सा है?

A. शृंखला-चालन को परिशुद्ध माउंटिंग और सावधानीपूर्वक अनुरक्षण के साथ विशेष रूप से स्नेहन और श्लथ समायोजन की आवश्यकता होती है।

B. यह उच्च ट्रांसमिशन दक्षता प्रदान करता है। ✓

C. शृंखलाओं की उत्पादन लागत अपेक्षाकृत अधिक होती है।

D. शृंखला-चालन में वेग उच्चावचन होता है, विशेषकर जब इसे अनावश्यक रूप से खींचा जाता है।

Q72 Part B

स्लॉट मशीन पर धातु के चिप्स को साफ करने से पूर्व क्या किया जाना चाहिए?

A. मशीन को रोकने से पहले सहायता लें।


B. मशीन चालू करने से पहले क्लैम्प (clamps) को समायोजित करें।

C. नुकीले किनारों को नंगे हाथों से मजबूती से पकड़ें।

D. सफाई करने से पहले मशीन को पूरी तरह से स्टॉप कर दें। ✓

Q73 Part B

दी गई आकृति में प्रदर्शित पृष्ठ परिसज्जा प्रतीक क्या निरूपित करती है?



A. पृष्ठ को मशीनन के बिना छोड़ देना चाहिए

B. सामग्री को हटाना पूर्णतया प्रतिबंधित है

C. पृष्ठ को विशिष्ट परिसज्जा प्रक्रिया की आवश्यकता होती है


D. रूक्षता विवरण के बिना एक सामान्य मशीनन संकेत ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q74 Part B

नीचे दी गई चूड़ी (thread) के प्रकार को पहचान कीजिए।



A. V-चूड़ी (V-thread)


B. एक्मे चूड़ी (Acme thread) ✓

C. वर्गाकार चूड़ी (Square thread)

D. नकल चूड़ी (Knuckle thread)

Q75 Part B

नीचे दर्शाए गए ब्रेजित संधि (brazed joint) के प्रकार की पहचान करें।



A. स्ट्रैप्ड लैप (Strapped Lap)

B. जॉगल लैप (Joggle Lap)

C. बटेड फ्लैंज (Butted Flange)

D. सरल लैप (Simple Lap) ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q1 Part B

'चरम प्रतिबल' की SI मात्रक _____ है।

- A. पास्कल (Pa) ✓
- B. जूल प्रति वर्ग मीटर (J/m^2)
- C. न्यूटन प्रति मीटर (N/m)
- D. न्यूटन (N)

Q2 Part B

कारों में ट्रेडेड टायर क्यों होते हैं?

- A. भार कम करने के लिए
- B. घर्षण कम करने के लिए
- C. चाल बढ़ाने के लिए
- D. सड़क पर घर्षण और पकड़ में वृद्धि के लिए ✓

Q3 Part B

निम्नलिखित स्तंभों का मिलान कीजिए।

स्तंभ I स्तंभ II

कब्जा (Hinge) (A) नीचे की ओर प्रक्षेपित रेत द्रव्यमान का प्रतिबलन करना (P)

वेल्डिंग (Welding) (B) सपाट सतहों और जोड़ों की फिनिशिंग (Q)

करनी (Trowels) (C) स्थायी जोड़ (R)

गैगर (Gaggers) (D) चल जोड़ (S)

- A. A-S, B-R, C-Q, D-P ✓
- B. A-R, B-S, C-Q, D-P
- C. A-S, B-P, C-Q, D-R
- D. A-S, B-R, C-P, D-Q

Q4 Part B

10 m × 8 m माप वाले एक आयताकार फर्श पर टाइल लगाई जानी है। यदि प्रत्येक टाइल 0.25 m^2 को कवर करती है, तो कितनी टाइलों की आवश्यकता होगी?

- A. 320 ✓
- B. 250
- C. 200
- D. 300

Q5 Part B

ऐसे प्रोग्राम का वर्णन करने के लिए किस शब्द का उपयोग किया जाता है जो अपरकेस और लोअरकेस अक्षरों के बीच भेद करते हैं, उदाहरण के लिए, "yes" और "YES" को अलग-अलग इनपुट मानते हैं?

- A. केस सेंसिटिव ✓
- B. संख्यात्मक
- C. वर्णमाला
- D. केस-इनसेंसिटिव

Q6 Part B

विद्युत केबलों में परिरक्षण (shielding) का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

- A. केबल से होने वाली ऊष्मा हानि को रोकना
- B. केबल की वोल्टेज क्षमता (voltage capacity) को बढ़ाना
- C. केबल को बाह्य वैद्युतचुंबकीय व्यतिकरण से बचाना ✓
- D. केबल की धारावाही क्षमता को बढ़ाना

Q7 Part B ENGLISH

What is the primary purpose of employing a quick return mechanism in a slotting machine?

- A. To increase the cutting force of the ram
- B. To extend the duration of the cutting stroke
- C. To slow down the machine's overall operation
- D. To reduce the idle time during the return stroke ✓

Q8 Part B

कर्तन औजार पर पॉजिटिव टॉप रेक कोण (positive top rake angle) के लिए प्रवणता का अभिविन्यास क्या है?

- A. कर्तन कोर के सामने से टूल के पीछे की ओर ✓
- B. टूल के पीछे से कर्तन कोर के सामने की ओर
- C. कर्तन कोर के नीचे से टूल के शीर्ष की ओर
- D. टूल के शीर्ष से कर्तन कोर के नीचे की ओर

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा, कार्यशाला में प्रमुख विद्युत सुरक्षा सुझाव (tip) है?

A. विद्युत पैनलों को साफ करने के लिए जल का उपयोग करें

B. गीले हाथों से मशीनों को प्रचालित करें

C. यदि डिवाइस अभी भी कार्य कर रहा है तो घिसे हुए तारों की उपेक्षा करें

D. सुनिश्चित करें कि विद्युत उपकरण ठीक से ग्राउंडेड (grounded) है ✓

Q10 Part B

3-जॉ चक (3-jaw chuck) की तुलना में 4-जॉ चक (4-jaw chuck) का उपयोग करने का मुख्य दोष क्या है?

A. यह अंदर के पृष्ठ पर वर्क (work) को ग्रिप नहीं सकता है

B. यह केवल नियमित आकृति के जॉब (job) को होल्ड कर सकता है

C. यह कम सुरक्षित ग्रिप (grip) प्रदान करता है

D. इसे अधिक स्थिरण काल (setting time) की आवश्यकता होती है ✓

Q11 Part B

27°C को केल्विन पैमाने में परिवर्तित करने पर कौन-सा विकल्प सही होगा?

A. – 300 K

B. – 246 K

C. 300 K ✓

D. 246 K

Q12 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा, CNC मशीन औजारों में पुनः परिसंचारी बॉल स्क्रू प्रणाली (recirculating ball screw system) का उपयोग करने का एक लाभ है?

A. यह चिपक-सर्पण प्रभाव (stick-slip effect) को समाप्त करता है और इसमें उच्च दक्षता होती है। ✓

B. इसके लिए उच्च चालन शक्ति की आवश्यकता होती है और इससे तापमान में वृद्धि होती है।

C. इसमें उच्च घर्षण और प्रायिक निघर्षण होता है।

D. यह प्रतिरोध में वृद्धि और धीमी चंक्रम चाल (traverse speed) से प्रचालित होता है।

Q13 Part B

वन-पीस निर्माण के रूप में बने हैंड रीमर (hand reamers) के लिए सामान्यतः किस सामग्री का उपयोग किया जाता है?

A. उच्च चाल इस्पात ✓

B. ढलवाँ लोहा

C. उच्च कार्बन इस्पात

D. मृदु इस्पात

Q14 Part B

रिवेटेड जोड़ में, प्लेटों की दी गई मोटाई के लिए व्यास (d) _____ द्वारा दिया जाता है, जहाँ t = प्लेटों की मोटाई mm में है।

A. $d = 12\ (t)^{1/2}$

B. $d = 15\ (t)^{1/2}$

C. $d = 6\ (t)^{1/2}$ ✓

D. $d = 3.5\ (t)^{1/2}$

Q15 Part B

ट्विस्ट ड्रिल (twist drill) का घटक निम्नलिखित में से क्या **नहीं** है?

A. बॉडी (Body)

B. नेक (Neck) ✓

C. शैंक (Shank)

D. फ्लूट (Flutes)

Q16 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा, CNC लेथ में स्थिर टेक (steady rest) के टॉप सेक्शन (top section) का एक कार्य है?

A. यह कार्य-वस्तु को आसानी से हटाने के लिए निचले भाग से दूर दोलन (swing) करता है। ✓

B. यह खरादन (turning) के दौरान टेलस्टॉक के समरूप अक्षीय आधार प्रदान करता है।

C. यह घूर्णी गति को रोकने के लिए कार्यवस्तु को उसके स्थान पर लॉक कर देता है।

D. यह मशीनिंग बलों की क्षतिपूर्ति के लिए स्वतः समायोजित हो जाता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 Part B

त्रिज्या प्रमापी (radius gauge) का उपयोग करके किस प्रकार की पृष्ठों की जाँच की जा सकती है?

A. केवल सपाट पृष्ठ

B. केवल बाहरी वक्रीत पृष्ठ

C. केवल आंतरिक वक्रीत पृष्ठ

D. आंतरिक और बाहरी दोनों वक्रीत पृष्ठ ✓

Q18 Part B

_____, इंजीनियरिंग ड्राइंग में शीट आकार A0 और A1 के लिए 20 mm चौड़े मार्जिन का सुझाव देती/देता है।

A. भौगोलिक निर्देशांक पद्धति (Geographic coordinate systems)

B. ग्रिड संदर्भ पद्धति (Grid reference system)

C. बॉर्डर और फ्रेम: SP: 46 (2003) {Borders and frames: SP: 46 (2003)} ✓

D. कस्टम ग्रिड (Custom grids)

Q19 Part B

मार्किंग टेबल (marking table) के देखभाल और अनुरक्षण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **गलत** है?

A. उपयोग के बाद, मार्किंग टेबल को मुलायम कपड़े से साफ करना चाहिए।

B. मार्किंग टेबल के पृष्ठ पर तेल की पतली परत नहीं लगानी चाहिए। ✓

C. मार्किंग टेबल को क्षतिग्रस्त होने से बचाना चाहिए।

D. मार्किंग टेबल को जंग लगने से बचाना चाहिए।

Q20 Part B

संयुक्त सर्पी (compound slide) को भ्रामी (swiveling) करके शुंडाकार खरादन का निम्नलिखित में से कौन-सा एक लाभ है?

A. प्रचालन के दौरान स्वचालित फ़ीड की सुविधा देता है

B. आंतरिक और बाह्य दोनों शुंडाकार तैयार करने में सक्षम बनाता है ✓

C. शीर्ष सर्पी संचलन से परे शुंडाकार लंबाई की सुविधा देता है

D. शुंडाकार भाग पर चूड़ी बनाने के लिए उपयुक्त

Q21 Part B

CNC मशीन में अक्ष मोटरों (axes motors) का क्या उद्देश्य है?

A. मशीन के प्रत्येक अक्ष को अलग-अलग चलाना ✓

B. मशीन के कूलिंग सिस्टम को प्रचालित करना

C. गतिशील भागों को स्नेहन प्रदान करना

D. मशीन की स्पिंडल चाल को नियंत्रित करना

Q22 Part B

एक तर्क परिपथ में, तर्क गेट को क्रियान्वित करने के लिए तीन SPST (एक ध्रुवी एकक्षेपी) स्विच का उपयोग किया जाता है। स्विच श्रेणीक्रम में जुड़े होते हैं। यदि सभी स्विच बंद हैं तो परिपथ का आउटपुट कितना होगा?

A. 1 ✓

B. अपरिभाषित

C. 0

D. आउटपुट प्रयुक्त गेट के प्रकार पर निर्भर करेगा

Q23 Part B

निम्नलिखित में से किस कठोरता परीक्षण में कठोर इस्पात गेंद को इंडेंटर (indenter) के रूप में प्रयुक्त किया जाता है?

A. ब्रिनेल कठोरता परीक्षण (Brinell Hardness Test) ✓

B. रॉकवेल कठोरता परीक्षण (Rockwell Hardness Test)

C. नूप कठोरता परीक्षण (Knoop Hardness Test)

D. विकर्स कठोरता परीक्षण (Vickers Hardness Test)

Q24 Part B

जब आवश्यक बेल्ट तनाव अन्य तरीकों से प्राप्त नहीं किया जा सकता है, तो उच्च वेग अनुपात प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा फ्लैट बेल्ट ड्राइव (flat belt drive) प्रदान किया जाता है?

A. ओपन बेल्ट ड्राइव (Open belt drive)

B. आदर्श घिरनियों युक्त बेल्ट ड्राइव (Belt drive with idler pulleys) ✓

C. क्वार्टर टर्न बेल्ट ड्राइव (Quarter turn belt drive)

D. क्रॉस्ड या ट्विस्ट बेल्ट ड्राइव (Crossed or twist belt drive)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 Part B

समतल पृष्ठ पर परस्पर लंबवत रेखाएँ खींचने के लिए निम्नलिखित में से किस यंत्र का उपयोग किया जाता है?

A. बेवेल स्क्वायर (Bevel square)

B. ऋजु कोर (Straight edge)

C. ट्राय स्क्वायर (Try Square) ✓

D. वलयन मापनी (Folding rule)

Q26 Part B

_____ शून्य विचलन की रेखा है और मूल आमाप को निरूपित करती है।

A. अभिहित आमाप (Nominal size) ✓

B. शून्य रेखा (Zero line)

C. वास्तविक आमाप (Actual size)

D. टोलरेबल आमाप (Tolerable size)

Q27 Part B

ट्राई स्क्वायर द्वारा मापन की यथार्थता लगभग _____ होती है।

A. 0.001 mm प्रति 10 mm लंबाई

B. 0.02 mm प्रति 10 mm लंबाई

C. 0.002 mm प्रति 10 mm लंबाई ✓

D. 0.004 mm प्रति 10 mm लंबाई

Q28 Part B

प्राथमिक और द्वितीयक वैद्युतरासायनिक सेल के बीच मुख्य अंतर निम्नलिखित में क्या है?

A. प्राथमिक सेल को पुनः आवेशित किया जा सकता है, जबकि द्वितीयक सेल को पुनः आवेशित नहीं किया जा सकता।

B. द्वितीयक सेल प्राथमिक सेल की तुलना में अधिक ऊर्जा उत्पन्न करता है।

C. प्राथमिक और द्वितीयक सेल में कोई अंतर नहीं है।

D. प्राथमिक सेल को पुनः आवेशित नहीं किया जा सकता, जबकि द्वितीयक सेल को पुनः आवेशित किया जा सकता है। ✓

Q29 Part B

इंजीनियरिंग ड्राइंग में गैर-कार्यात्मक विमाओं (Non-Functional Dimensions - NF) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

कथन 1: गैर-कार्यात्मक विमाओं को बिना किसी सीमा के दिखाया जाता है, क्योंकि वे घटक या स्थान की कार्यक्षमता को प्रभावित नहीं करती हैं।
कथन 2: गैर-कार्यात्मक विमाओं का उपयोग विशिष्ट रूप से केवल संदर्भ उद्देश्यों के लिए किया जाता है और यह घटक या स्थान की असेंबली या प्रदर्शन को प्रभावित नहीं करती हैं।

A. केवल कथन 1 सत्य है

B. दोनों कथन सत्य हैं ✓

C. केवल कथन 2 सत्य है

D. कोई भी कथन सत्य नहीं है

Q30 Part B

खराद पर टेपर टर्निंग करते समय टेलस्टॉक ऑफसेट सेट करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी विधि वैध **नहीं** है?

A. सटीक मापन के लिए डायल परीक्षण सूचक का उपयोग करना

B. टेलस्टॉक बेस पर अंशांकित स्केल का उपयोग करना

C. अनुप्रस्थ सर्पक अंशांकित कॉलर वाले फीलर गेज (feeler gauge) का उपयोग करना

D. टूल होल्डर के कोण को मैन्युअल रूप से समायोजित करना ✓

Q31 Part B

रेखा मानक (line standard) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **गलत** है?

A. लंबन त्रुटि के अधीन होता है

B. विस्तृत परास में त्वरित माप देता है

C. दो उत्कीर्ण रेखाओं के बीच दूरी मापने के लिए उपयोग किया जाता है

D. रेखा की मोटाई के कारण अधिक परिशुद्ध होता है ✓

Q32 Part B

_____ लकड़ी और प्लास्टिक जैसी मृदु पदार्थों को काटने के लिए सबसे अच्छे तरीके से कार्य करते हैं।

A. द्वि-धात्विक ब्लेड (Bi-metal blades)

B. सूक्ष्म दंतुर ब्लेड (Fine-toothed blades)

C. उच्च कार्बन इस्पात ब्लेड (High-carbon steel blades)

D. स्थूल दंतुर ब्लेड (Coarse-toothed blades) ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q33 Part B

भारी पट्टा चालन (belt drive) का उपयोग _____ की पट्टा चाल पर बृहत् शक्तियों को ट्रांसमिट करने के लिए किया जाता है।

A. 15 m/s से 22 m/s के बीच

B. 10 m/s से 15 m/s के बीच

C. लगभग 10 m/s तक

D. 22 m/s से ऊपर ✓

Q34 Part B

बल फिट (force fit), _____ छूट प्रकार प्रदान करेगा।

A. धनात्मक

B. न तो धनात्मक और न ही ऋणात्मक

C. या तो धनात्मक या ऋणात्मक

D. ऋणात्मक ✓

Q35 Part B

0.025 µm के रुक्षता मान के लिए रुक्षता ग्रेड संख्या की पहचान कीजिए।

A. N4

B. N2

C. N3

D. N1 ✓

Q36 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प ईंधन उत्प्लाव से संबंधित प्रमुख जोखिम है?

A. उत्पादकता में वृद्धि

B. वेंटिलेशन (ventilation) की कम आवश्यकता

C. अग्नि का संकट और पर्यावरण प्रदूषण ✓

D. कार्यशाला के फर्श के लिए उचित स्नेहन

Q37 Part B

ऐसीटिलीन गैस को इसके गैसीय रूप में सिलेंडरों में 1 kg/cm^2 से अधिक दाब पर क्यों संग्रहित नहीं किया जाता है?

A. क्योंकि यह द्रव में संघनित हो जाता है और दक्षता कम कर देता है

B. क्योंकि यह सिलेंडर की सामग्री के साथ अभिक्रिया करता है और संक्षारण का कारण बनता है

C. क्योंकि यह अस्थायी हो जाता है और उच्च दाब में विस्फोटित हो सकता है ✓

D. क्योंकि यह अपनी ज्वलनशीलता का त्याग कर देता है और अप्रभावी हो जाता है

Q38 Part B

जब किसी चालक से विद्युत धारा प्रवाहित होती है, तो उसमें ऊष्मीय प्रभाव उत्पन्न होने का प्राथमिक कारण क्या है?

A. चालक आस-पास के वातावरण से ऊष्मा को अवशोषित करता है।

B. चालक में विद्युत क्षेत्र के कारण ऊष्मा उत्पन्न होती है।

C. इलेक्ट्रॉनों की गति के कारण ऊष्मा उत्पन्न होती है। ✓

D. प्रोटॉन की गति के कारण ऊष्मा उत्पन्न होती है।

Q39 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा, वर्नियर कैलिपर का घटक **नहीं** है?

A. मुख्य स्केल

B. एन्विल ✓

C. वर्नियर स्केल

D. लॉकिंग स्क्रू

Q40 Part B

जब समांतर व्यास वाले जॉब के एक साइड को काटकर, लेथ मशीन द्वारा उसके व्यास को कम करने के लिए पूरी तरह अथवा आंशिक रूप से टर्न किया जाता है, तो इसे _____ कहा जाता है।

A. चैम्फरिंग (chamfering)

B. नर्लन (knurling)

C. टेपर टर्निंग (taper turning)

D. टर्निंग (turning) ✓

Q41 Part B

स्लॉट मशीन के त्वरित प्रतिवर्ती यंत्रावली में अग्र स्ट्रोक और प्रतिवर्ती स्ट्रोक का चाल अनुपात कितना होता है?

A. 2 : 1

B. 2 : 3 ✓

C. 1 : 1

D. 3 : 2

Q42 Part B

निम्नलिखित में से कौन-से रूपांतरण, सही हैं?

A. 1 L = 1 dm^3 और 1 mL = 1 cm^3 ✓

B. 1 L = 1000 dm^3 और 1 mL = 1000 cm^3

C. 1000 L = 1 dm^3 और 1 mL = 1000 cm^3

D. 1000 L = 1 dm^3 और 1000 mL = 1 cm^3

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q43 Part B

चित्रीय ड्राइंग (Pictorial drawing) के लिए एक कथन और निष्कर्ष नीचे दिया गया है। उनके बीच तार्किक संबंध निर्धारित कीजिए।

कथन: चित्रीय ड्राइंग त्रि-विमीय होती हैं और किसी वस्तु का दृश्य निरूपण प्रदान करती हैं।

निष्कर्ष: इसलिए, चित्रीय ड्राइंग किसी पीस पार्ट (piece part) या घटक की आकृति का वर्णन करने के लिए उपयोगी होती हैं।

- A. निष्कर्ष, कथन का तार्किक रूप से अनुसरण करता है। ✓
- B. निष्कर्ष, कथन से असंबंधित है।
- C. निष्कर्ष, कथन का तार्किक रूप से अनुसरण नहीं करता है।
- D. निष्कर्ष आंशिक रूप से कथन द्वारा समर्थित है।

Q44 Part B

40 mm के मूल साइज़ वाले शैफ्ट में निष्कासन (clearance) के लिए 0.06 mm की छूट है। शैफ्ट का डिज़ाइन साइज़ कितना है?

- A. 39.94 mm ✓
- B. 40.06 mm
- C. 40.00 mm
- D. 39.04 mm

Q45 Part B

चादरों के निम्नलिखित पदों (designations) का मिलान, उनके लम्बाई और चौड़ाई में समाकर्तित आकारों से कीजिए।

पद समाकर्तित आकार

A) A0 P) 297 × 420
B) A1 Q) 420 × 594
C) A2 R) 594 × 841
D) A3 S) 841 × 1189

- A. A-Q ; B-R ; C-S ; D-P
- B. A-S ; B-R ; C-Q ; D-P ✓
- C. A-P ; B-R ; C-Q ; D-S
- D. A-S ; B-P ; C-Q ; D-R

Q46 Part B

निम्नलिखित में से कौन-सा, फ्लैट ड्रिल का एक अभिलक्षण है?

- A. इसमें विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए समानांतर और टेपर शैंक डिज़ाइन होता है।
- B. इसका उपयोग मुख्य रूप से उच्च दक्षता के साथ गभीर छिद्र ड्रिलिंग के लिए किया जाता है।
- C. चिप के सहज रूप से निष्कासन के लिए इसमें इसकी लंबाई के अनुदिश एक कुंडलित नाली होती है।
- D. इसका उत्पादन सस्ता होता है लेकिन चिप निष्कासन की क्षमता खराब होती है। ✓

Q47 Part B

आघातवर्धनीयता किस प्रकार के औद्योगिक अनुप्रयोग के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है?

- A. चादरी धातु संविरचन ✓
- B. कर्तन टूल विनिर्माण
- C. तार विनिर्माण
- D. बेयरिंग उत्पादन

Q48 Part B

BS मानकों के अनुसार, पर्यावरण प्रबंधन कोड क्या है?

- A. BS ISO 45001
- B. BS EN ISO 14001 ✓
- C. BS EN ISO/IEC 27001
- D. BS EN ISO 9001

Q49 Part B

ऑफ़सेट पेज में ऑफ़सेट डेटा दर्ज करते समय पहला चरण क्या है?

- A. सेटिंग्स को इनेबल करने से पहले वर्क ऑफसेट मान को एडजस्ट करना
- B. टूल ऑफसेट मान को सीधे इनपुट करना
- C. फ़ंक्शन (function) कुंजी प्रेस करना ✓
- D. सबसे पहले टूल वियर ऑफसेट मान दर्ज करना

Q50 Part B

180 डिग्री से अधिक के कोण को _____ कहा जाता है।

- A. प्रतिवर्त कोण (reflex angle) ✓
- B. अधिक कोण (obtuse angle)
- C. समकोण (right angle)
- D. न्यून कोण (acute angle)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q51 Part B

वाहन सड़क परीक्षण कराने का मुख्य कारण क्या है?

- A. यह सुनिश्चित करने के लिए कि वाहन सुरक्षित और उचित प्रकार से कार्य कर रहा है ✓
- B. ईंधन दक्षता बढ़ाने के लिए
- C. निरीक्षणों की आवश्यकता से बचने के लिए
- D. यह जांचने के लिए कि वाहन कितनी तेजी से चल सकता है

Q52 Part B

_____ एक मापन युक्ति है, जिसमें किसी जॉब की माप को निर्धारित करने के लिए दो पृथक मापन यंत्र स्केल के बीच के अंतर का उपयोग होता है।

- A. वर्नियर माइक्रोमीटर का सिद्धांत
- B. वर्नियर कैलिपर या माइक्रोमीटर का सिद्धांत
- C. न तो वर्नियर कैलिपर का सिद्धांत और न ही माइक्रोमीटर का सिद्धांत
- D. वर्नियर कैलिपर का सिद्धांत ✓

Q53 Part B

निम्नलिखित में से किस स्क्रूड्राइवर में क्रॉस-आकृति की युक्तियाँ होती हैं जिनके फिलिप्स रिसेस्ड हेड स्क्रू में क्रूसिफ़ॉर्म खांचे से स्लिप होने की संभावना नहीं होती है?

- A. रैचेट स्क्रूड्राइवर (Ratchet screwdriver)
- B. ऑफ़सेट स्क्रूड्राइवर (Offset screwdriver)
- C. क्रॉस-रिसेस स्क्रूड्राइवर (Cross-recess screwdriver) ✓
- D. स्टम्पी स्क्रूड्राइवर (Stumpy screwdriver)

Q54 Part B

3-जबड़ा चक (3-jaw chuck) वाली लेथ मशीन में, जबड़े किस प्रकार संचलित होते हैं?

- A. व्यष्टिगत लीवर का उपयोग करके स्वतंत्र रूप से
- B. वायुचालित दाब द्वारा
- C. चुंबकीय बल द्वारा
